ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

रांची का तापमान
कांके: अधिक. 33.0° न्यून. 23.0°
रांची: अधिक. 34.0° न्यून. 23.5°

रांची, शनिवार
31 मई 2025
वर्ष-26, अंक-118, पृष्ठ-12

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पेज 12



## एक नजर

### 'नीट पीजी परीक्षा एक पाली में आयोजित करें'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन (एनबीई) को निर्देश दिया है कि वह नीट पीजी की परीक्षा दो शिफ्ट में नहीं ले। इस परीक्षा को एक ही शिफ्ट में आयोजित करने का प्रबंध करे। यह आदेश जस्टिस विक्रमनाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने शुक्रवार को दिया। नीट पीजी की परीक्षा 15 जून 2025 को होने वाली है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दो शिफ्टों में परीक्षा आयोजित करना मनमाना फैसला है और इससे सबको समान अवसर नहीं मिलेंगे। दोनों शिफ्टों के प्रश्न पत्र एक ही किस्म के नहीं होंगे। ऐसे में परीक्षा एक ही शिफ्ट में होना उचित है।

### झारखंड की महिला की यूपी में सड़क हादसे में मौत

**जौनपुर।** यूपी के जौनपुर जिले में बक्सा थाना क्षेत्र के लखउवा हाईवे के पास शुक्रवार को एक प्राइवेट बस बेकाबू होकर पलट गई। इस हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गई और छह से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे में झारखंड निवासी नेमा देवी की भी मौत हो गई। जिलाधिकारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटना में मरने वालों की पहचान बक्सा की रहने वाले विजय शर्मा की पत्नी संध्या शर्मा (60), झारखंड की रहने वाली नेमा देवी (60), बस कंडक्टर काली चरण (36), सुशीला यादव के रूप में हुई है। इसके अलावा, एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

### खाद्य पदार्थों में '100%' का दावा गुमराह करने वाला

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य पदार्थों की लेबलिंग में '100 प्रतिशत' शब्द के उपयोग के खिलाफ सख्त निर्देश जारी किया है। निर्देश के मुताबिक '100 प्रतिशत' शब्द के उपयोग को उपभोक्ताओं के लिए गुमराह करने वाला बताया है। शीर्ष खाद्य नियामक ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) से मौजूदा नियामक प्रावधानों के तहत इसकी अस्पष्टता और गलत व्याख्या की आशंका के कारण खाद्य लेबल, पैकेजिंग और प्रचार सामग्री पर इस शब्द का उपयोग करने से परहेज करने को कहा है।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप
**82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क
**+91 82923 73444**
कार्यकारी संपादक।






## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पत्नी संग केदारनाथ में की पूजा-अर्चना

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार की सुबह अपनी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन और दोनों बेटों के साथ बाबा केदारनाथ की पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समस्त झारखंडवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। ज्ञात हो कि गुरुवार को मुख्यमंत्री अपनी पत्नी और दोनों बेटों के साथ पूजा करने के लिए रांची से रुद्रप्रयाग स्थित केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुए थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शुक्रवार (30 मई 2025) की सुबह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का हेलीकॉप्टर ठीक 08:05 बजे केदारनाथ हेलीपैड पर उतरा। इसके बाद मुख्यमंत्री सोरेन अपने पूरे परिवार के साथ बाबा केदारनाथ के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर परिसर पहुंचे। मंदिर में पहुंचकर उन्होंने परिवार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न की। केदारनाथ धाम पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंदिर परिसर और आसपास की घाटी में फैले हिमालयी सौंदर्य का भरपूर आनंद लिया। हिमाच्छादित पर्वतों से घिरे इस तीर्थस्थल की दिव्यता और भव्यता ने मुख्यमंत्री सोरेन और उनके परिवार को अभिभूत कर दिया।

### 16वें वित्त आयोग की टीम के साथ मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों की हुई बैठक

# झारखंड ने मांगे 3,03,527.44 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड के चार दिवसीय दौरे पर आई 16वें वित्त आयोग की टीम की शुक्रवार को राज्य सरकार के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राज्य सरकार ने इसके समक्ष झारखंड को समृद्ध बनाने के लिए कई मांगें रखी। राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने रांची में आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के साथ हुई उच्च स्तरीय बैठक में कुल 3,03,527.44 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता (ग्रांट) की मांग की। इस राशि से अगले पांच वर्षों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं का संचालन किया जा सकेगा। राज्य सरकार के मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष विभिन्न क्षेत्रों में समेकित और समावेशी विकास के संभावित रोडमैप पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया।

राज्य सरकार ने आयोग को बताया कि देश की आवश्यकताओं के लिए खनिज एवं प्राकृतिक संपदा संपन्न झारखंड के संसाधनों का जितने बड़े पैमाने पर दोहन किया जाता है, उस अनुपात में राज्य को केंद्रीय अनुदान में हिस्सा अब तक नहीं मिल पाया है। बैठक में राज्य सरकार की ओर से वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, उच्च शिक्षा, नगर विकास एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार, जल संसाधन मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं अन्य ने कहा कि झारखंड को विकास की दौड़ में आगे लाने के लिए इसे विशेष संरक्षण और सहायता की जरूरत है। उन्होंने राज्य में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सामाजिक, आर्थिक विकास के लिए उठाए जा रहे कदमों से भी आयोग को अवगत कराया गया। जानकारी के अनुसार, राज्य सरकार ने आधारभूत संरचना के विकास के लिए सबसे ज्यादा 2 लाख 1 हजार 772 करोड़ रुपए की मांग रखी है। इसके तहत सड़क, पुल, ग्रामीण विकास, परिवहन, शहरी विकास, ऊर्जा शेष पेज 11 पर




- कहा, झारखंड को आगे लाने के लिए विशेष सहायता की जरूरत
- सरकार ने समावेशी विकास के संभावित रोडमैप पर दिया प्रेजेंटेशन
- 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने की बैठक की अध्यक्षता

## 40 प्रतिशत खनिज हैं, पर उसके अनुरूप लाभ नहीं : मुख्य सचिव

**रांची।** 16वें वित्त आयोग के साथ शुक्रवार को हुई बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को 'विकसित राष्ट्र' बनाने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को पूर्ण करने के लिए सभी राज्यों को विकसित करना होगा। प्राकृतिक संसाधन से पूर्ण रहने के बावजूद झारखंड एक अल्प आय वाला राज्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड 'बहुतायत के विरोधाभास' एवं 'प्राकृतिक संसाधनों के अभिशाप' का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। मुख्य सचिव ने कहा कि झारखंड के कुल क्षेत्रफल का 30 प्रतिशत भू-भाग वनों से आच्छादित है। राज्य की अधिकांश बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को वन/पर्यावरण स्वीकृति की सख्त प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे परियोजना में देरी होती है एवं परियोजना की लागत बढ़ जाती है। कहा कि झारखंड खनिजों से समृद्ध है एवं देश के कुल खनिज का लगभग 40 प्रतिशत खनिज यहां पाया जाता है, लेकिन राज्य को उसके अनुरूप लाभ नहीं मिल पाता है। कोयला कंपनियों पर राज्य का भूमि मुआवजा, रॉयल्टी आदि मद में बहुत बड़ी देनदारियां बकाया है। भूमि क्षरण, वायु/जल प्रदूषण, कृषि उत्पादकता, स्वास्थ्य जैसी समस्याओं के अतिरिक्त स्थानीय लोगों को विस्थापन की कीमत भी चुकानी पड़ रही है। बैठक में मुख्य सचिव अलका तिवारी ने कहा कि झारखंड परंपरागत रूप से देश का विनिर्माण केंद्र रहा है। शेष पेज 11 पर



● कहा, राज्य 'बहुतायत के विरोधाभास' एवं 'प्राकृतिक संसाधनों के अभिशाप' का उत्कृष्ट उदाहरण

## इस वर्ष निकाय चुनाव हुए, तो मिल जाएगी बकाया राशि : पनगढ़िया

**रांची।** 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने शुक्रवार को रांची में प्रेस कांफ्रेंस में स्पष्ट किया कि यदि इस वर्ष झारखंड में स्थानीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, तो वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 की बकाया राशि मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की शर्त थी कि ग्रांट (सहायता राशि) के लिए स्थानीय निकाय का चुनाव जरूरी है। चुनाव नहीं होने के कारण यहां का पैसा रुका हुआ है। अगर इस साल चुनाव हो जाएगा, तो दो साल की बकाया राशि भी रिलिज हो जाएगी। अरविंद पनगढ़िया ने यह भी स्पष्ट किया कि वित्त आयोग सिर्फ सिफारिश करता है। ग्रांट केंद्र सरकार के बजट से ही आता है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने 16वें वित्त आयोग से राज्यों की करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है। 15वें वित्त आयोग के तहत करों में राज्यों को 41 प्रतिशत हिस्सा दिया जाता है। उन्होंने बताया कि अब योजना आयोग खत्म हो गया है। उसकी जगह नीति आयोग ने ले ली है। 13वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों की राज्य की भागीदारी 32.02 फीसदी देने की सिफरिश की थी। शेष 68 फीसदी हिस्सा सेंट्रल पुल में जाता है। 15वें वित्त आयोग ने केंद्रीय करों में राज्य की भागीगारी 41 फीसदी करने की अनुशंसा की थी। अरविंद पनगढ़िया ने बताया कि राज्य ने करों को कैसा बाटा जाए, इसके लिए भी सुझाव दिए हैं। शेष पेज 11 पर



● कहा, राज्य सरकार ने करों में हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की मांग की है

## जैक 12वीं बोर्ड के इंटर साइंस और कॉमर्स का रिजल्ट आज




● कला संकाय का रिजल्ट एक हफ्ते बाद जारी होने की संभावना

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) के 12वीं बोर्ड के विज्ञान और वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शनिवार (31 मई 2025) को जारी किया जाएगा। रिजल्ट दिन में 11:30 बजे जारी होगा। झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन रांची के नामकुम स्थित जैक मुख्यालय में परीक्षा परिणाम जारी करेंगे। यह जानकारी जैक के अध्यक्ष नटवा हांसदा ने दी। उन्होंने कहा कि कला संकाय का परीक्षाफल एक हफ्ते बाद जारी किए जाने की संभावना है। जैक अध्यक्ष ने बताया कि 12वीं बोर्ड के विज्ञान और वाणिज्य के परीक्षा परिणाम जारी होने के एक घंटे बाद छात्र झारखंड अधिविद्य परिषद की आधिकारिक वेबसाइट जेएसी डॉट झारखंड डॉट जीओवी डॉट इन और जेएसीरिजल्ट्स डॉट कॉम पर अपना रिजल्ट चेक कर सकते हैं। छात्र डिजिलॉकर डॉट जीओवी डॉट इन पर भी अपना रिजल्ट हासिल कर सकते हैं। शेष पेज 11 पर

## आतंकवाद हो या नक्सलवाद अब सीधा जवाब देंगे : पीएम



● बिहार के काराकाट में आयोजित जनसभा में बोले प्रधानमंत्री

**नवीन मेल न्यूज नेटवर्क । पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के काराकाट में शुक्रवार को आयोजित जनसभा में देश की सुरक्षा और बिहार के विकास पर बातें की। उन्होंने पिछली सरकार की नीतियों पर खुल कर हमला बोला। आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ सरकार की निर्णायक रणनीति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई न रुकी है, न थमी है। आतंक का फन अगर फिर उठेगा, तो भारत उसे बिल से खींच कर कुचल देगा। उन्होंने कहा, आतंकवाद हो या नक्सलवाद, अब माफी नहीं, सीधा जवाब मिलेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बिहार के लोग इस बदलाव के गवाह हैं कि कैसे नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति लौट रही है। कभी जिन गांवों में स्कूल जलाए जाते थे, सड़क बनाने वालों को मारा जाता था, आज वहां सड़क भी है, अस्पताल भी है और मोबाइल टावर भी खड़े हैं। शेष पेज 11 पर

### जय हिंद, जय हिंद की सेना

## 'ऑपरेशन सिंदूर' अभियान नहीं, सम्मान का शंखनाद है

*हाथों की मेहंदी गीली थी,*
*बिंदिया की चमक निराली थी।*
*कजरा नैनों में, अधर सुर्ख,*
*कानों में प्यारी बाली थी।*
*पुलवामा की रंगीन वादियां,*
*महका-महका मौसम था।*
*सिंदूर था जिनकी मांगों में, वहां*
*बिखरी खून की लाली थी।।*

आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर सीधे सीने पर गोलियों की बौछारें और सुहाग का सिंदूर मिटाकर भारतीय बहनों की आंखों में आंसू का समंदर, सीने में जख्मों का तूफान भरने वाले पड़ोसी देश को मिट्टी में मिलाने और बर्बाद करने के अभियान का नाम- करण 'ऑपरेशन सिंदूर' किया गया था। विश्व पटल पर अपने रण कौशल की गरिमा, जांबाज सेना का शौर्य, और नभ सेना की राष्ट्र भक्ति, मातृशक्ति का साहस, जिसे यशस्वी रणनीतिकारों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम से सम्मानित किया था। यही 'सिंदूर' आज भारतीय सेना का स्वाभिमान बन गया है, यही 'सिंदूर' बारूद, मिसाइल, टैंक, राफेल और ब्रह्मोस का पर्याय बन चुका है। संपूर्ण विश्व 'सिंदूर' की मर्यादा, शक्ति, संस्कृति, मान और सम्मान को जान चुका है। भारतीय नारी की मांग में सूर्य की आभा और एक वैवाहिक जीवन की शेष पेज 11 पर




**स्नेहा राय**
साहित्यकार, रांची, झारखंड

### इंडिया

## अंधाधुंध शहरीकरण से गायब होते तालाब और नाले घातक



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

कभी रांची में 71 तालाब हुआ करते थे और नदी नालों को भी किसने गायब किया कभी पीने का पानी नहीं तो कभी नालों पर बसी कॉलोनियों में बाढ़ ये पिछली बरसात की झलक थी जो अब बस आने वाली है। झारखंड उच्च न्यायालय ने नगर निगम से पूछा था रांची के 71 तालाब कहां गए ? शहर,कस्बों से लेकर महानगर तक की प्रशासनिक सीमारेखा से ठीक बाहर लगभग पूरे भारत में बड़े भवन निर्माताओं की सुव्यस्थित कॉलोनियों के अलावा बहुत तेजी से बिना किसी मापदंड के मनमाने ढंग से तेजी से समानान्तर शहरीकरण भी हो रहा है और यह अपेक्षाकृत कम खर्चे में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए एक सपने के पूरे होने जैसा भले हो,जिसके मायाजाल में राजनेताओं से लेकर भू माफिया तक शामिल हैं पर आने वाले दशकों में इस में बसने वाले लोगों के साथ-साथ आधुनिक भारत को विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा करने में यह अंधाधुंध विकास एक घातक मक्कड़जाल साबित होने वाला है।पर्यावरण एवं प्रकृति विनाश को नियंत्रित करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, इसके लिये बढ़ते शहरीकरण को रोकना एवं गांव आधारित जीवनशैली पर बल देना होना चाहिए था पर हुआ इसका उल्टा।गांव पिछड़ेपन और भ्रष्टाचार के केंद्र बनते चलते गए क्योंकि विकास के नाम पर या तो अंधांधुंध रेवड़ी बांटी गई या बिना अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं का अध्ययन किए योजनाएं चलाईं गईं या सस्ते में अनाज बांटे गए। बतौर मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने सबसे पहले इसका विरोध यह कहकर किया था कि इससे कृषि प्रधान राज्यों में मेहनत-मजूरी करने वाले लोगों के बीच मुफ्तखोरी की बढ़ेगी जो आगे चलकर कृषि के लिए घातक साबित होगी। पर उन्हें तत्कालीन केंद्र सरकार ने चुप करा दिया था। भले ही शहरीकरण को आर्थिक और सामाजिक वृद्धि का सूचक माना जाता है लेकिन अनियंत्रित शहरीकरण बड़ी समस्या बन रहा है। भारत में तो शहरीकरण ने अनेक समस्याएं खड़ी कर दी हैं, आम जनजीवन न केवल स्वास्थ्य बल्कि जीवनमूल्यों की दृष्टि से जटिल होता जा रहा है। आर्थिक विकास भी इसी कारण असंतुलित हो रहा है। ऐसे में जब कोरोना जैसे अभूतपूर्व संकट के दौरान बेतरतीब जीवनशैली से भरे शहर अचानक डराने लगे तब हमारे गांवों ने ही शहरी लोगों को प्रेरणा और राहत दी थी । इसलिए आवश्यक है कि ऐसी योजनाएं बनाई जाएं जिससे गांवों में मानक के अनुरूप शहरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों को होने वाले पलायन की रफ्तार कुछ थम सके।लोगों ने छोटे कस्बों से दिल्ली एवं ऐसे ही महानगरों की सीमा से सटे खेतों पर अवैध कॉलोनियां बना लीं हैं । इसके बाद जहां कहीं सड़क बनी, उसके आसपास के खेत, जंगल, तालाब को वैध या अवैध तरीके से कंक्रीट के जंगल में बदल दिया गया। विश्व बैंक इसे भारत का अघोषित एवं अस्त-व्यस्त शहरीकरण मानता है। शहरीकरण से संबंधित समस्याओं में बंगलुरु की प्रदूषित झीलें,गुरुग्राम का ट्रैफिक जाम,मुंबई की बारिश,दिल्ली के वायु प्रदूषण से लेकर छोटे शहरों और आसपास के बेतरतीब कस्बों तक की अनेक समस्याएं हैं जो आज संकेत हैं और कल सिरदर्द साबित होने वाली हैं।इसके मूल में बेरोजगारी है। नौकरी से लेकर बेहतर चिकित्सा और अधिक पैसे कमाने के लिए गांवों की कट्टर जातीय,सामाजिक बंधनों को तोड़कर युवा चमकते शहरों की तरफ भागते हैं। कृषि मंत्रालय के अनुसार खेती पर निर्भर लोगों में से 40 फीसदी लोग ऐसे हैं जिनको अगर विकल्प मिले तो वे तुरंत खेती छोड़ देंगे क्योंकि खेती करने में धन की लागत बढ़ती जा रही है और बिक्री और उत्पादन दोनों जुए की तरह हैं ।ग्रामीण क्षेत्रों से नगरों में आने वाले लोग अधिकतर गरीब होते हैं, उनके पास किसी भी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा का अभाव होता है, जिस कारण वे आसपास के इलाकों में बसने का प्रयास कर समस्या को और भी गंभीर बना देते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने के साथ-साथ पलायन को कम करने के लिये ग्रामीण कृषि अर्थव्यवस्था का विविधीकरण करने में मनरेगा जैसी योजनाओं ने गावों से शहरों की ओर पलायन कम करने में अहम भूमिका निभाई है।शहरी फैलाव,आवास और मलीन बस्तियों का विस्तार,भीड़ और व्यक्तिवाद की भावना, पानी की आपूर्ति और जल निकासी का बेहतर न होना,शहरी बाढ़,परिवहन और यातायात की समस्या,बिजली की कमी,प्रदूषण,शहरी ग्रीष्म द्वीप प्रभाव,अपराध और बाल अपराध,भीख,शराब और ड्रग्स की समस्या और भ्रष्टाचार और मजबूरी का सौदा करते नेता इसे सुलझाने के बजाय और उलझा रहे हैं ।यदि ऐसा ही चलता रहा तो भविष्य में शहरों के इर्द-गिर्द ऐसी मलीन बस्तियों में कभी आग लग जाए तो आग बुझाने वाली गाड़ियां तक नहीं पहुंच पाएंगी क्योंकि बिना किसी मापदंड के विकसित हो रही इन कॉलोनियों में न तो इसके लिए जगह छोड़ी जा रही है और न ही कोई नक्शा पास कराया जा रहा है जिसमें विद्युत व्यवस्था,जल निकास,पार्क,दुकानों के लिए कोई जगह छोड़ी नहीं जा रही है, जो कल होकर एक बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकते हैं ।सरकार की ओर से आरआरडीए और नगर निगम विज्ञापन के माध्यम से चेतावनी जारी करता है पर ठोस कार्रवाई नहीं दिखती।



# 'ऑपरेशन सिंदूर से विचलित इंडी गठबंधन के नेता फैला रहे हैं भ्रम'

- इंडी गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इसबात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि इंडी गठबंधन के नेताओं की हताशा, निराशा की स्थिति हो गई है कि वह फेक न्यूज़ पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर रहे हैं। प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा दोनों ये कह रही है कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने वाली है। जबकि यह पूर्णत फेक न्यूज़ है। प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के पराक्रम का पूरे विश्व ने लोहा माना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में सैन्य बलों ने दुश्मन के घर के भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों पर हमला किया। पूरे विश्व में भारत की प्रशंसा हो रही है और यह मान लिया गया है कि आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ भारत का यही न्यू नॉर्मल रिएक्शन रहेगा।

प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की प्रचंड सफलता से बदहवास होकर गठबंधन के नेता अब फेक न्यूज़ पर भी अपनी प्रतिक्रिया देने लगे हैं। प्रतुल ने कहा पहले पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा सिंदूर यात्रा निकालने जा रही है। अब तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस भी फेक न्यूज पर प्रेस कांफ्रेंस करने लगा है। प्रतुल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पाकिस्तानियों और आतंकियों को इस बात का करारा जवाब था कि धर्म पूछ कर सिंदूर उजाड़ने वालों का क्या हश्र होता है। प्रतुल ने कहा पूरे देश की 140 करोड़ जनता ने एक स्वर में इस ऑपरेश के समय सरकार के साथ खड़े होकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# विकास व विरासत को समर्पित था लोकमाता अहिल्याबाई का सुशासन : शिवप्रकाश

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर शक्ति और भक्ति का समन्वय थीं। उन्होंने कभी स्वयं को रानी नहीं माना, बल्कि भगवान शिव की सेविका के रूप में राजकाज चलाया। वे शुक्रवार को कार्निवल बैंक्वेट हॉल में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे।

शिवप्रकाश ने कहा कि अहिल्याबाई की नीतियों में समता और ममता की भावना स्पष्ट दिखाई देती थी। उन्होंने अपने शासनकाल में गरीब कल्याण, किसान कल्याण, जनजाति उत्थान और महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। आज से 300 वर्ष पूर्व उन्होंने जिस सुशासन की स्थापना की, वह उनके न्यायप्रिय और नैतिक नेतृत्व का परिचायक है।यहां तक कि उन्होंने अपने ही पुत्र को दंडित करने का निर्णय लिया, जो एक मिसाल है। कार्यक्रम को विधायक सी.पी. सिंह, नवीन जायसवाल और आरती सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, मंत्री सीमा पासवान, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, शशांक राज सत्यनारायण सिंह, मनोज मिश्रा, केके गुप्ता, सुबोध सिंह गुड्डू, संजय जयसवाल, ओम प्रकाश, संजीव विजयवर्गीय, सीमा शर्मा, संदीप वर्मा, रमेश सिंह, काजल प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

## विश्व की नारी शक्ति के लिए प्रेरणा हैं रानी अहिल्याबाई होलकर : मरांडी

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जब विश्व की महिलाएं अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रही थीं, तब भारत में नारियां सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही थीं। रानी अहिल्याबाई न केवल भारत, बल्कि समूची विश्व की नारी शक्ति के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति के रूप में प्रतिष्ठा मिली है।

## राष्ट्रीय चरित्र को फिर से जीवंत कर रही है केंद्र सरकार : डॉ. रविंद्र कुमार राय

कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भारत की हजार वर्षों की गुलामी ने हमारे राष्ट्रीय चरित्र को दबाने की कोशिश की व आज़ादी के बाद भी यह प्रयास 60 वर्षों तक जारी रहा। लेकिन अब भाजपा की सरकार उस राष्ट्रीय चरित्र को पुन: प्रतिष्ठित कर रही है।

## देश को आत्मनिर्भर बनाने में महिला शक्ति का योगदान अहम : संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि देश को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने में महिलाओं की भूमिका अहम रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी सैन्य उपलब्धियां हमारी बेटियों और बहनों के योगदान का परिणाम हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जाग रहा भारत : अर्जुन मुंडा

पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी परंपरा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से पुन: जुड़ रहा है। अब प्रत्येक नागरिक की उपलब्धि को राष्ट्र की उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# विनय चौबे ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया



**रांची।** शराब घोटाला के गंभीर आरोपों में एसीबी द्वारा गिरफ्तार राज्य के वरीय आईएएस अधिकारी विनय चौबे ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। विनय चौबे ने हाईकोर्ट में उनके खिलाफ एसीबी द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी और कार्रवाई को निरस्त करने व गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की है। बीएनएस की धारा 482 के अंतर्गत उन्होंने याचिका दाखिल कर कहा है कि जिस मामले में उनके विरुद्ध एसीबी ने कार्रवाई की है, वह पूरी तरह निराधार है। कहा कि उनकी इस मामले में कोई संलिप्तता नहीं है, इसलिए उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जानी चाहिए और उन्हें न्यायिक हिरासत से रिहा किया जाना चाहिए।

# बीएयू में रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए सरकार पहल करेगी : शिल्पी नेहा तिर्की

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है झारखंड लोक सेवा आयोग के माध्यम से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में शिक्षकों, वैज्ञानिकों और पदाधिकारियों के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए राज्य सरकार अपनी ओर से कारगर पहल करेगी।

मंत्री ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया की जेपीएससी को अब तक नियुक्ति के लिए जो अधियाचना भेजी गई है उन कागजातों की प्रति उन्हें यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए ताकि वह अपने स्तर से आवश्यक पहल कर सकें।



श्रीमती शिल्पी ने विश्वविद्यालय को अपने आंतरिक स्रोतों से राजस्व बढ़ाने की सलाह दी है ताकि विश्वविद्यालय की छोटी-मोटी आवश्यकताएं उसी से पूरी हो सकें और हर छोटी जरूरत के लिए भी उसे राज्य सरकार पर निर्भर नहीं रहना पड़े।

मंत्री शुक्रवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कामकाज की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने विश्वविद्यालय के कामकाज पर संतोष व्यक्त किया तथा आगामी वर्ष की कार्य योजना के बारे में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय जिन गांवों में तकनीकी विकास कार्यक्रम चल रहा है, वहां उसका प्रभाव दिखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि बीएयू के तकनीकी सहयोग से राज्य सरकार आगामी अक्टूबर माह में मोराबादी मैदान में एक विराट कृषि मेला का आयोजन करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में राज्य भर के किसानों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने वर्ष 2024-25 की उपलब्धियां का ब्योरा तथा वर्ष 2025-26 की कार्य योजना की रूपरेखा मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान उलिहातू (खूंटी), वीर बुधु भगत के जन्म स्थल सिलगाई और कमाटी (चान्हो, रांची), शहीद अल्बर्ट एक्का के जन्म स्थल जारी (गुमला) और पूर्व केंद्रीय मंत्री कार्तिक उरांव के जन्म स्थल लिट्टी टोली (गुमला) को आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए बीएयू अंगीकृत करेगा।

बैठक में कांके के विधायक सुरेश कुमार बैठा, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के विशेष सचिव प्रदीप कुमार हजारी तथा बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### वित्त आयोग की बैठक में डॉ देवशरण भगत व प्रवीण प्रभाकर ने बातें रखीं

# वित्तीय अनुशासन की शर्त पर मिले राज्य को सहायता : आजसू पार्टी

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** वित्त आयोग की बैठक में आजसू पार्टी की ओर से मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने भाग लिया। श्री प्रभाकर द्वारा वित्त आयोग के सामने राज्य में वित्तीय कुप्रबंधन तथा विकास योजनाओं के पैसों के विचलन का आरोप लगाया गया। श्री प्रभाकर ने पार्टी का पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास के प्रति गंभीर नहीं है, इसी कारण वित्त आयोग की बैठक से सीएम अनुपस्थित रहे। श्री प्रभाकर ने वित्त आयोग से कहा कि झारखंड का गठन एक लंबे संघर्ष के बाद हुआ है और भाजपा–आजसू गठबंधन के नेतृत्व में राज्य विकास की पटरी पर आगे बढ़ा था, लेकिन विगत 5–6 वर्षों से वित्तीय कुप्रबंधन तथा भ्रष्टाचार के कारण राज्य का विकास बाधित हुआ है। यह राज्य कई संरचनात्मक, सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनके समाधान के लिए वित्त आयोग से विशेष ध्यान देने का अनुरोध है। उन्होंने कहा कि खनन परियोजनाओं से प्राप्त राजस्व का उचित हिस्सा झारखंड को मिलना चाहिए। आजसू ने पेसा कानून लागू करने और नगर निकायों का चुनाव करने के लिए ध्यान आकृष्ट किया। डॉ भगत ने वित्त आयोग से केंद्रीय अनुदान के उपयोग का पारदर्शी लेखा–जोखा सुनिश्चित करने, योजनाओं के कार्यान्वयन में समानता, और समावेशिता को बढ़ावा देने तथा जन शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु दिशानिर्देश देने का अनुरोध किया।

# वित्तीय सहायता और संसाधनों में झारखंड के साथ न्याय हो : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने 16वें वित्त आयोग के समक्ष राज्य के सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन, पर्यावरणीय चुनौतियों, केंद्र-राज्य संबंधों में संतुलन और क्षेत्रीय विषमताओं को उजागर करते हुए कई अहम मांगें रखी हैं। झामुमो महासचिव विनोद कुमार पांडेय और नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने आयोग के समक्ष आग्रह किया है कि राज्य की विशेष परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता और संसाधनों के आवंटन में झारखंड के साथ न्याय किया जाए। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की ये मांगें केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राज्य के सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण से भी जुड़ी हुई हैं। पार्टी का मानना है कि यदि वित्त आयोग इन बिंदुओं पर गंभीरता से विचार करता है, तो झारखंड को विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में बड़ा कदम होगा। भौगोलिक और संरचनात्मक चुनौतियों से जूझता झारखंड झारखंड एक अनुसूचित जनजाति बहुल राज्य है, जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से देश के अन्य राज्यों की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है। राज्य की भौगोलिक विषमताएं, बड़े हिस्से में फैले नक्सल प्रभावित इलाके और दुर्गम क्षेत्र विकास को महंगा और जटिल बना देते हैं। ऐसे में झामुमो ने वित्त आयोग से आग्रह किया है कि राज्य की इन खास परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उसे सहायता अनुदान प्रदान किया जाए। कर व्यवस्था में असमानता, पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़े झामुमो ने आयोग का इस ओर ध्यान दिलाया कि वर्तमान कर व्यवस्था में अधिकांश कर संग्रहण केंद्र सरकार के द्वारा किया जाता है, जिससे बड़े और विकसित राज्यों को अपेक्षाकृत अधिक लाभ मिलता है। वहीं झारखंड जैसे छोटे और संसाधन-आधारित राज्यों को अपेक्षित हिस्सेदारी नहीं मिल पाती। झामुमो की मांग है कि करों के बंटवारे में पिछड़े राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए, ताकि वे भी देश के समग्र विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकें। खनिज संपदा से केंद्र को लाभ, राज्य को हानि खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को इसके दोहरे परिणाम भुगतने पड़ते हैं। एक ओर खनन से मिलने वाला बड़ा आर्थिक लाभ केंद्र को जाता है, तो दूसरी ओर पर्यावरण और सामाजिक नुकसान राज्य को उठाना पड़ता है। झामुमो ने यह मांग रखी है कि डीएमएफटी (डिस्ट्रिक मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट) में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाई जाए, ताकि खनन प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्वास और विकास पर समुचित खर्च किया जा सके। केंद्र सरकार के उपक्रमों पर भारी बकाया दिलाएं झारखंड सरकार के अनुसार केंद्र सरकार के उपक्रमों पर राज्य का करीब 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये बकाया है।

इसे लेकर राज्य सरकार ने कई बार पत्राचार किया है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। झामुमो ने वित्त आयोग से अपील की है कि इस राशि की वसूली में राज्य सरकार की मदद की जाए, ताकि विकास कार्यों के लिए जरूरी संसाधन उपलब्ध हो सकें। अनुसूचित क्षेत्रों को मिले विशेष संरक्षण झारखंड के कई क्षेत्र पांचवीं अनुसूची के अंतर्गत आते हैं। झामुमो का कहना है कि जैसे छठी अनुसूची वाले क्षेत्रों को विशेष अधिकार और सहायता मिलती है, वैसे ही पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों को भी विशेष वित्तीय सहायता दी जानी चाहिए। इससे आदिवासी, दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान और स्थानीय उद्यमी सशक्त होंगे और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी बढ़ेगी। सूखा प्रभावित जिलों को आपदा राहत सहायता की जरूरत राज्य के कई जिले हर वर्ष असामयिक या कम वर्षा के कारण सूखा प्रभावित हो जाते हैं। झामुमो ने आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों को आपदा प्रबंधन के तहत विशेष सहायता प्रदान की जाए, ताकि कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व मिल सके।

# राज्य की वित्तीय विषमताओं को दूर कर राजस्व न्याय किया जाए : कांग्रेस

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 16वें वित्त आयोग को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर राज्य के आर्थिक हितों और वित्तीय चुनौतियों पर गंभीर चिंता जताई है। पार्टी की ओर से सूर्यकांत शुक्ला (प्रभारी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, सेंट्रल कंट्रोल रूम, झारखंड) और डॉ. रमेश्वर उरांव ने ज्ञापन में राज्य की वित्तीय स्थिति का ब्यौरा देते हुए आयोग से महत्वपूर्ण सिफारिशें करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस पार्टी ने झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तुत मांगों का समर्थन करते हुए 16वें वित्त आयोग से आग्रह किया है कि वह राज्य की वित्तीय विषमताओं, विकास चुनौतियों और राजस्व न्याय को ध्यान में रखकर न्यायपूर्ण और प्रभावी अनुशंसा दे।

राज्य का आर्थिक योगदान और चुनौतियां ज्ञापन में बताया गया कि झारखंड का सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) देश की वास्तविक जीडीपी का केवल 1.64% है, जबकि राज्य की जनसंख्या और क्षेत्रफल क्रमशः 2.7% और 2.4% है। इसके बावजूद, झारखंड देश के सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों में शामिल है और केवल बिहार और उत्तर प्रदेश ही इससे नीचे है। संघीय करों पर निर्भरता और क्षतिपूर्ति की मांग राज्य की कुल राजस्व प्राप्तियों में से 52.71% हिस्सा केंद्र सरकार के हस्तांतरणों पर निर्भर करता है। लेकिन हाल के वर्षों में ग्रांट-इन-एड में लगातार गिरावट दर्ज की गई है, जो 2019-20 में 12,303 करोड़ थी, वह 2023-24 में घटकर 9,146 करोड़ रह गई। पार्टी ने यह भी दावा किया कि 2025-30 के बीच एसजीएसटी संग्रह में राज्य को लगभग 61,677 करोड़ के नुकसान का अनुमान है। वित्तीय अनुशासन और निवेश झारखंड सरकार ने एफआरबीएम अधिनियम का अनुपालन करते हुए ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात में स्थिरता बनाए रखी है। पूंजीगत व्यय को लेकर भी राज्य ने मजबूती दिखाई है। वित्तीय वर्ष 2019 में 23% से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 में यह 29% हुआ। करों में राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाने की मांग ज्ञापन में केंद्र द्वारा राज्यों को मिलने वाले करों में हिस्सेदारी को 41% से बढ़ाकर 50% करने की मांग की गई है, जिससे राज्यों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता मिल सके। इसके अलावा, कांग्रेस ने झारखंड की कर-हिस्सेदारी को 15वें वित्त आयोग में मिले 3.3% से ऊपर ले जाने की भी अपील की है। पर्यावरणीय योगदान के लिए प्रोत्साहन झारखंड ने वन संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभाई है, लेकिन इससे राज्य को राजस्व में नुकसान हुआ है।

# राज्य को 25 वर्ष में हुई आय का वर्षवार ब्योरा दे वित्त आयोग : भाजपा

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों के झारखंड दौरे का स्वागत करते हुए 22 सुझाव दिए हैं। साथ ही मांग की है कि झारखंड बनने के बाद (15 नवंबर 2000) राज्य के करों की शुद्ध आय अर्थात राज्य को पिछले 25 वर्षों से उसके हिस्से की कितनी आय (वर्षवार) केन्द्र सरकार द्वारा दी गई, इसका ब्योरा जारी करना चाहिए। वित्त आयोग को राज्य भाजपा उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद व विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सुधीर श्रीवास्वत के द्वारा पत्र भेजा गया है। पत्र में बताया गया है कि पिछले 2 वर्षों से राज्य में पंचायत एवं नगरपालिका का चुनाव लंबित है।

दो वित्तीय वर्ष में स्थानीय चुनाव नहीं होने के कारण केंद्र सरकार से मिलने वाली करीब 1500 करोड़ की राशि से झारखंड वंचित रह गया है। नगर निकाय के चुनाव नहीं होने से राज्य के 49 नगर निकाय क्षेत्र का विकास प्रभावित होता है। बताया गया है कि झारखंड में शहरी विकास का काम चुने हुए जनप्रतिनिधियों के बजाय नौकरशाह के हवाले कर दिया गया है, ताकि मनमानी कर घोटालों को अंजाम दिया जा सके। आयोग को पत्र के जरिए जानकारी दी गई है कि झारखंड में प्रति वर्ष लगभग साढ़े तीन लाख व्रजपात की घटनाएं होती हैं, जिसमें औसतन 350 लोगों की मृत्यु होती है। राज्य सरकार के द्वारा पिछले 6 वर्षों में कितनी राशि वज्रपात में मरने वालों के आश्रितों को दी गई, इसकी जानकारी किसी को नहीं है। वर्तमान में वज्रपात से जिनकी मृत्यु हो रही है, उनके आश्रितों को मुआवजा के तौर पर 4 लाख रुपये दिए जा रहे हैं। भाजपा की मांग है कि इस राशि को बढ़ाकर 5 लाख किया जाए। भाजपा ने बताया है कि फॉल, नदी आदि में डूबकर व हाथियों के उत्पात से भी ग्रामीणों को भारी जान-माल की क्षति होती है, उन्हें भी मुआवजा दिया जाए। वन नेशन वन इलेक्शन की तरह वन नेशन व वन ड्रेस हो भाजपा ने मांग की है कि जिस तरह वन नेशन-वन इलेक्शन की जरूरत भारत के हर नागरिक के लिए उचित है, उसी तरह वन नेशन-वन ड्रेस (स्कूल/कॉलेज) की अब आवश्यकता हो गयी है। वित्त आयोग द्वारा शिक्षा पर क्या हिस्सेदारी राज्य को दी गई है और बदले में राज्यों में स्थित स्कूल की क्या स्थिति है, यह भी आम जनता के समक्ष आना चाहिए।

मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ना अनिवार्य हो भाजपा ने आयोग को लिखा है कि हमारी पार्टी का कहना है कि वन नेशन-वन इलेक्शन अब देश की जरूरत हो गयी है। इससे न सिर्फ देश की एक बड़ी राशि की बचत होगी, बल्कि सालों भर पूरे देश में कहीं न कहीं अचार संहिता के कारण विकास बाधित भी नहीं होगा। 16वें वित्त आयोग को चुनाव से पूर्व मतदाता सूची को आधार कार्ड से जोड़ने हेतु अनिवार्य करने पर विशेष ध्यान देने का सुझाव भी दिया गया है।

# महिला के साथ चेन छिनतई, मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी स्थित बरियातू थाना क्षेत्र में जुडियो के गुरुवार को पास एक बाइक सवार युवक ने महिला के साथ चेन छिनतई की घटना को अंजाम दिया। वहीं बरियातू थाना में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ युवक को किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित बिड़ला मैदान के पास सरना स्थल से डीआईजीसह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा के नेतृत्व में सुखदेवनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार को 22 वर्षीय मोहित कुमार को गिरफ्तार किया। मोहित कुमार के पास से पुलिस को 12 पुडिया ब्राउन शुगर, एक समार्ट फ़ोन और एक दो पहिया वाहन बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक ने पूछताछ के दौरान बताया कि अपने मित्र ताहा खान के साथ नशीले पदार्थ की खरीद बिक्री करते है। वहीं मोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया और ताहा खान के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। फिलहाल पुलिस ताहा की तलाश कर रही है।

## 'विकसित कृषि संकल्प अभियान

# वैज्ञानिकों की टीमों ने किसानों से किया संवाद

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम है। जिसे झारखंड सरकार के कृषि निदेशालय के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक पूरे राज्य में क्रियान्वित किया जा रहा है।

इस अभियान के तहत सीएआर–राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान की वैज्ञानिक टीमें रांची, खूंटी, लातेहार और



लोहरदगा जिलों के विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर किसानों से प्रत्यक्ष संवाद कर रही हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य उन्नत कृषि तकनीकों का प्रचार-प्रसार कर किसानों को उत्पादकता बढ़ाने, लागत घटाने, औसत खेती की दिशा में प्रशिक्षित करना है। आज वैज्ञानिकों की टीमों ने खूंटी, रांची, लातेहार एवं लोहरदगा के तीस पंचायतों में भ्रमण कर किसानों से सीधा संवाद स्थापित किया।

इन क्षेत्रों में वैज्ञानिकों ने किसानों को फसल उत्पादन में नवाचार, प्रसंस्करण तकनीकों, और जलवायु अनुकूल कृषि उपायों की जानकारी दी। साथ ही किसानों की समस्याओं को सुनकर स्थानीय समाधान भी सुझाए। कार्यक्रम में महिला एवं पुरुष किसानों की स्वप्रेरित और उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि ग्रामीण किसान कृषि परिवर्तन को लेकर सजग और तैयार हैं।

बीकेएसए-2025 न केवल तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान का माध्यम बन रहा है, बल्कि यह झारखंड में समुदाय आधारित कृषि नवाचार को बढ़ावा देने वाला एकमॉडल अभियान बनकर उभर रहा है।

# पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सरकार दे जमीन और पेंशन : विजय शंकर

नवीन मेल संवाददाता




**रांची।** झारखंड के सभी पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ सरकार के तर्ज पर 05 डिसमिल जमीन और 25,000 रुपए मासिक पेंशन व चिकित्सा सुविधा राज्य सरकार मुहैया कराए। उपरोक्त बातें आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भेज कर इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। श्री नायक ने कहा कि झारखंड के पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों के सम्मान में, हम झारखंड सरकार से अनुरोध करते हैं कि इन विशिष्ट व्यक्तियों को उनके योगदान के लिए उचित सुविधाएं प्रदान की जाएं। विशेष रूप से पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति को रहने के लिए पांच डिसमिल जमीन और जीवनयापन के लिए मासिक मानदेय राशि प्रदान की जाए। यह कदम न केवल इन महान व्यक्तियों के प्रति सम्मान का प्रतीक होगा, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी प्रेरणा देगा कि वे समाज और देश के लिए उत्कृष्ट योगदान दें। श्री नायक ने आगे कहा कि पद्मश्री पुरस्कार, भारत सरकार द्वारा दिया जाने वाला देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है, जो कला, साहित्य, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, और अन्य क्षेत्रों में असाधारण योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।




### राजधानी में नो इंट्री के समय नियम कानून ताक पर

# वातानुकूलित और दबंगों की बसों का मुख्य सड़कों में होता है प्रवेश











मनोज मिश्रा। रांची। राजधानी में नो इंट्री के समय नियम व कानून को ताक पर रखा जा रहा है। वातानुकूलित और दबंगों की बसों का रातू रोड में प्रवेश हो रहा है। एक ओर रातू रोड में ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिए एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण किया जा रहा है जो निर्माण अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है। नई व्यवस्था का आगमन हो रहा है, मगर पुराने ढर्रे अभी तक कायम है। वह यह है कि वातानुकूलित बसें नो इंट्री के समय राजधानी में प्रवेश कर रही है। पुरानी अवस्था की तरहें ही बसें जाम का कारण बन रही रही हैं और कुछ ऐसी बसें और निजी वाहन हैं जो बिना नंबर प्लेट के चल रही है। अब के मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना वाहन रजिस्ट्रेशन और नंबर प्लेट की कार शो रूम से निकल नहीं सकती है। गरीबों के लिए अलग कानून और धनिकों के लिए अलग नियम। यह दबंगई है या प्रशासन का सौतेलापन। कम मूल्य की कारें सारे नियम कानून का पालन करें और करोड़ों रुपए की कार के लिए कोई नियम नहीं हो। वातानुकूलित बसों का नो इंट्री के समय प्रवेश हो और सामान्य वाहन नो इंट्री का पालन करे। ऐसा भी हो सकता है कि धनिक फाइन देने की क्षमता रखते हैं उन्हें नियम का डर नहीं जबकि सामान्य वाहनों पर आर्थिक बोझ पड़ता है। यह सिलसिला बदस्तूर चल रहा है, चलता आ रहा था। अब यक्ष प्रश्न यह है कि ऐसा ही चलता रहेगा क्या। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन संवाददाता ने रांची के ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली से सवाल पूछे तो उन्होंने कहा कि खबर छापिए आगे हमलोग देख लेंगे कि किस प्रकार की समस्याएं है। कुछ दिन पूर्व डीटीओ अखिलेश कुमार ने कहा था सामान्य बस हो या वातानुकूलित बस सबके लिए एक ही नियम है।

- राजधानी में नो इंट्री के समय में नियम और कानून ताक पर रख कर चल रहे हैं वाहन
- सामान्य बसों के लिए अलग कानून और वातानुकूलित बसों के लिए अलग कानून
- दबंगों और वातानुकूलित बसें राजधानी में नो इंट्री के समय प्रवेश कर रही है


**करोड़ों की कार बिना नंबर प्लेट के मेन रोड में चलती हुई**

वातानुकुलित बसों का नो इंट्री के समय राजधानी में प्रवेश होता है और बिना नंबर प्लेट के भी राजधानी में चलती हैं बसें और कारें, वातानूकुलित और दबंगों की बसों का रातू रोड में प्रवेश से लगता है अकसर जाम।

**सामान्य बस हो या वातानुकूलित बस सबके लिए एक ही नियम है : डीटीओ**


डीटीओ अखिलेश कुमार

**ट्रैफिक एसपी से सवाल पूछा तो कहा कि खबर छापिए आगे हमलोग देख लेंगे**


ट्रैफिक एसपी कैलाश करमाली




### होटल रमाडा बाय विन्धम का हुआ शुभारंभ

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ व पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने किया उद्घाटन

- अमेरिकी होटल ब्रांड रमादा बाय विन्धम ग्रुप ने रांची में शुद्ध शाकाहारी होटल के साथ किया प्रवेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भारत सहित विदेशों में ग्राहकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाला रमादा बाय विन्धम ग्रुप का रांची के बरियातू रोड में शुद्ध शाकाहारी होटल का भव्य शुभारंभ पूजन और मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इसका उद्‍घाटन शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व केंद्रीय मंत्री सह मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और विधायक सीपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। स्थानीय गायकों ने अपनी सुमधुर भजनों से लोगों को झुमाया। इस अवसर पर होटल रमादा बाय विन्धम के एमडी पवन बजाज और निदेशक चंद्रेश बजाज ने बताया कि रमादा बाय विन्धम अब रांची वासियों की सुविधा के लिए खुल गया है। लगभग 50 हजार वर्गफीट में फैले इस होटल में 67 बड़े डीलक्स सूट प्रीमियम रूम अत्याधुनिक सुविधा के साथ कमरे उपलब्ध है। वहीं, दो बड़े हॉल है, जो शादी विवाह, पार्टी, सामाजिक समारोह, सेमिनार आदि के उपयुक्त स्थान है। इसके अलावा पांच हजार स्क्वायर फीट का वातानुकूलित हॉल के साथ शुद्ध शाकाहारी वाले होटल में लोगों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को परोसा जाएगा। इस रेस्टोरेंट में 150 से अधिक लोग एक साथ बैठ सकते है। यहां ग्राहकों की पूर्ण सुविधा का ख्याल रखा गया है। साथ ही बेकरी की भी सुविधा उपलब्ध है। होटल की ओर से ग्राहकों का ख्याल रखते हुए बर्थडे पार्टी, किटी पार्टी, सालगिरह आदि के लिए स्पेशल डिश की भी व्यवस्था रहेगी। लोगों को घर जैसा माहौल मिलेगा। यहां एक साथ 150 की संख्या में गाड़ी पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है। जिम, योगा सेंटर, ओपन एरिया, वॉकिंग ट्रैक आदि की भी सुविधा उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि रमादा बाय विन्धम ग्रुप का देश विदेश में 9300 से अधिक होटल है। बरियातू रोड में बने इस होटल में आने वाले लोगों को एक अलग ही अनुभव होगा। मौके पर विधायक सीपी सिंह, नाइन हॉस्पिल्टी के सीईओ विक्रम सिंह चौहान,विन्धम के प्रतिनिधि राहुल मेकरियस, संगीता बजाज, पूर्व सांसद अजय मारू, मीरा मुंडा, जीएम दिलीप मिश्रा, प्रमोद सारस्वत, डॉ अनंत सिन्हा, डॉ देबुका, डॉ दारुका, पूर्व आईएएस अरुण कुमार सिंह, कमल सिंघानिया, पवन शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।



## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुलिस ने हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि जिले में गश्ती और एन्टी क्राइम चेकिंग लगातार की जा रही है। इसी दौरान 29 मई की रात कांके थाना क्षेत्र के लॉ यूनिवर्सिटी के आगे रिंग रोड के ओवर ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति के संदिग्ध हालत में हथियार के साथ बैठे होने की जानकारी मिली। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को देखकर युवक भागने लगा। पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को दौड़ाकर पकड़ा और उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक 7.65 एमएम का पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पकड़े गए अभियुक्त से हथियार के संबंध में पूछताछ किये जाने पर पता चला कि वह इलेक्ट्रिशियन का काम करने के साथ बैट्री सप्लाई भी करता था।

## तेज बारिश के साथ वज्रपात की संभावना

**रांची।** झारखंड के बदले मौसम से झारखंड वासियों को राहत मिल रही है। झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। शुक्रवार दोपहर में बारिश से लोगों को और उमस से राहत मिली। गुमला, लातेहार, पलामू, चतरा और लोहरदगा जिले के कुछ भागों में तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश के साथ गरज और साथ वज्रपात भी हुआ। वहीं मौसम विभाग के द्वारा 1 जून तक के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। शनिवार को भी राजधानी सहित कई जिलों में तेज बारिश की आशंका मौसम विभाग के द्वारा जताई गई है। वहीं शुक्रवार को राजधानी रांची का अधिक्ताम तापमान 30.7 रहा और न्यूनतम तापमान 23.05 रहा। सबसे अधिक तापमान डाल्टेनगंज का रहा जहां अधिकतम तापमान 37.6 दर्ज किया गया।




## अपना घर आश्रम में मंदबुद्धि निराश्रित को कराया गया भोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुंदाग स्थित सद्‍गुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार) में शुक्रवार को को दीपक मोदी एवं नवीन मोदी के सौजन्य से आश्रम में रह रहे 37 मंदबुद्धि दिव्यांग निराश्रित प्रभु जी एवं आश्रम में रहकर उनकी सेवा करने वाले सेवादारों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसादी का भोजन बनाकर खिलाया गया। अपना घर आश्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 16 से 30 मई तक 15 दिनों मे 2990 निराश्रित प्रभुजी एवं उनकी देखभाल करने वाले सेवादारों के बीच अन्नपूर्णा सेवा भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम सदगुरु कृपा अपना घर (सत्य-प्रेम सभागार) में-विश्वनाथ मोदी,अशोक अग्रवाल, निर्मला गाड़ोदिया, महादेव शिव शंकर, मधुर मोतिका, पीके चौधरी, प्रेम प्रकाश अग्रवाल, विनय प्रसाद, बृजमोहन प्रसाद, रूमा कुमारी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## रांची में कोरोना के तीन मामले आए

**रांची।** रांची में कोरोना संक्रमण के अभी तक तीन मामले सामने आ चुके हैं। वहीं, जमशेदपुर में भी कोरोना की एंट्री हो गई है। कदमा स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 46 वर्षीय एक महिला कोरोना संक्रमित पाई गई। महिला का ब्लड सैंपल लेकर आरटीपीसीआर जांच के लिए भेजा है।" "रांची में महाराष्ट्र से आए एक संक्रमित मरीज की रिपोर्ट गुरुवार को निगेटिव आ गई है। फिल्म निर्माता निर्देशक लाल विजय शाहदेव को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। जबकि, एक मरीज घर में क्वारेंटाइन हैं और दूसरा अस्पताल में इलाजरत है।

## श्री श्याम मित्र मंडल कार्यकारणी समिति का चुनाव एक जुलाई को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**





श्री श्याम मित्र मंडल के नए पदाधिकारियों व कार्यकारणी समिति का निर्वाचन 01 जुलाई को पूर्वाहन 11 बजे हरमू रोड स्थित श्री श्याम उपासना भवन (श्री श्याम मंदिर) के प्रथम तल्ला स्थित मंडल के सभागार में होगी। गुरुवार को कार्यकारणी की बैठक में अध्यक्ष सुरेश सरावगी की अध्यक्षता में उपरोक्त निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से मंडल के संस्थापक सदस्य विश्वनाथ नारसरिया को चुनाव पदाधिकारी व सहयोगी के रूप में वरिष्ठ सदस्य राजकुमार केडिया को मनोनीत किया गया। ज्ञातव्य है की 12 जनवरी को साधारण सभा की बैठक हुई थी जिसमें निर्वाचन का कार्य को स्थगित करके बैठक स्थगित कर संस्था के विधान के अनुसार निर्वाचन करने की बात हुई थी। इसी आलोक में 01 जुलाई को स्थगित बैठक को आहूत किया जा रहा है। कार्यकारणी समिति की बैठक में अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढांढनिया, प्रदीप राजगढरिया, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनोली,आदित्य लोहिया, पंकज गाड़ोदिया, संजय सर्राफ, राजेश कत्तुरका, रतन शर्मा, स्नेह पोद्दार, राजेश चौधरी उपस्थित थे। चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि निर्वाचन की सभी तैयारियां प्रारम्भ की जा रही है।अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने कहा कि आहूत स्थगित बैठक साधारण सभा मे सिर्फ निर्वाचन का विषय ही रहेगा। चुनाव पदाधिकारी विश्वनाथ नारसरिया ने सभी से सहयोग का निवेदन किया है।



## डॉ पंकज बोदरा ने कहा, ईयरफोन लगाकर सोने से दिल की भी हो सकती है समस्या, रहें सावधान

# ईयरफोन के अधिक इस्तेमाल से हमेशा के लिए हो सकते हैं बहरे




### मानसिक स्वास्थ्य के लिए हो सकता है हानिकारक

काजल मेहता
रांची। आज के आधुनिक दौर में स्मार्ट फोन और ईयरफोन के बिना मानों किसी का दिन नहीं चल सकता है। लोग स्मार्ट फोन तो इस्तेमाल कर ही रहे हैं इसके साथ-साथ लोग ईयरफोन का भी इस्तेमाल खाते, सोते, जागते घूमते हुए कर रहे हैं। कई घंटों तक कान में ईयरफोन लगा कर लोग रहते हैं। जबकि डॉक्टर की माने तो ईयरफोन कान की नाजुक चमड़ी के लिए बिलकुल सही नहीं है साथ ही सुनने की क्षमता को भी कम कर देता है।

### ईयरफोन के अधिक इस्तेमाल से स्वास्थ्य पर पड़ सकता है नकारात्मक प्रभाव : डॉ पंकज बोदरा



**डॉ पंकज बोदरा** ने बताया कि ईयरफोन के ज्यादा इस्तेमाल से कान में दर्द और कान में संक्रमण जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त सिर दर्द और नींद में समस्या भी कारण बन सकता है। उन्होंने कहा लगातार तेज आवाज में सुनने से सुनने की क्षमता कम हो सकती है, जो कभी-कभी स्थाई भी हो सकती है। ईयरफोन के लंबे समय तक इस्तेमाल से कान में दर्द और सूजन हो सकती है। खासकर अगर ईयरफोन सही ढंग से फिट न हों, ईयरफोन के इस्तेमाल से कानों में गर्मी पैदा हो सकती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। यह एक ऐसी स्थिति है जिसमें आपको बिना किसी बाहरी आवाज के कान में घंटी या बजने जैसी आवाज सुनाई देती है। ईयरफोन के इस्तेमाल से सिरदर्द, थकान और नींद में समस्या हो सकती है। इन सभी समस्याओं के अलावा तेज आवाज में संगीत सुनने से मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। डॉक्टर ने बताया की ईयरफोन के कारण आने वाले समय में परेशानी हो सकती है। कान की जितनी सुनने की क्षमता है ईयरफोन उससे अधिक ध्वनि उत्पन्न करती है जिस से भविष्य में बड़ी समस्यों का सामना करना पड़ सकता है। रात में ईयरफोन लगा कर सोने से हृदय पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमारे शारीर का हर एक अंग एक दूसरे से जुडा होता है ऐसे में ईयरफोन के इस्तेमाल से धड़कन पर भी असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि गाना सुनना हर किसी का शौक है तो इस शौक को अपने स्मार्ट फोन से ही पूरा किया सकता है । फोन में ही संगीत लगाए और मद्धम ध्वनि में सुने, इस से किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। डॉ पंकज बोदरा ने सुझाव दिया कि इयरफोन का कम से कम इस्तेमाल करें। सोते वक्त, खाते वक्त, वाहन चलते वक्त इयरफोन का इस्तेमाल ना करें।

### ईयरफोन सड़क दुर्घटनाओं का भी बन रहा कारण

ईयरफोन ब्लास्ट से मौत और बहरे होने के साथ साथ ईयरफोन लगा कर वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाएं भी हुई जिसमे जाने भी गई हैं। कुछ मामले में, व्यक्ति को ट्रेन की आवाज नहीं सुनाई दी, जिससे वे ट्रेन से टकरा गए। कुछ मामलों में, व्यक्ति ईयरफोन के कारण अनचेत हो गया, जिससे वे दुर्घटना का शिकार हो गए। कुछ मामलों में, ईयरफोन फटने से व्यक्ति घायल हो गए।

### आधुनिकता में चीजों के दुष्प्रभाव से भी रहे अवगत : आकाश मेहता



कुछ युवाओं ने कहा कि ईयरफोन और स्मार्ट फोन आज की आधुनिक जीवन की जरूरत बन चुकी है। ऐसे में ईयरफोन का इस्तेमाल आम हो चुका है लेकिन हमें इसका इस्तेमाल एक तय समय तक ही करना चाहिए। विद्यार्थी आकाश मेहता ने कहा कि ईयरफोन के इस्तेमाल से कई चीजें आसान हो जाती है लेकिन इसके दुष्प्रभाव से भी अवगत रहना चाहिए ताकि आगे बड़ी परेशानी दस्तक ना दें।

### अपने अमूल्य जीवन से ना करें खिलवाड़ : मीनू चौधरी



मीनू चौधरी ने कहा कि हम आधुनिक दौर में जी रहे हैं। ऐसे में आधुनिकता से जुड़ी हर चीज हमारी जरूरत बन चुकी है। ऐसे में हमें खुद को किसी चीज के इस्तेमाल से रोकना, दूर रहना काफी मुश्किल है लेकिन हमें एक समय तक ही इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैंने कई लोगों को सड़कों पर वाहन चलाते समय कान में ईयरफोन लगाए या फोन पर बात करते देखा है जो कि काफी खतरनाक साबित हो सकता है। लोगों को अपने अमूल्य जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

### वाहन चलाते समय फोन व ईयरफोन से बचें : राघव कुमार



राघव कुमार ने कहा कि ईयरफोन के दुष्प्रभाव से मैं अवगत हूं, इसलिए इसके इस्तेमाल से बचता हूं। उन्होंने कहा कि कई बार वाहन चलाते समय जरूरत महसुस होती है लेकिन संयम से काम करते हुए उसे भी संभाला जा सकता है। गर्दन ठेढ़ी होने की परेशानी से मेरा एक दोस्त गुजर रहा है। इसलिए ईयरफोन का इस्तेमाल या गाड़ी चलाते समय फोन पर गर्दन ठेढ़ी करके बात करने से परहेज करता हूं।

### ईयरफोन ब्लास्ट से मौत और बहरे होने के कई मामले



2024 में तुर्की में एक महिला के कान में ईयरबड फट गया जिस से उन्होंने हमेशा के लिए सुनाने की क्षमता खो दी। वहीं राजस्थान के जयपुर में केबल वाला ईयरफोन फटने से युवक की जान चली गई थी। युवक कम्प्यूटर में ईयरफोन लगाकर गाने सुन रहा था। अचानक ईयरफोन तेज आवाज के साथ फटा और उसके कान से खून निकलने लगा। जिसमे डॉक्टरों ने कहा था कि ईयरफोन फटने से हुई तेज आवाज की वजह से युवक को कार्डियक अरेस्ट आया होगा। यही मौत की वजह बना। वहीं लखनऊ की घटना में नेकबैंड फटने से एक युवक की मौत हो गई।

## संवेदक के खिलाफ उप महाप्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता

**तमाड़।** झारखंड विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने उप महा प्रबंधक विधुत आपूर्ति अंचल कुसाई कोलोनी रांची को एक ज्ञापन सौप कर खूंटी डिबिजन के संबेदक प्रकाश प्रसाद साहू के खिलाफ करवाई की मांग की है। ज्ञात हो की संवेदक प्रकाश प्रसाद साहू खूंटी डिवीजन में वर्ष 2017 से 2020 तक कई गांव मे बिजली आपुर्ति शुरू करने सम्बंधित कार्य किया था।

इनके कार्यकाल में दर माह भुगतान मृतक का मुआवजा तथा अन्य विसंगतिया आज भी मौजूद है। संघ के अध्यक्ष का कहना है कि झारखंड सरकार प्रतिवर्ष मजदूरी दर मे बढ़ोतरी करती है। लेकिन वर्ष 17 से 20 मे किया गया कार्य का कई मजदूरों के मजदूरी आज भी नही मिल पाया है। इसके बावजूद भी तत्कालिक महा प्रबंधक पी के श्रीवास्तव द्वारा एन ओ सी दिया गया। उन्होंने बताया की प्रकाश प्रसाद साहू के कार्यकाल मे इनका कर्मचारी गोबिंद सिंह मुंडा,सुंदर मुंडा, गाडविन होरो, फिलिप गुड़िया, ओर संजय गाड़ी की मौत हो गयु थी। लेकिन इनके परिजनों को आजतक मुआवजे की राशि प्राप्त नही हुई है। वहीं बिजली विभाग मे नौकरी दिलाने के नाम पर इनके द्वारा लोगो से तीस से चालीस हजार रुपए ऐठे गए है। लोगों को आज तक ना नौकरी मिली ना ही पैसे वापस किया गया। इधर संवेदक प्रकाश साहु का कहना है कि मेरे द्वारा किए गए कार्यो का एनओसी विभाग से मिल गया है। जहां शिकायत करने है करें। संवेदक की मनमानी को लेकर मजदूर परिवार को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अब न्याय के आस में गरीब परिवार छटपटा रहा हैं।

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सिल्ली पॉलिटेक्निक में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अल्ट्राटेक की ओर से किया गया है। सम्मान समारोह में सिल्ली प्रखंड के सभी विद्यालयों के 10वीं एवं 12वीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में यूपीएससी 2023 के पास आउट रितेश कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी स्नेहा महतो उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने सिल्ली प्रखंड के कुछ चुनिंदा विद्यालयों के प्राचार्य से मिलकर सभी छात्र एवं छात्राओं का कार्यक्रम में उपस्थिति को लेकर अपील किया। साथ ही जिन विद्यार्थियों को किसी कारण से सूचना प्राप्त नहीं हो पाया है वैसे विद्यार्थियों को समारोह में आयोजन समिति के द्वारा उपस्थित होने का अपील किया गया है।

## युवक को सांप ने काटा, सुदेश महतो के प्रयास से बची जान

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत कुटाम निवासी 14 वर्षीय आशिक अंसारी को बीती रात करैत सांप ने डस लिया,जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। सांप के डंसने के बाद उसका परिवार काफी चिंतित और घबड़ा गया। इसकी सूचना मिलते ही युवा समाजसेवी अफरोज आलम ने तुरंत घटना की सूचना आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को दी। सूचना मिलते ही सुदेश महतो ने इंसानियत के नाते राजनीति से ऊपर उठकर हाथ बढ़ाते हुए उसकी चिकित्सा में मदद की तब जाकर युवक को राहत मिली।

## राजकिशोर प्रसाद को दी गई विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**अड़की।** अड़की के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में राजकिशोर प्रसाद की विदाई समारोह एक भावपूर्ण और यादगार क्षण था। 15 वर्षों तक सेवा करने के बाद, राजकिशोर प्रसाद को उनके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। डॉ. निरुपमा नीलम लकड़ा और अन्य कर्मचारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर उपस्थित सभी कर्मचारियों ने राजकिशोर प्रसाद के योगदान को सराहा और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

वही स्वास्थ्य केंद्र के अन्य कर्मचारियों ने राजकिशोर प्रसाद की सेवाएं निश्चित रूप से अड़की के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए एक बड़ी क्षति होगी, लेकिन उनकी यादें और योगदान हमेशा याद रखे जाएंगे। हमें उम्मीद है कि वे अपने भविष्य के प्रयासों में सफलता प्राप्त करेंगे और समाज के लिए अपना योगदान जारी रखेंगे जैसी बात कहीं। समारोह को यादगार बनाने में ,डॉ.नेपोलियन केरकेट्टा, डॉ.अभय कुमार, बीपीएम राजेश कुमार , आस्तिक यादव, डॉ .जितेश मुंडा, जैतून पूर्ति, सुषमा भेंगरा, सुमन चौधरी, रेशमा नाग, मधु टेरेसा मिंज, दिव्य, किरण, सीयूर, सीमा, सरिता खेस, उष्मता टोप्पो,मधु पूर्ति,रश्मि डअंग, सुशीला कुमारी,मोनिका मिंज, सरोज लकड़ा,मुकेश मुंडा, रंजीत कुमार,प्रकाश पाठक,हिंदू पहन,कैंसर हयात आदि कर्मचारी मौजूद थे।

## करकट्टा स्थित बंद खदान से उठ रहा धुआं, ग्रामीण भयभीत

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** क्षेत्र के करकट्टा स्थित केडीएच पैच की बंद खदान से इन दिनों तेज़ विषैला और दमघोंटू धुआं उठ रहा है, जिससे आसपास के ग्रामीणों में भय और आक्रोश व्याप्त है। लगातार हो रही बारिश के बाद धुएं की तीव्रता और फैलाव और भी अधिक हो गया है, जिससे उत्तर की कालोनी और आसपास के घरों तक जहरीला धुआं पहुंच रहा है। मालूम हो कि यह समस्या नई नहीं है, वर्षों से बंद खदान से धुआं निकल रहा है, लेकिन बारिश के दिनों में आग का दायरा बढ़ने से यह समस्या गंभीर हो जाती है। दर्जनों स्थानों से धुएं के गुबार उठ रहे हैं, जो खुले आसमान से होते हुए सीधे घरों और गलियों तक पहुंच रहे हैं। स्थानीय निवासी बताते हैं कि इस दमघोंटू धुएं के कारण लोगों को आंखों में जलन, खांसी, सांस लेने में दिक्कत और स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं हो रही हैं। यह एक दिन की नहीं, बल्कि वर्षों पुरानी समस्या है। बरसात के मौसम में यह और भी अधिक गंभीर हो जाती है, स्थानीय निवासी राजीव सिन्हा ने बताया कि उनके घर के पीछे का भू-भाग भी इस विषैली धुएं की चपेट में है, जहां बारिश से आग के फैलाव में तेजी आ गई है। बावजूद इसके अब तक प्रशासन या संबंधित कोयला कंपनी की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## साइबर ठगों ने कॉल फॉरवर्ड कर दो खातों से निकाल लिए 3.96 लाख

नवीन मेल संवाददाता



**पिठौरिया।** पिठौरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मलश्रृंग गांव निवासी भीम कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गए। शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे उन्हें मैसेज के जरिए जानकारी मिली कि उनके बैंक खाते से दो बार में कुल 3 लाख 96 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गई है। वह भी बिना किसी ओटीपी के। भीम कुमार का एक व्यक्तिगत और एक जॉइंट खाता केनरा बैंक मलश्रृंग में है, जिसमें उनका मोबाइल नंबर भी रजिस्टर्ड है। उन्हें आशंका है कि उनका मोबाइल हैक कर किसी अन्य नंबर 9635085431 पर कॉल फॉरवर्डिंग कर दी गई, जिससे उनके खाते से ओटीपी के बिना ही पैसे निकाल लिए गए। ठगी की गई राशि खाता संख्या 110218740530 में ट्रांसफर हुई है, जो आयुष कुमार नामक व्यक्ति के नाम है और केनरा बैंक की सिलीगुड़ी शाखा में है। भीम कुमार ने इस मामले की जानकारी तुरंत बैंक शाखा को दी और साइबर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

## लोमड़ी के हमले से एक व्यक्ति घायल



**तमाड़।** तमाड़ रेंज के सोनाहातु पूर्वी क्षेत्र के लादुपडीह पंचायत अंतगर्त सालगाडीह गांव निवासी तुलसी महतो लोमड़ी (सियार) के हमले मे घायल है गए हैं। उन्हें सोनाहातु हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया है।

## डकरा गुरुद्वारा में मना पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुनदेव जी का शहीदी पर्व



**खलारी।** डकरा स्थित गुरुद्वारा में शुक्रवार को पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुनदेव जी महाराज का शहीदी गुरु पर्व श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया गया। सुबह दीवान सजाने और पाठ के उपरांत शबद कीर्तन किया गया और फिर भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। गुरु पर्व के अवसर पर भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे जल और शर्बत की छबील लगाई गई, जहां आम राहगीरों को सेवा भाव से शीतल पेय और प्रसाद वितरित किया गया। हलवा-चने का प्रसाद पाकर राहगीर श्रद्धा से मत्था टेकते हुए आगे बढ़ते नजर आए। दिन भर गुरुद्वारे के सामने सेवादारों और श्रद्धालुओं की भीड़ बनी रही। गुरुद्वारा प्रबंधन ने बताया कि सेवा, श्रद्धा और समर्पण की भावना के साथ इस पर्व को हर वर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर डकरा व खलारी क्षेत्र के कई श्रद्धालु गुरुद्वारे पहुंचे और गुरु जी के बलिदान को स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## 25वीं झारखंड राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता मैं रांची को दूसरा स्थान




● 10 गोल्ड 4 सिल्वर 2 ब्रांच

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** धनबाद जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा झारखंड ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में 25वीं झारखंड राज्य सब जूनियर और जूनियर बालक बालिका ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 28 और 29 मई को ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में पूरे झारखंड से 470 बालक बालिकाओं ने भाग लिया जिसमें पूरे रांची से 31 खिलाड़ियों ने शामिल थे।

प्रतियोगिता में रांची जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव मिथिलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम भाग लिया। टीम में प्रशिक्षक की भूमिका में अविनाश राम,चंदन कुमार, मैनेजर की भूमिका में विवेक दुबे, लाडली पांडे और रांची से ऑफिशियल की भूमिका में विजय शंकर तिवारी, करमचंद भगत, आदित्य ठाकुर थे। इस प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी हरिद्वार में जून माह में होने वाले राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड राज्य टीम की ओर से भाग लेंगे ।

प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक सिया शुक्ला, रिद्धिमा सिंह, सुनिधि श्रद्धा, बबीता कुमारी, धन मनी कुमारी, अनुष्का खलखो, संजना कुमारी, ईशा, साकेत राज,संकेत खड़िया का नाम शामिल है। वहीं सिल्वर मेडल तन्वी वत्स, सभ्य विनायक, पृथ्वी सहदेव, सूर्या दक्षिका चौहान व ब्रॉन्ज मेडल सौम्या आनंद, श्रेया नंदी ने जीता।

## बच्चों को एएनएम पिलाएंगी विटामिन ए की खुराक

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में झारखंड मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह और एनीमिया मुक्त भारत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि 1 जून से 30 जून 2025 तक पूरे झारखंड में झारखंड मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण माह मनाया जाएगा। इस अभियान के तहत रांची जिले में 9 माह से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को एएनएम द्वारा विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी।

साथ ही, कुपोषित बच्चों की पहचान वीएचएसएनडी पर की जाएगी और चिन्हित बच्चों को एमटीसी में रेफर किया जाएगा। 6 से 59 माह के बच्चों को आयरन सिरप भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, गर्भवती माताओं को एएनएम द्वारा स्वास्थ्य, पोषण और मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सेवाएं प्रदान की जाएंगी। विटामिन ए और आयरन सिरप के लाभ पर सिविल सर्जन ने कहा कि यह छोटे बच्चों के शारीरिक विकास और संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अत्यंत आवश्यक है। यह बीमारी की दर और मृत्यु दर को भी कम करने में सहायक है। डीपीएम, प्रवीण कुमार सिंह ने आयरन सिरप के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि 6 से 59 माह के बच्चों को पिलाया जाने वाला आयरन सिरप बच्चों को एनीमिया से बचाता है, जो उनके बौद्धिक और शारीरिक विकास के लिए बेहद ज़रूरी है।

## पर्यावरण संरक्षण सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाएगा : डॉ सुप्रिया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के तहत रांची वीमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से शुक्रवार को आयोजित वीडियो निर्माण प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से छात्राओं को पर्यावरणीय समस्याओं और उनके संभावित समाधानों पर अपने विचार साझा किए। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, जागरुकता और उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों की छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने की। उन्होंने छात्राओं की रचनात्मकता और सामाजिक चेतना की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं में अगर पर्यावरण के प्रति यह संवेदनशीलता बनी रहे, तो पृथ्वी को एक सुरक्षित और समुज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाया जा सकता है। पर्यावरण नुकसान के कारण, प्रभाव और समाधान बताए भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने वनों की कटाई, जलवायु परिवर्तन, जलसंकट, प्लास्टिक प्रदूषण, जैव विविधता का ह्रास, वायु प्रदूषण और शहरीकरण जैसी ज्वलंत समस्याओं पर अपने वक्तव्यों के माध्यम से ध्यान आकर्षित किया।

## पांचवें दिन बहाल हुई बीएसएनएल की सेवाएं, लोगों ने ली राहत की सांस

नवीन मेल संवाददाता



**खलारी।** लंबे इंतजार के बाद खलारी क्षेत्र में बीएसएनएल की सेवाएं आखिरकार शुक्रवार शाम को बहाल हो गईं। फाइबर इंटरनेट सेवा पुनः चालू होते ही उपभोक्ताओं के चेहरों पर राहत देखने को मिली। बीते पांच दिनों से बाधित हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा के कारण आम जनता के साथ-साथ सरकारी कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे थे। बीएसएनएल की सेवा बहाली से अब सरकारी बैंक, सीसीएल कार्यालय, पुलिस थाना सहित अन्य संस्थानों का आनलाइन कार्य पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ हो गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इंटरनेट सेवा बंद होने से दैनिक कार्यों में भारी कठिनाई हो रही थी। शुक्रवार को इस समस्या से जुड़ी खबर स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने के बाद बीएसएनएल प्रशासन हरकत में आया। मांडर के एसडीओ प्रत्युष पाठक ने अपनी तकनीकी टीम के साथ मिलकर अथक प्रयास करते हुए सेवा बहाली का कार्य किया। खलारी एक्सचेंज में देर शाम तक मरम्मत और नेटवर्क सुधार का काम चलता रहा। स्थानीय निवासियों ने सेवा पुनर्बहाली के लिए बीएसएनएल टीम का आभार प्रकट किया और भविष्य में इस तरह की समस्याओं से बचाव हेतु ठोस व्यवस्था की मांग की।

● **बीएसएनएल एक्सचेंज में चोरी षड्यंत्र की आशंका**

खलारी टेलीफोन एक्सचेंज से डीडब्ल्यूडीएम और एमएडीएम जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण टेलिकाम उपकरणों की चोरी को लेकर क्षेत्र में गहरी चिंता व्याप्त है। जानकारों की मानें तो यह कोई सामान्य चोरी नहीं, बल्कि बीएसएनएल की सेवाओं को बाधित करने की सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है। सूत्रों के अनुसार, यदि केवल कापर केबल या कापर स्ट्रिप्स की चोरी होती, तो उसे आम चोर की हरकत माना जा सकता था। परंतु जिस प्रकार मशीनों के भीतर से सटीकता के साथ चुन-चुन कर डीडब्ल्यूडीएम और एमएडीएम कार्ड्स को निकाला गया है, उससे स्पष्ट होता है कि इस कार्य को अंजाम देने वाला व्यक्ति टेलिकाम तकनीक की अच्छी-खासी समझ रखता था। स्थानीय नागरिकों और टेलिकाम विशेषज्ञों का मानना है कि यह घटना केवल चोरी नहीं, बल्कि खलारी में बीएसएनएल की प्रभावशाली उपस्थिति को कमजोर करने का प्रयास भी हो सकता है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में विभिन्न निजी टेलिकाम कंपनियां अपने नेटवर्क का विस्तार कर रही हैं, बावजूद इसके अधिकांश लोग आज भी बीएसएनएल की सेवाओं को ही प्राथमिकता देते हैं। बीएसएनएल के पास अब भी सबसे अधिक उपभोक्ता हैं। हालांकि, इस साजिशनुमा घटना के बावजूद बीएसएनएल प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सेवाओं को बहाल कर लिया। मांडर एसडीओ प्रत्युष पाठक के नेतृत्व में तकनीकी टीम ने अथक परिश्रम करते हुए पांचवें दिन फाइबर इंटरनेट सेवा को फिर से चालू कर दिया।

## सरला बिरला विवि में संगोष्ठी का आयोजन



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रांगण में शुक्रवार को देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती एवं भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के उद्घाटन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर प्रबुद्धजनों के देवी अहिल्यबाई होलकर की सामाजिक दृष्टि, महिला सशक्तिकरण एवं धार्मिक विचारों को व्यक्त किया। संगोष्ठी में चंपई सोरेन, प्रदीप वर्मा व वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बिरहोर समुदाय की दो बालिकाओं ने 10वी में प्रथम श्रेणी से पास होने पर **उपायुक्त ने किया सम्मानित**

## अपने समुदाय की ब्रांड एंबेसडर के रूप में जानी जाएंगी : डीसी



**हजारीबाग।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई बिरहोर जनजाति की दो बालिकाओं किरण कुमारी और चानवा को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने अपने कार्यालय वेश्म में सम्मानित किया। उपायुक्त ने इन दोनों बच्चियों को शॉल एवं पुस्तक भरा बैग देकर आशीष दिया। उपायुक्त ने कहा कि किरण कुमारी एवं चानवा की सफलता पर काफी खुश है तथा इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। उन्होंने कहा कि हमारा यह प्रयास रहेगा कि समाज के अंतिम पायदान के छात्र छात्राओं तक शिक्षा की ज्योत पहुंचे। उपायुक्त के हाथों सम्मानित होकर उत्साहित दोनों बच्चियों ने उपायुक्त को बताया कि वें आगे चल कर डॉक्टर और देश सेवा के क्षेत्र में जाना चाहती है। उपायुक्त इनकी बातें सुनकर काफी प्रभावित हुए एवं शिक्षा के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने मौके पर मौजूद जिला शिक्षा पदाधिकारी से इनकी समस्याओं को पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कस्तूरबा विद्यालय के शिक्षक एवं वार्डन से भी विद्यालय में शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के साथ साथ विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं को बहाल करने संबंधी बिंदुओं को संज्ञान में लाने का निर्देश दिया। अंत में उपायुक्त ने दोनों बच्चियों को इनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

एचज़ेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल का मनीष जायसवाल ने किया उद्घाटन

# यह अस्पताल जनसेवा की नई परिभाषा गढ़ेगा : सांसद



*एचज़ेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल की शुरुआत एक सराहनीय सामाजिक पहल है। यह अस्पताल न केवल आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, बल्कि जनसेवा की भावना से भी परिपूर्ण है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह सुविधा संजीवनी साबित होगी। मैं हर्ष अजमेरा व उनकी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं ।*

**मुन्ना सिंह,** कांग्रेस नेता

● **यह अस्पताल व्यापार नहीं, हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है : हर्ष अजमेरा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एचज़ेडबी आरोग्यम कुणाल हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। यह हॉस्पिटल इमली कोठी, लिटिल एंगल्स स्कूल के समीप स्थित है तथा एचज़ेडबी आरोग्यम की यह द्वितीय शाखा है। इस शुभ अवसर पर हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने मुख्य अतिथि वहीं विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव उपस्थित उपस्थित होकर फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की हजारीबाग जैसे उभरते हुए शहर में इस तरह के अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल की स्थापना निश्चित रूप से एक सराहनीय प्रयास है। यह हॉस्पिटल न केवल चिकित्सा के क्षेत्र में एक नया आयाम जोड़ेगा, बल्कि यहां की आम जनता को किफायती दरों पर गुणवत्ता पूर्ण इलाज भी उपलब्ध कराएगा। महिला और बाल स्वास्थ्य पर विशेष फोकस इस बात का प्रमाण है कि यह संस्थान संवेदनशीलता और जनसेवा के मूल्यों को अपनाता है। मैं हर्ष अजमेरा और उनकी पूरी टीम को इस जनोपयोगी पहल के लिए बधाई देता हूं।

हॉस्पिटल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने उद्घाटन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की यह अस्पताल सिर्फ एक व्यवसाय नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है। हमने यह संकल्प लिया है कि हम हर वर्ग के मरीज को बिना किसी भेदभाव के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगे। हमारा मूल मंत्र है सेवा ही संकल्प'। हमारी टीम ने चिकित्सा जगत के विशेषज्ञों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित किया है कि हजारीबाग को एक ऐसा अस्पताल मिले जो बड़े महानगरों के बराबर सुविधा दे, लेकिन किफायती दरों पर। महिलाओं और बच्चों की सेहत को प्राथमिकता देना हमारी सामाजिक दृष्टि का हिस्सा है। इस अवसर पर केपी ओझा,सौरभ जैन,डॉ रंजना शरण,डॉ बीएन प्रसाद,डॉ मनीष कुमार,डॉ नीरज सिंह उज्जैन,डॉ ओमप्रकाश,ज्ञान चंद्र जैन,अधिवक्ता,सोनी जैन,राकेश गुप्ता कांग्रेस नेता अशोक देव,दिनेश खंडेलवाल,नीरज जैन,धीरज जैन एवं शहर के कई वरिष्ठ गणमान्य एवं व्यवसाय लोग उपस्थित रहे।

न्यूज बॉक्स

## संविधान बचाओ रैली में दुलमी से सैकड़ों कार्यकर्ता हुए रवाना



**रामगढ़।** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के नेतृत्व में 30 मई को कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में भाग लेने के लिए सैकड़ों कार्यकर्ताओं का जत्था रामगढ़ के लिए रवाना हुआ। यह रैली संविधान की रक्षा, लोकतंत्र की मजबूती और आम जनता के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता फैलाने हेतु आयोजित की गई है। मौके पर सुधीर मंगलेश ने कहा संविधान ही हमारे देश की आत्मा है। आज जब देश की लोकतांत्रिक संस्थाएं और नागरिकों के मूलभूत अधिकार संकट में हैं ऐसे समय में प्रत्येक नागरिक का यह परम कर्तव्य है कि वह संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़ा हो। कांग्रेस पार्टी सदैव संविधान और लोकतंत्र की प्रहरी रही है और आगे भी रहेगी। रैली में शामिल होने वालों में उत्तम कुमार, बबलू कुमार, करमू कुमार, बिनोद कुमार, घनश्याम कुमार, सुमित कुमार, रुकेश कुमार, प्रदीप भोक्ता, धनेश्वर भोक्ता, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, टुना कुमार, शिशुपाल, उपेन्द्र कुमार, राजेश गझू, जीवलाल गझू, अमित गंझु, राहुल कुमार आदि शामिल थे ।

## पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता पर ग्रामीणों ने किया विरोध



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चेचकप्पी पंचायत के ग्राम लारहो में पुलिया निर्माण कार्य में अनियमितता का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीण बीरेंद्र, विकास और गोविंद साव समेत अन्य लोगों ने संवेदक पर घटिया काम करने का आरोप लगाया है। बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बरकट्ठा से रौशा गांव तक 11 किलोमीटर तक सड़क काली करण किया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य लगभग दस करोड़ रुपए की लागत से कार्य एजेंसी संजय सिंह के द्वारा कराया जा रहा है। बीरेंद्र ने बताया कि ग्राम लारहो पुल के ऊपर संवेदक के द्वारा रेलिंग का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें बालू की मात्रा अधिक और सीमेंट की मात्रा काफी कम वह भी बिना गिट्टी के बनाया जा रहा था। गुरुवार कि दोपहर ग्रामीणों ने देखा की रेलिंग का काम बहुत ही घटिया किस्म का किया जा रहा है। जिसके बाद ग्रामीणों ने विरोध कर कार्य को बंद करवा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि संवेदक जब तक यह कार्य में गुणवत्ता नहीं लाता है तब तक काम नहीं होने दिया जाएगा।

## वज्रपात से पति की मौत, पत्नी गंभीर रूप से हुई घायल




**बरकट्ठा।** गोरहर और बगोदर थाना के सीमाने पर बसा धरगुल्ली गांव में शुक्रवार को बहुत ही दर्दनाक घटना घटी। जब खेत में काम कर रहे बालगोविंद प्रसाद 42 वर्ष ,पिता किशुन महतो छोटी नगरी धरगुल्ली निवासी का वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी गंभीर से घायल हो गई। लोगों के मुताबिक घटना लगभग तीन बजे की है। जब पति और पत्नी दोनों खेत में काम कर रहे थे। अचानक हल्की बारिश शुरू हुई और वज्रपात हुआ। जिसमें दंपति गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने आनन-फानन में बालगोविंद प्रसाद को बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया लेकिन तब तक वह दम तोड चुका था। वहीं घायल पत्नी को लोगों ने बगोदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज चल रहा है।

## रामगढ़ की अभीश्री को एलएलबी प्रवेश परीक्षा में मिली सफलता



**रामगढ़।** राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, ओड़िसा द्वारा आयोजित एलएलबी प्रवेश परीक्षा में रामगढ़ रांची रोड निवासी अभीश्री आनंदी ने सफलता अर्जित किया है। अभीश्री ने अखिल भारतीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर पूरे देश में रामगढ़ जिले का मान बढ़ाया है । अभीश्री आनंदी के पिता अजीत गुप्ता सीआईएसएफ में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं । वहीं, उनकी माता रजनी गुप्ता गृहिणी हैं । यह परिवार प्रणीत टावर रांची रोड रामगढ़ में रहता हैं। अभीश्री कीइस सफलता पर परिवार एवं सोसाइटी के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए अभीश्री आनंदी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# जेएसएलपीएस ने चलाया सोशल मीडिया जागरूकता अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों की प्रेरणादायक कहानियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 30 मई 2025 को जेएसएलपीएस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स के प्रचार प्रसार हेतु राज्यव्यापी सोशल मीडिया जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में रामगढ़ जिले अंतर्गत सभी प्रखंडों में ग्राम स्तरीय सभी ग्रामीण महिलाओं द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव की महिलाएं अब सिर्फ घर तक सीमित नहीं हैं। वे अपने संघर्ष, सफलता और बदलाव की कहानियां अब डिजिटल दुनिया तक पहुंचा रही हैं। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) द्वारा शुक्रवार को सभी प्रखंडों में विशेष सोशल मीडिया प्रचार अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य था कि महिला स्वयं सहायता समूहों (सखी मंडलों) की प्रेरणादायक कहानियों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि समाज के अन्य वर्गों को भी इससे सीख और प्रेरणा मिले। कार्यक्रम में जेएसएलपीएस के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम) की जानकारी दी गई और महिलाओं को इन्हें फॉलो कर कहानियां साझा करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को जेएसएलपीएस के फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम एवं यूट्यूब जैसे आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स से जोड़ने की पहल की गई।

# साप्ताहिक जनता दरबार का किया गया आयोजन



**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में शिक्षकों की पुनः नियुक्ति, फर्जी प्रमाण-पत्रों की जांच, भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, रंगदारी मांगने, भूमि हड़पने, भू-मुआवजा, नियुक्ति, रसीद निर्गत करना, बीपीएल सूची में नामांकन, मारपीट, चिकित्सा अनुदान तथा रोजगार दिलाने जैसी शिकायतें शामिल रहीं।

# इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** मुरुबंदा में झारखंड सरकार द्वारा स्थापित और टेक्नो इंडिया ग्रुप द्वारा संचालित रामगढ़ इंजीनियरिंग कॉलेज (आरईसी) की ओर से 29 से 31 मई तक चलने वाले वार्षिक खेल-कूद 2025 का उद्घाटन शुक्रवार को कया गया। जिसमें लगभग 150 छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत टीआईजी के उप निदेशक प्रिंसिपल , वाइस प्रिंसिपल और खेल अधिकारी द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। टीआईजी के उप निदेशक डॉ. बिष्णु ब्रत चट्टोपाध्याय ने कहा कि टेक्नो इंडिया ग्रुप हमेशा इस तरह की पाठ्येतर गतिविधियों का समर्थन करता है। कहा कि सफलता कोई संयोग नहीं है। यह कड़ी मेहनत, दृढ़ता, सीखना, अध्ययन, त्याग और सबसे बढ़कर, आप जो कर रहे हैं, उसके प्रति प्रेम है।' प्रिंसिपल डॉ. शरबानी रॉय ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा, ट्रॉफी या फिटनेस के बारे में नहीं हैं। यह चरित्र के बारे में हैं। जब हम कोई खेल खेलते हैं, तो हम सीखते हैं कि कैसे विनम्रता से जीतना है, क्रिकेट, एथलेटिक्स या कोई भी इनडोर गेम, हर खेल हमें अनुशासन, धैर्य और दृढ़ता सिखाता है।'

उप प्राचार्य डॉ. नजमुल इस्लाम ने कहा कि आज की तेज़-तर्रार, डिजिटल दुनिया में, जहां स्क्रीन अक्सर हमारे जीवन पर हावी हो जाती है, खेल खेलना पहले से कहीं ज़्यादा ज़रूरी है। यह हमारे शरीर को सक्रिय, हमारे दिमाग को तेज़ और हमारी आत्मा को मज़बूत रखता है। खेल तनाव को कम करने, एकाग्रता में सुधार करने और हमें एक टीम के रूप में काम करना सिखाने में मदद करते हैं - ये कौशल जीवन में बहुत ज़रूरी हैं।' खेल समन्वयक पीयूष मंडल ने कहा कि जीवन एक खेल है और खेलों की तरह ही हम कुछ जीतते हैं, कुछ हारते हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम कैसे खेलते हैं - ईमानदारी, दृढ़ संकल्प और आगे बढ़ते रहने के साहस के साथ।इस कार्यक्रम में संकाय सदस्यों में डॉ. आशीष नारायण, सुगन अभिषेक मुंडू, पल्लब दास, अरुणाभ दत्ता, नीलेश कुमार, असीम कुमार महतो, डॉ. चंदन राज, रूपम पाल, अंकिता रॉय, श्रेयसी भट्टाचार्य, कोमल कुमारी, छोटेलाल कुमार महतो, अमित कुमार, कमाल अहमद, गौरव दत्ता, संबित दास, गौरव साहा, शिवम राज, विवेक कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## पप्पू पांडेय की मौत पर सांसद ने जताया दुख परिजनों को हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता**




**हजारीबाग ।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत हेसाकुदर गांव निवासी चितरंजन उर्फ पप्पू पांडेय ( उम्र करीब 42 साल) की संदिग्ध मौत के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। शुक्रवार सुबह उनका शवहेसाकुदर से तुरकाटांड़ जाने वाली सड़क के किनारे झाड़ियों में बरामद हुआ था। इस घटना की जानकारी कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता किशोरी राणा के माध्यम से मिलते ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग भेजा। वहां उन्होंने मृतक के परिजनों से मुलाकात कर घटना की पूरी जानकारी ली और उन्हें ढांढस बंधाया। सांसद प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया में परिजनों की मदद की और कटकमसांडी मुखिया के एम्बुलेंस से शव को मृतक के गांव हेसाकुदर भेजवाया। साथ ही परिजनों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान भाजपा के कई वरिष्ठ कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद थे, जिनमें शाहपुर पंचायत के पूर्व मुखिया प्रेमचंद प्रसाद, दुर्जय प्रसाद, अभय पांडेय, शिव शंकर पांडेय, कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा शामिल थे। कटकमसांडी की मुखिया श्रीति पाण्डेय भी यहां मौजूद रही । मृतक के भाई मनोहर पाण्डेय ने थाने में लिखित आवेदन देकर हत्या की आशंका जताई है। उन्होंने गांव के ही धर्मेंद्र भुइँया पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस फिलहाल हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पप्पू पांडेय का परिवार बेहद गरीब है और उनकी मौत के बाद पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है ।

## जनहित, प्रशासनिक समन्वय पर केंद्रित रहा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल का दौरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने हजारीबाग के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल ने जनसेवा, पारदर्शी प्रशासन और समग्र विकास के मुद्दों पर अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए प्रशासनिक तंत्र से सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने की बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर उनके कार्यकाल की सराहना की। मुन्ना सिंह ने कहा कि उनकी संवेदनशील और जनोन्मुखी प्रशासनिक शैली ने हजारीबागवासियों के दिलों में एक विशेष स्थान बनाया है। उन्होंने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इसके पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि प्रकाश सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान जिले के विकास, प्रशासन की पारदर्शिता और जनहित में उनकी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा जताई गई। उन्हें कांग्रेस परिवार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया गया। नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से भेंट करते हुए मुन्ना सिंह ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने की प्रतिबद्धता की सराहना की।

प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

# सेवानिवृत्ति के बाद एक स्वच्छंद, तनावमुक्त जीवन जीने जा रहे:आयुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**



**हजारीबाग।** प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यालय के राजभाषा सहायक अनुदेशक संजय कुमार सिन्हा एवं सफाई कर्मी भरत राम को उनके सेवा-निवृत्ति होने पर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह के दौरान दोनों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें कर्तव्यनिष्ठ, विनम्र और अनुशासित कर्मी बताया। आयुक्त पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा मेरे प्रमंडल में पदस्थापन के मात्र आठ महीनों के भीतर तीन कर्मियों को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी जा चुकी है। विदाई देना हमेशा एक भावनात्मक क्षण होता है। दुख इस बात का होता है कि अनुभवी साथियों से विदा लेनी पड़ती है, लेकिन सुख इस बात का भी होता है कि अब आप सेवानिवृत्ति के बाद एक स्वच्छंद, तनावमुक्त जीवन जीने जा रहे हैं।

मेरा आग्रह है कि आप आगे का जीवन परिवार के साथ आनंदपूर्वक बिताएँ और अपने जीवन के अनुभवों को अगली पीढ़ी के साथ साझा करें।

सेवानिवृत्ति को निराशा का नहीं, बल्कि एक नए जीवन अध्याय की शुरुआत के रूप में देखना चाहिए। आयुक्त ने दोनों को आगे के जीवन हेतु मंगलकामनाएं व शुभकामनाएं दी। समारोह के अंत में सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह, उपहार तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी गईं। सेवानिवृत्त राजभाषा सहायक अनुदेशक एवं आदेशपाल ने अपने भावुक संबोधन में सभी सहयोगियों एवं अधिकारियों का आभार प्रकट किया और कहा कि यह कार्यालय उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा रहा है। समारोह में अवर सचिव रास बिहारी प्रसाद, कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

सिखों के पांचवें गुरु श्री गृह अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस में हुए शामिल मनीष जायसवाल

# सर्वोच्च बलिदान के लिए हमेशा जाने जाएंगे गुरु अर्जुन देव : सासंद

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** शहीदों के सरताज, सिख धर्म के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी की शहीदी दिवस पर शुक्रवार को रामगढ़ स्थित गुरुद्वारा साहिब में आयोजित उनके शहीदी दिवस कार्यक्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल पहुंचे और यहां गुरुद्वारा में मत्था टेककर उन्हें शत- शत नमन किया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने यहां कीर्तन में शामिल हुए और सामूहिक लंगर में बैठकर प्रसाद भी पाया । मौके पर रामगढ़ के सिख समाज के पदाधिकारियों ने सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य भाजपा नेताओं का अंग-वस्त्र भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान गुरुद्वारा समिति द्वारा मुफ़्त दंत चिकित्सा शिविर, बुजुर्गों के लिए निःशुल्क आयुष्मान कार्ड निर्माण शिविर, प्याऊ और लंगर का भी आयोजन किया गया ।

मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि गुरु अर्जुन देव जी ने अत्याचार के विरुद्ध सत्य, धर्म और मानवता के मार्ग पर अडिग रहते हुए अपना बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, सेवा और सहनशीलता की मिसाल है। धर्म की रक्षा और सामाजिक सौहार्द्र के लिए दिया गया उनका बलिदान युगों तक समस्त मानव जाति को सच्चाई, साहस और करुणा के पथ पर चलने की प्रेरणा देता रहेगा ।

गुरुद्वारा पहुंचने से पूर्व सांसद मनीष जायसवाल का स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने रामगढ़ शहर के सुभाष चौक पर फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया । मौके पर विशेष रूप से रामगढ़ गुरुद्वारा प्रबंधन कमिटी के प्रधान परमदीप सिंह कालरा, रामगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, रामगढ़ विधानसभा के सांसद मीडिया प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस, मीत प्रधान अमरजीत सिंह, ब्रजेश पाठक,तरुण साव,सुमित अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उपस्थित थे ।

### भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने की उपायुक्त से मुलाकात

# फुटपाथ दुकानदारों की समस्याएं उठीं, डीसी ने लिया संज्ञान



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भाजपा का प्रतिनिधि मंडल नवनियुक्त उपायुक्त महोदया से मिलकर स्वागत किया एवं सुभकामनायें दी। भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने कहा की सिमडेगा जिला के विकास हेतु प्रशासन का हर कदम पर भारतीय जनता पार्टी का सहयोग रहेगा जनहित के कार्यों को गति देने में भाजपा का पूर्ण सहयोग रहेगा।साथ ही भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने फुटपाथ दुकानदारों के समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा और कहा कि फुटपाथ दुकानदार को अतिक्रमण के नाम पर रोज-रोज परेशान किया जा रहा है उन पर मुकदमा भी दर्ज हो गया है इसका स्थाई समाधान निकाला जाए,इस पर उपायुक्त ने सकारात्मक आश्वासन दिया और प्रतिनिधि मंडल को अस्वस्थ किया की फुटपाथ दुकानदारों को परेशान नहीं किया जाएगा। साथ ही जिले के अनेक गांवों में ट्रांसफार्मर खराब होने के वजह से विद्युत आपूर्ति बाधित होने की समस्याओं को भी उठाया और उपायुक्त से मांग की गई की ट्रांसफार्मर वर्कशॉप में तेज गति से ट्रांसफार्मर की मरम्मती हो क्योंकि एक एक महीने दो दो महीने से गांव में ट्रांसफार्मर खराब पड़ा है।उपायुक्त ने भी भाजपा प्रतिनिधि मंडल को कहा कि सभी राजनीतिक दल एवं सामाजिक संगठनों को एक मंच पर ला कर जिला का विकास किया जाएगा।भाजपा प्रतिनिधि मंडल में पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ,अनुप प्रसाद ,तुलसी साहु, रवि गुप्ता, नवीन सिंह ,नरेंद्र बड़ाईक ,संटू गुप्ता, सरवन सेनापति ,नंदिनी दास ,पिंकी प्रसाद, सीखा अग्रवाल थे।

## पत्रकार संघ ने उपायुक्त से की शिष्टाचार भेंट, प्रेस भवन निर्माण की मांग

● **पत्रकार संघ ने डीसी से की शिष्टाचार भेंट, पत्रकारों की समस्याओं से कराया अवगत**

**सिमडेगा।** सिमडेगा पत्रकार संघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें जिले में पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी। मौके पर पत्रकारों की समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। इस दौरान संघ के लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से जिले में प्रेस भवन निर्माण की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सिमडेगा जिला मुख्यालय में अब तक प्रेस भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। जिससे बाहर से आने वाले पत्रकारों और मीडिया से जुड़े अतिथियों को ठहरने या कार्य करने में परेशानी होती है। ज्ञापन में जयप्रकाश उद्यान के बगल में स्थित जमीन पर प्रेस भवन निर्माण की मांग की गई। साथ ही भवन बनने तक जिला जन संपर्क कार्यालय में एक कार्यालय उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया। डीसी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जल्द से जल्द इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। डीसी ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं और उनके कार्यों को सुगमता से करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे की उपलब्धता बेहद जरूरी है। प्रेस भवन की दिशा में शीघ्र पहल की जाएगी। उन्होंने पत्रकारों से भी आग्रह किया कि जिले के समग्र विकास में मीडिया की भूमिका अहम है। यदि पत्रकार सकारात्मक सुझाव दें और प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम करें, तो हम जनहित में कई प्रभावशाली निर्णय ले सकते हैं। प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक सुनील सहाय, श्रीराम पुरी, सुहैब शहीद, अफ़ज़ल इमाम, उपाध्यक्ष शंभु सिंह, वाचस्पति मिश्र, सचिव दीपक अग्रवाल, उप सचिव विकास साहू, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारीः कुश बड़ाइक, सह मीडिया प्रभारी अमन मिश्रा, सदस्य अरुण राम, सत्यम केशरी, राकेश सरगुजा, राजेश बड़ाइक आदि शामिल थे।

## रौतिया समाज की प्रखंड कमिटी बानो ने उपायुक्त से की मुलाकात



**बानो।** रौतिया समाज प्रखण्ड कमिटी बानो के नेतृत्व में सदस्यों ने सिमडेगा उपायुक्त कंचन सिंह से शिष्टाचार मुलाकात शुक्रवार को किया। उन्होंने उपायुक्त को गुलदस्ता देकर स्वागत किया ।मौके पर रौतिया समाज की प्रखण्ड में जनसंख्या, सामाजिक कार्य व सामाजिक समस्याओं,राजनीतिक कार्यो में जुड़ाव आदि विषयों पर चर्चा की गई।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष महेश सिंह ,सचिव नीलम देवी ,रबिंद्र सिंह ,अजय सिंह ,करमपाल सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त से मिले कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल जिले की समस्याओं पर की गई चर्चा

**सिमडेगा।** उपायुक्त से उनके आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को सिमडेगा कांग्रेस जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की के नेतृत्व में कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमण्डल ने गुलदस्ता देकर जिला में उनका स्वागत किया साथ ही उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों ने उपायुक्त को जिले के ज्वलंत समस्याओं पर संज्ञान लेकर त्वरित समाधान करने को कहा।मौके पर सरकार के योजनाओं को कैसे गाँव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाकर उन्हें लाभ दिया जा सके इसपर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई। इसपर उपायुक्त सिमडेगा ने स्पष्ट रूप से कहा की जिले के हर समस्याओं पर प्रशासन की पैनी नजर होगी और उन सभी समस्याओं को त्वरित संज्ञान में लेकर समाधान किया जायेगा। इस मुलाक़ात में जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष रावेल लकड़ा, सांसद प्रतिनिधि अमित डुंगडुंग, सांसद प्रतिनिधि डीडी सिंह, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील मिंज, प्रदेश प्रतिनिधि प्रदीप केशरी,पूर्व नंप अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू,प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन्दर तिर्की,जिलाउपाध्यक्ष शिशिर मिंज, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा नाग, दिशा सदस्य नोमीता बा, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव वारिस रज़ा, जिला सचिव बिजय बेक, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष संदीप नायक,कांग्रेस कार्यकर्त्ता मो. अरमान एवं जॉनसन बेक मुख्य रूप से मौजूद रहें।

## कवि मनोज सिन्हा 'मनु' को भाजपा ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा के वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षक एवं सुप्रसिद्ध कवि मनोज सिन्हा 'मनु' को भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल द्वारा आज पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें हाल ही में एक प्रतिष्ठित कवि सम्मेलन में विख्यात संगीतकार संतोष आनंद द्वारा सम्मानित किए जाने के उपलक्ष्य में दिया गया।सम्मान समारोह के दौरान भाजपा नेता श्रद्धानंद बेसरा ने कहा, "मनोज सिन्हा 'मनु' सिर्फ एक पत्रकार और शिक्षक ही नहीं, बल्कि एक प्रसिद्ध कलाकार और कवि हैं। उन्होंने अपनी प्रतिभा से सिमडेगा को कई राष्ट्रीय मंचों पर गौरवान्वित किया है। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है।भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें आगामी दिनों में निरंतर सफलता की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वे अपने रचनात्मक कार्यों के माध्यम से सिमडेगा का नाम देशभर में रोशन करते रहेंगे।मनोज सिन्हा 'मनु' को पहले भी कई साहित्यिक आयोजनों और मंचों पर सम्मान मिल चुका है। उनकी रचनात्मकता, सामाजिक चेतना और साहित्य के प्रति समर्पण ने उन्हें एक अलग पहचान दिलाई है।इस सम्मान समारोह में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनता के हर सुख-दुःख में कांग्रेस साथ खड़ी है : डेविड तिर्की

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला कांग्रेस अध्यक्ष डेविड तिर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता के हर सुख-दुःख में साथ खड़ी है और हर जरूरतमंद को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह वक्तव्य उन्होंने सदर प्रखंड के बेलपहाड़ गांव में पीड़ित जेम्स केरकेट्टा के परिवार से मुलाकात के दौरान दिया, जिनका मिट्टी निर्मित घर हालिया बरसात में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।प्रखंड अध्यक्ष नवीन बिरेन्द्र तिर्की द्वारा सूचना मिलने के पश्चात जिलाध्यक्ष डेविड तिर्की कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ मौके पर पहुँचे और स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि जेम्स केरकेट्टा का आवास बारिश के पानी से पूरी तरह नष्ट हो गया है, जिससे उनका परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।निरीक्षण के दौरान डेविड तिर्की ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

## प्रखंड कार्यालय में साप्ताहिक बैठक आयोजित, योजनाओं की प्रगति पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**बानो।** प्रखंड कार्यालय सभगार मे प्रखंड कर्मियो की सप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई।बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बीपीओ, जेई,पंचायत सचिव,रोजगार सेवक और प्रखंड के कर्मी गण उपस्थित रहे। बैठक मे प्रखंड के सभी पंचायत मे चल रहे मनरेगा योजना व पीएम अवास व अबुआ अवास योजना का समीक्षा किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास सर्वे,मनरेगा में कूप निर्माण कार्य में प्रगति,बागवानी योजना में इन्टरक्रोपींग, साफ सफाई, टेका,नया बागवानी योजना का चयन करने का निर्देश दिया गया। सप्ताहिक समीक्षा बैठक प्रखंड सभागार बानो, लक्ष्य अनुरूप मानव दिवस सृजन, बागवानी योजना में शत् प्रतिशत गड्ढा खोदाई करना। जलदूत एप्प में प्रति राजस्व ग्राम दो कूप का जलस्तर को नापने का निर्देश दिया गया। बैठक मे प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पंचायत सचिव व रोजगार सेवको मनरेगा योजना संचालित योजना मे तेजी लाने मानव दिवस सृजन मे बढोतरी करने का निर्देश दिया। लंबित योजना को पुर्ण करके अभिभलेख बंद करने का निर्देश दिया। पीएम व अवास योजना मे वैसे लाभुक जो ढलाई नही किये है। पंद्रह दिन के अंदर ढलाइ करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर बीपीओ चारू मांझी,जीतवाहन मांझी, बीपीआरओ रंजित महतो, लालदेव कुमार, अरविंद कुमार दुबे, राहुल कुमार, संजय डांग, त्रिवेणी प्रसाद, लालदेव सिंह,तनुज महतो, पति महतो, देवीलाल ओहदार, अजय सिंह, अकाश महतो, सिंपलश्री, केलिबर भोक्ता, रियासत खान, केदार नाग, बंसत मडकी,रमेश कुल्लु, दिव्य प्रकाश, इसहाक बाडा, रूबी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## सिमडेगा में इंटर सीटों का संकट, हजारों छात्र पढ़ाई को मजबूर होंगे बाहर जाने

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** मैट्रिक के रिजल्ट के बाद अब छात्र एवं अभिभावकों को इंटर की पढ़ाई की परेशानी सताने लगी है। इंटर कॉलेजों में एडमिशन के लिए भागमभाग शुरू हो गया है। छात्र इंटर की पढ़ाई के लिए अच्छे कॉलेजों की तलाश कर रहे हैं। कई प्लस टू स्कूलों में नामांकन शुरू हो गया है। इस वर्ष मैट्रिक में जैक बोर्ड से 6516 छात्र पास हुए हैं। जबकि सीबीएसई बोर्ड से भी हजारों छात्रों ने मैट्रिक की परीक्षा पास किया है। गौरतलब है कि जिले के इंटर कॉलेजों में मात्र साढ़े चार से पांच हजार ही सीट हैं। ऐसे में लगभग डेढ़ हजार से अधिक छात्र बाहर जाकर पढ़ाई करने को विवश होंगे।वहीं गरीब छात्रों की पढ़ाई पिछड़ सकती है। जिले भर में कुल 27 इंटर कॉलेज हैं। इनमें से आठ निजी व 19 सरकारी प्लस टू स्कूल अथवा इंटर कॉलेज हैं। निजी स्कूलों में लगभग 3000 छात्रों का इंटर के तीनों संकाय में नामांकन लिया जाता है। जबकि लगभग 2000 सरकारी प्लस टू स्कूलों में नामांकन लिया जाता है। सरकारी प्लस टू स्कूलों में विज्ञान और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई की स्थिति तो और भी दयनीय है। जिले के कुछ गिने चुने प्लस टू स्कूलों में विज्ञान और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई होती है। गौरतलब कि इंटर की पढ़ाई जिले में किसी भी डिग्री कॉलेज में नहीं होती है। जिला मुख्यालय छात्र हैं ज्यादा परेशान। जिला मुख्यालय से मैट्रिक की परीक्षा में सबसे ज्यादा छात्र पास हुए हैं। जबकि जिला मुख्यालय स्थित प्लस टू स्कूलों में सीटें सीमित हैं। कई नामचीन प्लस टू स्कूलों से संबंधित स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास करने वाले छात्रों को ही नामांकन में प्राथमिकता दी जाती है। ऐसे में हजारों छात्रों के लिए जिले के बाहर जाकर ही इंटर की पढ़ाई करना एकमात्र रास्ता होगा। इसको लेकर अभिभावक एवं छात्र काफी चिंतित हैं। इंटर की पढ़ाई के लिए शिक्षकों का टोटा। जिले में सरकारी और अल्पसंख्यक को मिलाकर कुल 24 अपग्रेडेड प्लस टू स्कूलों में इंटर की पढ़ाई तो होती है, लेकिन यहां भी कई महत्वपूर्ण विषय के लिए शिक्षकों का टोटा है। खासकर वाणिज्य और विज्ञान विषय के लिए पर्याप्त मात्रा में शिक्षक बहाल नहीं हुए हैं। नतीजन अधिकांश अपग्रेडेड प्लस टू स्कूलों में विज्ञान और वाणिज्य की पढ़ाई नहीं होती। इस कारण विज्ञान और वाणिज्य पढ़ने के कई स्कूलों छात्र भी कला संकाय में पढ़ाई करने को विवश हैं।

## सरना धर्म कोड व आदिवासी अधिकारों को लेकर आंदोलन तेज, 4 जून को झारखंड बंद का ऐलान

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** केन्द्रीय सरना स्थल सिमडेगा में शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता हरिश्चंद्र भगत ने की। बैठक में आदिवासी बचाव मोर्चा के बैनर तले कई मुद्दों पर चर्चा की गई और 4 जून 2025 को सम्पूर्ण झारखंड बंद का ऐलान किया गया। इससे एक दिन पहले 3 जून को मशाल जुलूस निकाला जाएगा।बैठक में मुख्य रूप से सरना स्थल रैम्प को हटाए जाने का विरोध, लुगू बुरू-मरांग बुरू (पारसनाथ पर्वत) की पवित्रता की रक्षा, पेसा कानून का प्रभावी क्रियान्वयन, जमीन की लूट, सरना धर्म कोड की माँग, खड़िया भाषा में शिक्षकों की नियुक्ति में उपेक्षा, आदिवासी योजनाओं की बंदरबांट, तथा शराब नीति के विरोध जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।बैठक में कुंद्रासी मुंडा, नीरजंना हेरेंज टोप्पो, प्रदीप टोप्पो, प्यारा मुंडु, रोशन डुंगडुंग, धानो कच्छप, बंसत मांझी सहित कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने झारखंड बंद को सफल बनाने की अपील की।वक्ताओं ने कांग्रेस नेता बंधु तिर्की पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरना धर्म कोड की मांग करने से पहले उन्हें मूल धर्म सरना में वापसी करनी चाहिए। कुंद्रासी मुंडा ने आरोप लगाया कि बंधु तिर्की केवल राजनीतिक लाभ के लिए सरना मुद्दे का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि बंधु तिर्की कहते हैं कि सिरम टोली सरना स्थल के पास बनाए गए रैंप में सरना की भूमि को नहीं इस्तेमाल किया गया है। अगर उन्हें ऐसा लगता है तो वह भूमि की माफी कारण यदि सरकार द्वारा सरना स्थल को मापी करवाने के बाद रैंप का स्थल सरना स्थल पर जरूर निकलेगी और अगर नहीं निकलती है तो समस्त आदिवासी समाज सरकार से माफी मांगेगी, लेकिन अगर भूमि सरना स्थल की निकलेगी, तो क्या बंधु तिर्की की बेटी व राज्य सरकार की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की इस्तीफा देंगी?आदिवासी छात्र संघ के जिला अध्यक्ष रोशन डुंगडुंग ने आरोप लगाया कि सरकार ग्राम सभा स्तर पर शराब की बिक्री की योजना बना रही है, जो आदिवासी समाज को पतन की ओर धकेलने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासियों के हितों को ताक पर रखकर सत्ता का खेल खेल रही है। यह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि सरना धर्म कोड को लेकर संघर्ष जारी रहेगा और सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन होगा। वक्ताओं ने कहा कि यह सिर्फ एक धार्मिक मुद्दा नहीं, बल्कि आदिवासी अस्मिता और अस्तित्व का प्रश्न है।

## 'मोर पुलिस मोंय पुलिस' के तहत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** कम्युनिटी पुलिसिंग 'मोर पुलिस मोय पुलिस' के तहत महाबुआंग थाना क्षेत्र के कोनसोदे पंचायत के बंशीटोली में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनों के समस्याओं एवं शिकायतों को सुना गया।कार्यक्रम में किसी प्रकार का कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में एएसआई कमल कच्छप और पुलिस पदाधिकारीयों ने स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं।कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने कार्यक्रम का उदघाटन कर किया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी ने कहा कि *यह कार्यक्रम ऐसे लोगों के लिए आयोजित है जो किसी कारण से पुलिस तक नहीं पहुँच पाते है तथा लोगों मे जागरूकता के लिए भी यह कार्यक्रम आवश्यक है। उन्होंने कहा की 112,1930,डायल कर शिकायत कर सकते है।ठगी मामलों,मानव तस्करी,डायन प्रथा शक्ति एप्प जैसे मामलों की जानकारी दिया गया तथा निदान के लिए पहल करने की बात किया गया।उन्होने कहा कि इसके लिए जागरूकता जरुरी है।

## सरना धर्म कोड पर विमला प्रधान का हमला, झामुमो कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप

● **सरना धर्म कोड के नाम पर झामुमो और कांग्रेस कर रही है तुष्टिकरण की राजनीति**

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर चल रहे आंदोलनों के बीच पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने राज्य की गठबंधन सरकार—झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस—पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने इन दलों पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरना धर्म कोड की मांग को गैर-व्यवहारिक और असंवैधानिक बताया जाना चाहिए।विमला प्रधान ने कहा कि 2014 में जब भारतीय जनता पार्टी के तत्कालीन सांसद सुदर्शन भगत ने संसद में सरना धर्म कोड की मांग उठाई थी, तब कांग्रेस के जनजातीय मंत्री वी. चंद्रकिशोर राव ने इसे असंवैधानिक बताया था। अब वही दल आज जनजातीय समाज को बरगलाकर वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं।पूर्व मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरना, मंदिर, मस्जिद या गिरजाघर की तरह पूजा स्थल हैं, धर्म नहीं। उन्होंने कहा कि प्रकृति पूजक आदिवासी अपने-अपने रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा करते हैं। जैसे—कोल्हान क्षेत्र में मुंडा और हो समुदाय अलग ढंग से पूजा करते हैं, संथाल परगना में जाहेर स्थान में पूजा होती है, वहीं सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा में सरना स्थल पर पूजा की जाती है। गोंड और बड़ाईक समुदाय महादेव की पूजा करते हैं। इस तरह देशभर के आदिवासियों की पूजा पद्धति भिन्न-भिन्न है और उनमें एकरूपता नहीं है।उन्होंने कहा कि एक समान धर्म कॉलम के लिए देशभर के आदिवासियों को एक मंच पर आकर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि या तो अदिधर्म के नाम पर कोई प्रस्ताव लाया जाए या सरकार कोई सर्वमान्य कॉलम निर्धारित करे।विमला प्रधान ने झामुमो और कांग्रेस पर जनगणना में जाति आधारित डेटा को रोकने का आरोप लगाया और कहा कि जब ये दल सत्ता में थे, तब उन्होंने आदिवासियों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ कार्यक्रम को भी राजनीति प्रेरित बताते हुए कहा कि संविधान में समय-समय पर लोगों की जरूरतों के अनुसार संशोधन की अनुमति है।कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में 60 से अधिक बार संविधान में संशोधन किए हैं। भाजपा सरकार भी जनहित को देखते हुए आवश्यक संशोधन करती रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं कहा है कि संविधान भारत की आत्मा है और इसे बदला नहीं जा सकता विमला प्रधान ने कहा।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सिमडेगा पत्रकार संघ की नई कमेटी गठित, आशीष शास्त्री बने जिलाध्यक्ष

**सिमडेगा।** पत्रकारों के सम्मान, अधिकार और संगठन की मजबूती को लेकर आयोजित पत्रकार संघ की बैठक शुक्रवार को परिसदन भवन में सम्पन्न हुई। वरिष्ठ पत्रकार सुनील सहाय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से सिमडेगा पत्रकार संघ के कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसमिति से आशीष शास्त्री को जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं वरिष्ठता, अनुभव और समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए संरक्षक मंडली में सुनील सहाय, श्रीराम पुरी, सुहैब शहीद और अफजल इमाम को शामिल किया गया। वहीं शंभु सिंह और वाचस्पति मिश्र को उपाध्यक्ष, दीपक अग्रवाल को सचिव, विकास साहु को उप सचिव, मुकेश कुमार को कोषाध्यक्ष बनाया गया। जबकि कुश बड़ाईक को मीडिया प्रभारी और अमन मिश्रा को सह मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं कार्यसमिति सदस्य में अरुण राम, सत्यम केशरी, राकेश सरगुजा, राजेश बड़ाइक को शामिल किया गया। बैठक में पत्रकारों के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती पर खुलकर चर्चा हुई। वरिष्ठ पत्रकार सुनील सहाय ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होते हैं। हमें अपनी भूमिका निष्ठा और निर्भीकता के साथ निभानी है। नए नेतृत्व से उम्मीदें हैं कि संघ नई ऊंचाइयों को छुएगा। नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष आशीष शास्त्री ने कहा कि हम सब मिलकर पत्रकारों के अधिकारों की रक्षा करेंगे और संघ को एक सशक्त मंच बनाएंगे। वरिष्ठ संरक्षक श्रीराम पुरी, सुहैब शहीद और अफजल इमाम ने कहा कि पत्रकारिता की गरिमा बनाए रखना हम सबकी प्राथमिकता है। एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। वहीं सदस्यता शुल्क निर्धारित करने, कोष गठित करने, संघ का रजिस्ट्रेशन कराने सहित अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### बानो में विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन

**बानो।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में किसानों को समृद्ध और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आई सी ए आर एवं कृषि आत्मा विभाग द्वारा विकसित कृषि संकल्प का आयोजन बड़कादुइल,लामगढ़ और बिंगोरा ग्राम में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कृषि विज्ञान केंद्र के डॉक्टर बंधनु उरांव,प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय सिंह, एटीएम बानो ओबैदुल्लाह एहरार और श्याम कुमार उपस्थित थे। विकसित कृषि संकल्प अभियान के आयोजन में कृषि और आत्मा द्वारा विभिन्न योजनाओं पर ग्रामीणों के बीच चर्चा किया गया।वहीं एटीएम अबदुल्लाह एहरार के द्वारा किसानों को पीएम किसान निधि योजना के बारे में जानकारी साझा किया गया साथ ही किसानों को बीज उपचार के बारे मे जानकारी दी गई और केंद्र तथा राज्य सरकार के द्वारा किसानों के लिए चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं के बारे में भी उपस्थित किसानों को जानकारी दी गई।

### प्राचीन शिव मंदिर पर्यटन क्लब बोलबा का गठन, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार टांड़ चबूतरे पर प्राचीन शिव मंदिर पर्यटन क्लब, बोलबा का विधिवत गठन किया गया। इस अवसर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मोतीराम सेनापति ने की।बैठक में सर्वसम्मति से पारसमणि दास को क्लब का अध्यक्ष, कपिला नंद प्रधान को सचिव तथा कौशल्या देवी को कोषाध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी तनूजा देवी को सौंपी गई। वहीं, समिति के सदस्य के रूप में गजाधर सिंह, अगिन्द्र सिंह, पुनेश्वर सेनापति, रमेश दास, अंजू खलखो, प्रभा देवी, आस्मां देवी, वृन्दावती देवी, बिरासमुनी देवी, ललिता देवी, पूनम देवी, मिलावती देवी, इंद्रलोक लोहरा, सुमन दास, त्रिलोचन दास, रघुनन्दन सिंह, सहरू साहू आदि को शामिल किया गया।बैठक में पर्यवेक्षक दीपक कुमार सिंह ने क्लब गठन की प्रक्रिया, उद्देश्य तथा भावी कार्ययोजना के बारे में उपस्थित लोगों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह क्लब क्षेत्र के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले प्राचीन शिव मंदिर को पर्यटन मानचित्र पर लाने और इसके संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार के लिए कार्य करेगा।सदस्यों ने निर्णय लिया कि अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के संयुक्त नाम से को-ऑपरेटिव बैंक, बोलबा में खाता खोला जाएगा और इसी खाते के माध्यम से क्लब का वित्तीय संचालन किया जाएगा।इस अवसर पर बोलबा प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा और समसेरा पंचायत की मुखिया सूरजन बड़ाइक ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि यह क्लब स्थानीय पर्यटन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### बानो सीएचसी में डॉक्टरों की कमी और रनियां में एम्बुलेंस की मांग

**बानो।** तोरपा विधानसभा अंतर्गत जिला सिमडेगा,प्रखण्ड बानो में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बानो में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं जिला खूँटी, प्रखण्ड रनियां में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के संबंध में,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने के संबंध में तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया स्वास्थ्य मंत्री इरफान से मिलकर उन्हें मांगपत्र सौंपा।मांग पत्र सौंप कर स्वास्थ्य मंत्री को विधायक ने बताया कि तोरपा विधानसभा अंतर्गत जिला सिमडेगा,प्रखण्ड बानो के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बानो में मात्र दो चिकित्सक प्रतिनियुक्त हैं।जबकि बानो प्रखंड लगभग एक लाख की आबादी के साथ जिले का सबसे बड़ा प्रखण्ड है। चिकित्सकों की कमी से क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य सुविधा मिलने में अत्यंत कठिनाई हो रही है।उसी प्रकार जिला खूँटी,प्रखण्ड रनियाँ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में वर्तमान में उपलब्ध एम्बुलेंस जर्जर अवस्था में हैं जिसकी वजह से मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र तक लाने व उचित उपचार हेतु सदर अस्पताल भेजने में काफी असुविधा हो रही है।उपरोक्त समस्या को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बानो में महिला चिकित्सक सहित चार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रनियाँ में एक एम्बुलेन्स उपलब्ध कराया जाए।

# मयूराक्षी नदी में स्नान के दौरान दो बहनों की डूबने से मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**दुमका।** जिला के शिकारीपाड़ा प्रखंड क्षेत्र स्थित गंदरकपुर गांव में मयूराक्षी नदी में स्नान के दौरान तीन बहने डूब गई। इसमें उमा कुमारी(19) और पूजा कुमारी(14) दोनों की मौत हो गई है। जबकि आस्था कुमारी किसी तरह अपनी जान बचाने सफल रही।

दरअसल दुमका जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के रणबहियार गांव की रहने वाली है। उमा कुमारी (19) की मां जमशेदपुर में सरकारी शिक्षक है। उमा जमशेदपुर के कॉलेज में स्नातक सेमस्टर - 3 की छात्रा थी। गर्मी छूट्टी में वह अपनी मौसी के घर दुमका के




गन्दरकपुर गांव आई हुई थी। शुक्रवार को वह अपनी मौसी की बहन पूजा कुमारी और उसी गांव में रहने वाले अपने मामा की बेटी आस्था कुमारी के साथ स्नान करने घर से थोड़ी दूर मयूराक्षी नदी पर बने बहराकुंडी डैम गई थी। यहां मसानजोर डैम के जल अधिग्रहित एरिया का पानी जमा रहता है।

इधर जब तीनों बहनें उमा,पूजा और आस्था स्नान कर रही थी। तभी अचानक उनका पांव फिसल गया और वे गहरे पानी में डूबने लगी। काफ़ी हाथ पांव मारने के बावजूद उमा और पूजा नदी में डूब गई। जबकि आस्था ने अपनी जान बचाई।

वह दौड़ते हुए गांव पहुंची और लोगों को इस हादसे के बारे में बताया। गांव वाले आनन-फानन ने उक्त स्थान पर पहुंचे और किसी तरह दोनों युवती को बाहर निकाल कर सीधे फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक हादसे की शिकार हुई पूजा कुमारी ने कुछ दिन पहले ही मैट्रिक की परीक्षा गन्दरकपुर उच्च विद्यालय से पास किया था और पूरे विद्यालय में उसका पहला स्थान था।

इधर मृतका उमा कुमारी के माता - पिता घूमने के लिए गंगटोक गए हैं। उन्हें बेटी के साथ हुए इस हादसे की खबर दे दी गई है।एक साथ दो युवतियों के नदी में डूबकर हुई मौत के बाद आसपास के इलाके में शोक व्याप्त है। काफ़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए। इस पूरे मामले पर हमने शिकारीपाड़ा के थाना प्रभारी अमित लकड़ा से बात की उन्होंने कहा कि घटनास्थल से दोनों बहनों को अस्पताल ले जाया गया था। जहां उनकी मौत हो गई है।नगर थाना से फर्द बयान लिया जा रहा है।

# अंचल अधिकारी के समक्ष नव चयनित चौकीदारों ने दिया अपना योगदान

**नवीन मेल संवाददाता**

**गांडेय(गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड के विभिन्न गांवों से नव चयनित 23 चौकीदारों ने शुक्रवार को गांडेय अंचलाधिकारी मो हुसैन के समक्ष अपना योगदान दिया । अंचलाधिकारी मो हुसैन ने सभी नव चयनित चौकीदारों को थाना आवंटित किया । नव चयनित चौकीदारों को मो. अयूब अंसारी, नरेश मरांडी, मुकेश टूडू, राजेश सिंह,विशाल कुमार,मनिक चंद हांसदा,छोटे लाल मरांडी,सुकसेन टूडू,मनोज सोरेन, रणधीर हांसदा,प्रिया कुमारी सोरेन, शिवजन मरांडी, सरिता मरांडी व उमेश मंडल को गांडेय थाना आबंटित किया गया। पूनम मरांडी,उपेंद्र वर्मा, तस्लीम अंसारी,मुनू लाल मरांडी, महालाल सोरेन,संदीप कुमार सिंह को अहिल्यापुर थाना आवंटित किया गया ।



हरेंद्र मंडल, गणेश चौधरी, सिंटू कुमार गुप्ता,ममता कुमारी को तारा टांड थाना आवंटित किया गया है। इस दौरान अंचलाधिकारी मो हुसैन ने कहा कि सभी नव चयनित चौकीदारों को थाना आवंटित कर दिया गया है । बाकी बचे चौकीदारों को अंचल और प्रखंड मुख्यालय के लिए रखा गया है ।

## पिंडरा मंदिर से घंटा व आभूषण की चोरी बेचने आया चोर धराया

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी क्षेत्र के पिंडरा में स्थित राधा कृष्ण के मंदिर से घंटा, दान पेटी से पैसा व सोने-चांदी के आभूषण की चोरी कर कुजू बाजार गली स्थित एक दुकान में बेचने आये एक चोर को ग्रामीणों ने धर दबोचा। साथ ही पुछताछ करते हुए कुजू पुलिस को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार पिंडरा के पास राधा कृष्ण मंदिर से शुक्रवार को हुवाग निवासी मो मुस्कान, मो अख्तर व मो सद्दाम अंदर घुसकर रखे घंटा, दान पेटी से पैसा व सोने-चांदी के आभूषण की चोरी कर लिया। इसकी भनक ग्रामीणों को लगते ही चोरों का पीछा किया। जहां से मो अख्तर व मो सद्दाम फरार हो गया। जबकि मो मुस्कान घंटा व आभूषण को बेचने को लेकर कुजू नया बाजार गली स्थित एक आभूषण दुकान पहुंचा। जहां पर दुकानदार को शक होने पर वह इसकी जानकारी आस-पास के लोगों को दी। जहां पर लोगों द्वारा कड़ाई से पूछताछ में उसने स्वीकार किया आभूषण व घंटा मंदिर से चोरी किया है।

# समता नगर में बजबजाती नालियों से परेशान लोगों ने किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** मानगो के समता नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। पिछले दस दिनों से वार्ड नंबर 10 की नालियां बजबजा रही हैं और गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों का चलना-फिरना दूभर हो गया है। स्थानीय महिला रुकमणि देवी, जो प्रतिदिन मंदिर जाती थीं, अब गंदगी के कारण पूजा करने भी नहीं जा पा रही हैं।

शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि मानगो नगर निगम सफाई के नाम पर



केवल खानापूर्ति कर रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज होकर नागरिकों ने पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह को मौके पर बुलाया। विकास सिंह ने नगर निगम के सिस्टम को 'लाईलाज लकवा' से ग्रसित बताते हुए कहा कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ अपने निजी स्वार्थ में लगे हैं और आम जनता को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम पानी की समस्या का समाधान भी नहीं करता, लेकिन नलकूप लगाने पर 5000 टैक्स वसूलता है। विकास सिंह ने बजबजाती नाली का वीडियो बनाकर कार्यपालक पदाधिकारी और उपायुक्त को भेजा और समस्या के समाधान की मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में कई स्थानीय नागरिक और महिलाएं शामिल रहीं।

## पृथ्वी बचाओ सप्ताह के तहत आनंद मार्ग ने बांटे पौधे और बीज

**पूर्वी सिंहभूम।** सोनारी कबीर मंदिर और गदरा आनंद मार्ग जागृति में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठा प्रयास देखने को मिला। पर्यावरण सप्ताह के अवसर पर आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल एवं प्रीवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स के संयुक्त तत्वावधान में 'पृथ्वी बचाओ सप्ताह' की शुरुआत की गई।

# राशन वितरण में गड़बड़ी के खिलाफ मांगा स्पष्टीकरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**गांडेय(गिरिडीह)।** राशन वितरण में गड़बड़ी करने का वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निलेश कुमार ने बड़ी करवाई की है।

गांडेय प्रखंड के दास डीह पंचायत के देवन डीह गांव के जनवितरण प्रणाली दुकानदार ईश्वर राम के दुकान से राशन वितरण में कटौती करते हुए वीडियो वायरल हुआ था जिसे लेकर आपूर्ति पदाधिकारी ने जन वितरण प्रणाली के संचालक ईश्वर राम को 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा गया है ।अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी

**प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी निलेश कुमार ने बताया कि**

वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए 24 घंटे में स्पष्टीकरण मांगा गया है । स्पष्टीकरण नहीं देने पर करवाई की जाएगी

## अंधविश्वास की बलि चढ़ी कौशल्या, न्याय की प्रतीक्षा जारी

**सरायकेला।** देश तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है, लेकिन समाज के कुछ हिस्सों में आज भी अंधविश्वास और रूढ़िवादिता की जड़ें गहरी हैं। झारखंड के सरायकेला-खरखावां जिले के गम्हरिया प्रखंड के गायत्री नगर की विधवा कौशल्या महतो इसका ताजा उदाहरण हैं। कौशल्या को उनके पड़ोसियों ने डायन बताकर न सिर्फ सामाजिक बहिष्कार किया, बल्कि उनके घर आने-जाने वालों का रास्ता भी रोक दिया गया। बताया जाता है कि पड़ोसी दिलीप घोष की नजर कौशल्या की संपत्ति पर है।

# कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आयोजित

- **रैली के दौरान कांग्रेसियों ने लिया लोकतंत्र की रक्षा का संकल्प**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शुक्रवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सभागार में संविधान बचाओ रैली एवं सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश और जिला स्तर के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और संविधान के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन कर किया गया, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और राज्य सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वही, विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, रामगढ़ विधायक ममता देवी, आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय




लाल पासवान, गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, पूर्व मंत्री जेपी पटेल, प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा मौजूद थे । साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण, प्रखंड स्तर के नेताओं, एवं सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। जनसभा में रामगढ़ एवं आस-पास के विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने भाग लिया और संविधान की रक्षा एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था के संरक्षण का संकल्प लिटा । वक्ताओं ने वर्तमान राजनीतिक परिवेश में संविधान के मूल आदर्शों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता पर बल दिया।

सभा में मौजूद लोगों ने हाथ उठाकर संविधान की गरिमा, सामाजिक न्याय, समानता और धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया ।

# बसंती कुमारी का चयन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए हुआ

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले की होनहार एथलीट बसंती कुमारी ने एक बार फिर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। बसंती का चयन आगामी 16-17 जुलाई को जर्मनी में आयोजित होने वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के हाफ मैराथन स्पर्धा में हुआ है। यह लगातार दूसरा अवसर है जब वह इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

गत वर्ष चीन में आयोजित वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में उन्होंने 10 किलोमीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए सातवां स्थान हासिल किया था। इस बार वह हाफ मैराथन में अपनी क्षमता का परिचय देंगी।

जिला ओलंपिक संघ के कोच एवं सचिव अजय नायक ने बताया कि बसंती को एस.आर. रुंगटा ग्रुप से विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है,



जिससे वह वर्तमान में नाशिक में प्रशिक्षण ले रही हैं। कोच नायक ने एस.आर. रुंगटा ग्रुप के हेड मुकुंद रुंगटा और जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नितिन प्रकाश का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से बसंती लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। बसंती कुमारडुंगी प्रखंड के छोटा जामबानी गांव की रहने वाली हैं। उन्होंने अभावों में भी अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। कोच नायक ने जिले में प्रशिक्षण केंद्र की कमी पर चिंता जताते हुए कहा कि कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी उचित डाइट, किट और ट्रेनिंग सेंटर के अभाव में खेल छोड़ देते हैं।

## राष्ट्रीय सुढ़ी समाज के अध्यक्ष को धमकी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग

**पूर्वी सिंहभूम।** राष्ट्रीय सुढ़ी समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष कृतिवास मंडल को अज्ञात व्यक्ति की ओर से फोन पर धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। मंडल आरटीआई कार्यकर्ता संघ के केन्द्रीय महासचिव और आजसू पार्टी के जिला सचिव भी है। घटना 18 मई की रात की है जब कृतिवास मंडल को फोन कर धमकी दी गई। उन्होंने बताया कि यह धमकी तब दी गई जब उन्होंने सूचना अधिकार अधिनियम के तहत पोटका प्रखंड विकास पदाधिकारी से विभिन्न विषयों की जानकारी मांगी थी। मंडल ने जब फोन करने वाले से पहचान पूछी, तो उसने नाम बताने से इनकार कर दिया और फोन काट दिया। 20 मई को उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी, जिसकी प्रतिलिपि गृह सचिव, पुलिस महानिदेशक, उपायुक्त और थाना प्रभारी परसुडीह को भी भेजी गई।

# कांग्रेस ने बिजली समस्याओं को लेकर सौंपा डीजीएम को मांग पत्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने बिजली विभाग के डीजीएम सुधीर कुमार से मिलकर 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। जिलाध्यक्ष दुबे ने विशेष रूप से जर्जर तार, जर्जर पोल, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने, केबलिंग से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा विभागीय कर्मचारियों को जनहित में संवेदनशील रहने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने बिरसानगर, बागुननगर, बागुनहातु, बारीडीह बस्ती, प्रेमनगर, लक्ष्मीनगर सहित कई क्षेत्रों में बार-बार हो रही लोडशेडिंग और खराब मेंटेनेंस के मुद्दे उठाए। इन क्षेत्रों में पेड़ों से सटे बिजली के तारों से शॉर्ट सर्किट का खतरा, ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ने और बिलिंग एजेंसी की लापरवाही से उपभोक्ताओं को सरकारी लाभ नहीं मिलने की समस्या बताई।

धालभूमगढ़ में एनएच 33 बनने के साथ 33 केवी के केबल बिछाए गए थे, लेकिन अब तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है। इसके अलावा प्रेमनगर रोड नंबर-2, बजरंगी बगान, लक्ष्मीनगर, भुइयाडीह नंदनगर कब्रिस्तान के पीछे, बाबूडीह स्वर्णरेखा बस्ती में जर्जर पोल और खुले तार की समस्या है। चाकुलिया में भी केबल तार में बार-बार आग लगने, पोल सड़क के बीच होने, तार नीचे झूलने और ट्रांसफार्मर की कमी से जनता परेशान है। उत्तरी किताडीह पंचायत के तहत ग्वालापट्टी, न्यू कॉलोनी, पोस्ट ऑफिस रोड और जमुना विला इलाके में भी केबलिंग और पोल की समस्या है। बिजली बाधित होने पर विभागीय अधिकारियों के फोन न उठाने की शिकायत भी उठी।

## तालाब में डूबने से गयी युवक की जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम जिला के ग्रामीण क्षेत्र पटमदा थाना अंतर्गत पवनपुर गांव में शुक्रवार को तालाब में नहाने गए युवक की डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान सम्बर मुर्मू (35) के रूप में हुई है, जो अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। बताया जाता है कि सम्बर दोपहर करीब एक बजे अकेले घर से तालाब में नहाने के लिए गया था। लेकिन काफी देर तक घर वापस न लौटने पर परिजन उसकी तलाश में तालाब पहुंचे। तालाब में खोजबीन के बाद दोपहर करीब 3.30 बजे सम्बर का शव पानी से बाहर निकाला गया। शव बाहर आते ही पूरे गांव में कोहराम मच गया। सम्बर के परिवार में पत्नी मंगली मुर्मू (30) और तीन बेटियां पूजा (13), जननी (11) और शिवानी (9) हैं। सम्बर ही परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था, जिससे उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में उसी दिन नाता (छठी) का कार्यक्रम था, जहां खुशी का माहौल था। लेकिन सम्बर की मौत की खबर सुनते ही मातम पसर गया। घटना की सूचना पर पहुंचे पारा लीगल वॉलेंटियर निताई चंद्र गोराई ने बताया कि युवक को कोई बीमारी नहीं थी। संभवतः तालाब में नहाते समय बेहोश होकर वह गहरे पानी में चला गया।

# अवैध निर्माण पर चला प्रशासन का बुलडोजर सरकारी जमीन को कराया गया अतिक्रमण मुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला स्थित चक्रधरपुर नगर परिषद की ओर शुक्रवार को शहर के कुदलीबाड़ी इलाके में अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर परिषद की टीम ने बुलडोजर की मदद से अवैध रूप से बने कई ढांचों को ध्वस्त कर दिया। बताया गया कि स्थानीय लोगों द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर गाय और भैंस पालन के लिए खटाल बनाए गए थे। साथ ही, इस जमीन पर अवैध रूप से गोबर भी रखा



जा रहा था, जिससे आम लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। प्रशासन ने कार्रवाई के दौरान सूर्या नर्सिंग कॉलेज जाने के लिए बनी सरकारी पीसीसी सड़क को भी तोड़ दिया, क्योंकि यह सड़क भी अतिक्रमण के दायरे में आ गई थी। अधिकारियों के अनुसार, यह सड़क अंग्रेजी के 'एल' आकार में थी, जिसे मानचित्र के अनुसार मुक्त कराया गया। यह पूरी कार्रवाई मुख्य रूप से श्मशान घाट जाने वाले रास्ते और उसके किनारे सरकारी भूमि पर बने अवैध खटालों के खिलाफ की गई। पूर्व में खटाल संचालकों ने श्मशान जाने के रास्ते को अतिक्रमित कर अवैध निर्माण कर लिया था।

# आकाशीय बिजली गिरने से मनरेगा मजदूर सहित तीन की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** पलामू जिले में शुक्रवार को बारिश के साथ वज्रपात होने से मनरेगा मजदूर सहित तीन की मौत हो गयी। तरहसी प्रखंड की गुरहा पंचायत के कदमखाड़ में मनरेगा मजदूर की मौत हुई, जबकि एक मजदूर झुलस कर जख्मी हो गया। सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के बारी और कुलिया गांव में दो लोगों की मौत हो गई।

सतबरवा के बारी के पारघाट टोला में गट्टु भुइयां (40) और कुलिया में शिवराज उरांव (50) की मौत हुई। पुलिस ने तीनों शवों को



कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर भेज दिया है। इन घटनाओं के बाद से प्रभावित परिवार का रो रो कर बुरा हाल है।

पारघाट टोला में गट्टु भुइयां बारिश के दौरान घर के आंगन में रखा लोहा पाइप से बना खटिया को भींगने से बचाने के लिए घर के अंदर ले जा रहे थे, इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बारी की मुखिया निरोत्तम कुमारी ने सीओ तथा थाना प्रभारी को घटना की सूचना दी है और उचित मुआवजा देने का आग्रह किया है।

दूसरी ओर बोहिता पंचायत के कुलिया में शिवराज उरांव खेत में मवेशी चरा रहे थे। बारिश से बचने के लिए वह महुआ पेड़ के नीचे छिप गए। अचानक उसपर आकाशीय बिजली गिर गया, जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया।

मुखिया प्रतिनिधि लालबिहारी प्रसाद और श्यामबिहारी प्रसाद ने बताया कि तत्काल घटना की सूचना लेस्लीगंज थाना पुलिस को दी गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि सरकारी प्रावधान के अनुसार मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिया जाएगा। थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा ने एएसआई बसन्त कुमार दुबे और संतोष साहू को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के लिए बारी गांव भेजा।

वहीं कदमखाड़ तालाब के पास मनरेगा मजदूर रविन्द्र सिंह ( 48 )मनरेगा के तहत कूप निर्माण में लगा था। इसी बीच बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरा, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी, वहीं राजेश साव जख्मी हो गया। अन्य मजदूर बाल बाल बच गए।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय– उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण),**
**उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग**

**सामयिक सूचना अंक–02/ वर्ष 2025–26**
**मकई फसल में फॉल आर्मीवर्म का नियंत्रण**

प्रिय किसान बंधुओं,

फॉल आर्मीवर्म (*Spodoptera frugiperda*) एक विनाशकारी कीट है जिसका आक्रमण हाल ही के वर्षो में भारत में पाया गया है। झारखण्ड राज्य में के कुछ जिलों में इस कीट का संक्रमण देखा जा रहा है। यह कीट अत्यंत तीव्रता से संख्या बढ़ाता है और रोकथाम नहीं करने पर जल्द ही मकई की फसल को नष्ट कर सकता है। अतः समय पर इसका नियंत्रण करना आवश्यक है ताकि अच्छा उत्पादन प्राप्त हो सके।

**मेजबान फसलें**

इस कीट की मुख्य मेजबान फसल मकई (मक्का) हैं, परन्तु मकई नहीं होने पर यह ज्वार की फसल पर आक्रमण करता हैं और वह भी नहीं उपलब्ध रहने पर यह काई भी घास फसल जैसे गन्ना, चावल, गेहूँ, रागी इत्यादि को भी प्रभावित कर सकता है।

**फॉल आर्मीवर्म कीट**

इस कीट के लार्वा हरे, जैतून हल्के गुलाबी या भूरे रंगों में दिखाई है तथा प्रत्येक उदर खण्ड में चार काले धब्बों और पीठ के नीचे तीन पैटर्न और उदर खंड नौ पर सतहलम्बाकार (ट्रेपोजॉइड) आकार में व्यवस्थित होते है। सिर पर आँखों के बीच में अंग्रजी भाषा के (Y) आकार की एक सफेद रंग की संरचना बनी होती है। फॉल आर्मीवर्म कीट के व्यस्क पतंग एक दिन में लगभग 100 किलोमीटर से भी अधिक उड़ सकते है।

**मकई फसल में लक्षण**

लार्वा संक्रमण के शुरूआती अवस्था में, जब लार्वा पहले और दुसरे इंस्टार (विकास चरण) में होता है तो पत्तो पर लम्बे और कागजी छिद्र दिखाई पड़ते है। तीसरे और चौथे इंस्टार का लार्वा पत्तियो को खाने में जगह कटे–फटे छिद्र बना देता है। पांचवे और छठे इंस्टार का लार्वा पत्तियो को अत्याधिक तेजी से खाकर नष्ट कर देता हैं एवं अत्याधिक हानि होती है। पत्तियो पर, पौधे के गोभ में काफी मात्रा में इसका मल देखा जा सकता है। पौधे में भुट्टा बनने पर यह उसे भेद कर उत्पादन में सीधा नुकसान भी कर सकता है।

**प्रबंधन**

1.प्रत्येक फसल कटाई उपरांत गहरी जुताई करें।
2.अंकुरण उपरांत हर सप्ताह फसल का निरीक्षण करना चाहिए। पतंगों की निगरानी हेतु फेरोमोन ट्रैप लगायें। नर पतंगों की संख्या नियंत्रण हेतु 15 ट्रैप प्रति एकड़ लगायें। फसल में लार्वा/ इल्ली दिखने पर हाथ से पकड़ कर नष्ट कर दें। चिड़ियों को बठने के लिए बर्ड पर्च लगायें।
3.यदि संक्रमण प्रतिशत पौध अवस्था से मध्य गोब अवस्था तक 10% और मध्य गोभ अवस्था उपरांत 20% से अधिक है तो कीटनाशक छिड़काव की अनुशंसा की जाती है।
4.पहले और दुसरे इंस्टार लार्वा के नियंत्रण के लिए वानस्पति जैसे नीम आधारित Azadirachtin1500 पी.पी.एम. 5 मिली/ लीटर पानी में एवं सुक्ष्मजीवी कीटनाशक जैसे बेसिलस थुरिन्जिएन्सिस (किस्म कुर्सटकी) का फार्मूलेशन जैसे डीपल एल 2 मिली /लीटर या डेलफिन 5 डब्लूजी 2 ग्राम/लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।
5.तीसरे और चौथे इंस्टार के लार्वा के लिए निम्न रासायनिक कीटनाशक का छिड़काव करें। एक ही कीटनाशक से एक बार ही छिड़काव करें, दूसरे छिड़काव के लिए कीटनाशक बदल लें। छिड़काव की दिशा पौधे की गोब के तरफ होनी चाहिए।
(i)स्पिनटोरम 11.7 प्रतिशत एस.सी @0.5 मि.ली/ लीटर पानी।
(ii)फ्लोरेट्रोनिलिप्रोएल 18.5 प्रतिशत एस.सी @0.4 मिली/ लीटर पानी।
(iii)थियामेथोक्साम 12.6 प्रतिशत + लैम्बडा साइहैलोथ्रिन 9.5 प्रतिशत जेड.सी/0.25 मिली/ लीटर पानी।
(iv)इमाकेक्टिन बेंजोएट 5 प्रतिशत एस.सी @0.4 मिली/ लीटर पानी।
6.पांचवे एवं छठे इंस्टार लार्वा बड़े पैमाने पर पत्तियों को खाकर नष्ट करते है और बड़ी मात्रा में मल पदार्थ का उत्सर्जन करते है। इस स्तर पर केवल विशेष चारा (फँसाने हेतु जहरीला पदार्थ चुग्गा) ही एक प्रभावी उपाय है। इसके लिए 2–3 लीटर पानी में 10 किलोग्राम चावल की भूसी और 2 किलोग्राम गुड़ मिलायें और मिश्रण को 24 घंटों (किण्वन) के लिए रखें। खेतों में प्रयोग करने से ठीक आधे घंटे पहले 100 ग्राम थार्योडिकार्ब 75 प्रतिशत डब्लूपी, मिलाए और 0.5–1 से.मी. व्यास के आकार की गोलियों तैयार करे। इस तरह तैयार किये गये विशेष जहरीले पदार्थ चुग्गा को शाम के समय पौधे की गभ्भा में डलना चाहिए। यह मिश्रण एक एकड़ क्षेत्र के लिए पर्याप्त होता है।

सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग

PR 353925 (Agriculture)25-26*D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

दया ईश्वरानुभूति के लिए आवश्यक है, क्योंकि ईश्वर स्वयं इस गुण से आप्लावित हैं। सहृदय व्यक्ति स्वयं को दूसरों के स्थान पर रख उनकी पीड़ा का अनुभव कर उसे दूर करने का प्रयास कर सकते हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

## संपादकीय

## पहली बरसात से देश पानी पानी

मानसून अभी-अभी आया है और धीरे-धीरे बढ़ रहा है। हालांकि, इस साल मानसून से पहले की बारिश में ही शहरी भारत में बाढ़ आ गई है, जो हर साल आने वाले बुरे सपनों की याद दिलाती है। मुंबई से लेकर गुवाहाटी और बंगलूरू से लेकर गुरुग्राम तक भारत के शहरों में यह नजारा साफ दिखाई देता है। शहरी भारत में लगभग 150 लोकसभा क्षेत्र हैं और यहां लगभग 55 करोड़ नागरिक रहते हैं। शहरों में भूमि क्षेत्र का तीन फीसदी हिस्सा है और वे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 60 फीसदी से अधिक का योगदान करते हैं। वे आर्थिक गतिशीलता के महत्वपूर्ण प्रवर्तक हैं-चाहे वह वस्तुओं का उत्पादन हो या उपभोग, या सेवाओं और रोजगार का एक बड़ा हिस्सा। शहरी भारत करों में भी एक बड़ा हिस्सा देता है। फिर भी, शहरी भारत को परेशानियों की बाढ़ और कार्रवाई के सूखे का सामना करना पड़ रहा है।भारत की 'सिलिकॉन वैली' बंगलूरू को ही लें। 10 सेंटीमीटर बारिश के बाद बाढ़ ने इसकी गति रोक दी। आईटी पार्क और प्रौद्योगिकी कंपनियों तक पहुंचने के रास्ते जलमग्न हो गए, जिससे कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए। नतीजतन सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। बेसमेंट में फंसे लोगों और कारों को बचाने के लिए नावों और डंपरों की तस्वीरें और टिप्पणियां सामने आईं। नतीजतन, सरकार बेसमेंट में पार्किंग पर प्रतिबंध लगा रही है। भारत की व्यापारिक राजधानी मुंबई में, पश्चिमी उपनगरों में बाढ़ के लिए मशहूर अंधेरी सबवे को बंद कर दिया गया। दक्षिण मुंबई में, शहर को प्रभावित करने वाली प्रणालीगत सुस्ती का प्रतीक बोरा बाजार में आई बाढ़ थी, जहां ठेकेदार जल निकासी की व्यवस्था करना 'भूल गए' थे। स्मार्ट सिटी पुणे में, जो स्टार्टअप का प्रमुख केंद्र और वैश्विक क्षमता केंद्रों का गंतव्य है, आईटी कॉरिडोर और हवाई अड्डे के पास नए आवासों तक पहुंचने की सड़क एक घंटे की बारिश के बाद बाढ़ में डूब गई। वर्ष 2015 के बाद से इस बार सबसे अधिक बारिश वाली गर्मियां रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, जहां त्रिस्तरीय शासन व्यवस्था है-नगर निगम, राज्य और केंद्र और तीनों में एक ही दल का शासन है, हर साल बाढ़ में डूबी रहती है। इस हफ्ते दिल्ली के मोती बाग, दिल्ली छावनी और दीनदयाल उपाध्याय मार्ग जैसे इलाकों में बारिश के कारण नए और पुराने इलाकों में पानी भर गया। इस महीने की शुरुआत में कनॉट प्लेस, सदर बाजार और कमला नगर में कुछ घंटों की बारिश के बाद जलजमाव हो गया था। आश्वासनों के बावजूद, आजाद मार्केट और मिंटो रोड अंडरपास जैसे इलाकों में जीवन और आजीविका जलमग्न हो गई। गुरुग्राम में करोड़ों रुपए की लागत वाले घरों के बेसमेंट में सीवर का पानी घुस गया। आश्चर्य की बात नहीं है कि शहरी भारत हर साल एक तरह की स्थिति जिसमें आपको लगता है कि यह स्थिति पहले भी आ चुकी है और गुस्से की भावना से घिरा रहता है। हर साल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के शहरी लोगों का बारिश और बाढ़ के कारण जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है और उनकी आय बाधित हो जाती है। तथ्य यह है कि भारत में शहरी विकास आवास और वाणिज्यिक स्थानों का एक अनियोजित अमीबा सरीखा विस्तार है। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की 2021 की एक रिपोर्ट में कहा गया है, 'भारतीय शहरों में बाढ़ जैसी स्थितियों की वजह अनधिकृत निर्माण क्षेत्र है, जो बिना लेआउट बनाए और मंजूरी के हुआ है।'

*शहरों में भूमि क्षेत्र का तीन फीसदी हिस्सा है और वे सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 60 फीसदी से अधिक का योगदान करते हैं।*

# 'पद्मश्री' गीतकार महावीर नायक ने झारखंड को गौरवान्वित किया



झारखंड की संपर्क भाषा नागपुरी के जाने-माने गायक - गीतकार महावीर नायक को 27 मई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने 'पद्मश्री' प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान नागपुरी भाषा साहित्य को जन-जन तक पहुंचाने और उत्कृष्ट गीतों की रचना और बिखरे पड़े लगभग पांच हजार गीतों के संकलन करने वाले महावीर नायक की एकनिष्ठ सघन यात्रा का प्रतिफल है। झारखंड के किसी एक नागपुरी भाषा के गीतकार - गायक को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान राष्ट्रीय स्तर पर मिलता है, तो निश्चित तौर पर झारखंड का मान बढ़ता है। हम सबों को यह जानना चाहिए कि कला साहित्य, शिक्षा, सार्वजनिक मामलों, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान, खेल और उद्योग जैसे विविध क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले देश भर के विभिन्न क्षेत्रों के 71 व्यक्तियों को उक्त कार्यक्रम में पद्म पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह,विदेश मंत्री एस.जयशंकर और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में झारखंड के महावीर नायक को 'पद्मश्री' सम्मान से सम्मानित किया जाना निश्चित तौर पर बेहद हर्ष और गौरव की बात है। यह मेरा परम सौभाग्य है कि नागपुरी भाषा साहित्य के मुर्धन्य विद्वान स्वर्गीय बी.पी. केसरी के साथ कई बार महावीर नायक से बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ। बी.पी. केसरी द्वारा पिठोरिया में स्थापित 'नागपुरी भाषा संस्थान' के छोटे से सभागार में निजी तौर पर नागपुरी के गीत भी महावीर नायक से सुनने का अवसर प्राप्त हुआ। सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में सीधा महावीर नायक को सुना। महावीर नायक की गायिकी का कोई जवाब नहीं है। वे पूरे मन से गीत लिखते हैं। और पूरे मन से गीत गाते भी हैं। उनके गीत सीधे मन मस्तिष्क तक पहुंच जाते हैं। नागपुरी भाषा साहित्य पर उनकी जबरदस्त पकड़ है। आम नागपुरी भाषा की बोलचाल के शब्दों को इस तरह अपने गीत में पिरो देते हैं कि गीत खुद ब खुद मधुर संगीत में बदल जाते। उनके गीत खुले छंदों में भी होते हैं। और बंधें छंदों में भी होते हैं। जिसे कोई भी बहुत ही आसानी से गा सकता है। आज यही कारण है कि उनके गीत इतने लोकप्रिय हो चुके हैं। वे जितने महान गीतकार और एक सफल गायक है, उतने ही सहज,सरल प्रकृति के मृदुभाषी व्यक्ति हैं। नागपुरी भाषा साहित्य उनके दिल में बसता है। अब तक का उनका संपूर्ण जीवन नागपुरी भाषा साहित्य के प्रचार और प्रसार को समर्पित रहा है। उन्होंने नागपुरी भाषा साहित्य को विभिन्न मंचों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने का काम किया है । झारखंड की माटी की भाषा नागपुरी को आगे बढ़ाने के कोई भी अवसर को छोड़ते नहीं है। उनका बाल काल से ही नागपुरी भाषा साहित्य के प्रति गहरा लगाव रहा है, जो अनवरत चलता चला जा रहा है। 82 वर्ष की उम्र हो जाने के बावजूद उनकी सक्रियता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि एक युवा की तरह स्टेज शो में सम्मिलित होते रह रहें हैं। यहां यह लिखना जरूरी हो जाता है कि स्वर्गीय बी.पी. केसरी ने महावीर नायक के इस विशिष्ट प्रतिभा को पहचान बहुत ही पहले पहचान लिया था। प्रारंभिक दिनों में स्वर्गीय बी.पी. केसरी नागपुरी भाषा साहित्य के होने वाले कार्यक्रमों में महावीर नायक को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनके रचित गीतों का गायन करवाते थे। महावीर नायक को पद्मश्री सम्मान दिए जाने के बाद उन्होंने कहा कि 'यह सम्मान अपने दिवंगत पिता - दादा और क्षेत्रीय नागपुरी भाषा के तमाम कलाकारों को समर्पित करता हूं। यह मुझसे ज्यादा यहां की मधुर संस्कृति का सम्मान है।' उक्त दो छोटे से वाक्यों में नायक जी ने एक बड़ी बात कहने की कोशिश की है कि उनके पिता और दादा दोनों नागपुरी के एक गायक रहे थें। उन्हें अपने दादा और पिता से ही नागपुरी गीत गाने की प्रेरणा मिली थी। उन्होंने यह पुरस्कार अपने दादा-दादी को समर्पित कर यह बताने की कोशिश की है कि हम सबों को अपने पुरखों को कदापि नहीं भूलना चाहिए। आज हम सब जो कुछ भी हैं, उसमें उनके पुरखों का बड़ा योगदान है। इसलिए अपने पूर्वजों को हमेशा याद करना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी बताने की कोशिश की है कि झारखंड की संस्कृति बहुत ही मधुर है। झारखंड की संस्कृति की मधुरता को समझने की जरूरत है। इसे अपनाने की जरूरत है। यहां की संस्कृति मीठा पन से कोई भी प्रभावित हो सकता है। झारखंड की रीति - रिवाज,रहन - सहन, भाषा साहित्य के मीठा पन को महसूस किया जा सकता है। झारखंड के जंगलों से बहने वाली हवा के संगीत को महसूस करने की जरूरत है। जब हवाएं बड़े-बड़े वृक्षों और छोटे-छोटे पौधों को स्पर्श करते हुए जब आगे बढ़ती हैं, जो खुद व खुद एक संगीत बन जाती है। उसी संगीत को महावीर नायक ने अपने गीतों में दर्ज किया है। उनके गीतों में झारखंड की संस्कृति, रीति - रिवाज, रहन-सहन और भाषा की आवाज साफ तौर पर सुनाई देती है। इसलिए झारखंड के झाड़ और जंगलों को बचाने की जरूरत है। महावीर नायक का जन्म देश की आजादी से पांच वर्ष पूर्व हुआ था। उसी वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देशवासियों को अंग्रेजी हुकूमत को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। 26 मार्च 1942 को रामनवमी के दिन रांची जिले के कांके प्रखंड के उरुगुट्टू गांव में एक घासी परिवार में हुआ था। इसी गांव से उन्होंने अपना प्रारंभिक शिक्षा पूरा किया था। यही की गलियों में अपने बचपन के मित्रों के साथ घूमा करते थे। मौज मस्ती किया करते थे । और गाया भी करते थे। आज भी वे बचपन की बातों को बताकर खुद भी आनंदित होते हैं और दूसरे को भी आनंदित कर देते हैं। उन्होंने गांव के मैदान आखरा में लोक संगीत सीखा। उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत एक शिक्षक के रूप में किया था। लेकिन बाद में कालखंड मेंवे 1963 में हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन में शामिल हुए। यहीं से वे सेवा निवृत भी हुए। उन्होंने पारंपरिक नागपुरी संगीत को संरक्षित करने का प्रयास किया। वह ठेठ नागपुरी गीतों के गायक हैं, जो 1962 से पारंपरिक नागपुरी लोक गीत गा रहे हैं। उन्हें बी.पी. केसरी ने नागपुरी संस्थान में आमंत्रित किया था, जहां उन्हें हनुमान सिंह, बरजू राम, घासी राम महली और दास महली जैसे नागपुरी कवियों की कविता के बारे में पता चला। फिर उन्होंने बी.पी.केसरी के साथ नागपुरी संगीत रचना शुरू की। महावीर नायक ने 1976 में मंच पर गाना शुरू किया। 1977 में उन्होंने मंच कार्यक्रम आयोजित करना शुरू किया और बुजुर्ग गायकों को गाने का मौका दिया। उन्होंने 1000 से ज्यादा स्टेज शो में गाना गाया है। उन्हें भिंसरिया के राजा की उपाधि सिमडेगा जिले के लोगों द्वारा दी गई है। उन्होंने ऑडिशन दिया और 1984 में रेडियो और टेलीविजन शो में काम किया। उन्होंने अलग झारखंड राज्य के आंदोलन के लिए कई गीतों की रचना भी की। महावीर नायक ने युवा पीढ़ी को पारंपरिक नागपुरी संगीत सिखाने के लिए लोक कलाकार मुकुंद नायक और अन्य कलाकारों के साथ उन्होंने 1985 में कुंजबन संगठन की स्थापना की। वे 1992 में एक शो के लिए ताइवान भी गए। उन्होंने लगभग 300 गीत लिखे हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**विजय केसरी**

## गेल्हा बनाम कलफदारी

मेरा दावा है कि हमारी नई पीढ़ी न तो गेल्हा के बारे में और न कलफदारी के बारे में जानती है। इसलिए मैं यह नैतिक जिम्मेवारी स्वीकार करता हूँ कि उन्हें इनके बारे में बता कर ही रहूंगा, चाहे उनकी रुचि हो या न।हम नई पीढ़ी के नहीं हैं। कुछ वर्षों पहले इससे बाहर कर दिए गए हैं। पुरानी पीढ़ी के भी नहीं है और उनलोगों ने मुझे कभी स्वीकार भी नहीं है। अपनी स्थिति कुल मिलाकर त्रिशंकु वाली है। न नई पीढ़ी स्वीकार करती है और न ही पुरानी पीढ़ी। बस अटक गया हूँ, लटक गया हूँ, लगाकर सीढ़ी। तो मैं अपनी बात अब गेल्हा से प्रारम्भ करता हूँ। गेल्हा वह कला थी जो मलमल के सफेद कुर्ते की कलफदार बाजुओं पर चुन्नट दिया करती थी। इस कला में सीपी के प्रयोग से बड़े मनोयोग से धोबी जी गेल्हा किया करते थे। चुन्नटों में एक लहर हुआ करती थी। गेल्हेदार मलमल के सफेद कुर्ते के साथ महीन धोती सजा करती थी। कालांतर में पजामे के साथ कुछ वर्षों तक निभा।लखनवी टोपियों में भी ऊपर चन्दवे पर गेल्हे का रिवाज नवाब और जमींदार साहब लोग किया करते थे।उधर नवाबी, जमींदारी गयी तो गेल्हा भी कुछ वर्षों तक घसीट कर चला और फिर विलुप्त हो गया। आजकल के धोबियों को शायद ही यह कला मालूम हो।गेल्हे में अमीरी, विनम्रता, सिर पर हाथ रखने वाला, मुसीबत के समय का सहारा, हर समस्या में साथ दे कर उसका समाधान करने वाला छिपा रहता था।गेल्हा नज़ाकत देती थी।विनम्रता देती थी। सौम्यता और इंसानियत देती थी। संभ्रांतों की शान हुआ करती थी। यह बताने के भी काम आती थी कि हमारी औकात अब गेल्हे वाली हो गयी है। गर्मी की शाम हो, लोगों का जमघट हो और गेल्हा न हो, मुमकिन ही नहीं था। गेल्हे वाली बाजू बड़ी मजबूत हुआ करती थी। मुहल्ले में कोई बीमार हुआ और इलाज कराने की हालत नहीं हो,किसी की कन्या का विवाह ठीक हो और आर्थिक स्थिति के कारण परेशानी हो, किसी को अकस्मात कोई समस्या आ खड़ी हुई हो,आपसी झगड़े में कोर्ट-कचहरी की नौबत आई हो, गेल्हे वाले बाजू कुर्ते की बगल वाली ज़ेब में अनायास ही चले जाते और फिर मुठ्ठी बाहर निकल आती और अगले की हथेली में खुल जाती।मदद हो जाती। गेल्हे वाले बाजू यह काम चुपचाप करते, कोशिश करते कि कोई देखे नहीं।नहीं तो हथेली वालों की इज्जत कौन रखेगा। गेल्हे वाले बाजुओं के नीचे वाले हिस्से यानी कलाई में मोगरे की माला खास मौकों पर जमींदारों, नवाबों के द्वारा धारण की जाती थी जब वे मनोरंजन के लिए किसी कोठे की सीढ़ियां चढ़ते। सीढ़ियों से ही दादरा,ठुमरी आदि संगीत की मधुर स्वर लहरी गुंजती।गेल्हे के बाजू बनारसी पान खाने के भी उठते।उन बाजुओं के कंधे वाली छोर पर इत्र इस तरह लगाए जाते थे मानों पाँवों में पाजेब। होली, ईद आदि त्योहारों के पहले ही गेल्हे वाले सफेद मलमली कुर्ते तैयार करा कर रख लिए जाते थे।अब यह सिर्फ स्मृतियों में रह गए। कलफदारी अभी तक डटी हुई है। आजकल बकायदा खादी पहनने वाली प्रजातियों में यह बहुतायत से देखी जाती है। कलफदारी कड़क होती है। इसमें धार होती है। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ प्रशान्त करण**

## तंबाकू के जहर को जानते, पर गंभीरता नहीं समझते

विश्व तंबाकू निषेध दिवस विशेष 31 मई 2025

देश में आसानी से मिलनेवाला जहर है तंबाकू, जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला करके घातक बिमारियों से जकड़कर असमय मारता है। समाज, देश उच्च शिक्षित और आधुनिक हुआ है, लेकिन लोगों के शौक भी बढ़ते ही जा रहे हैं, तंबाकू के नए-नए फ्लेवर मार्केट में उपलब्ध हो रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक बडे पैमाने में तंबाकू का सेवन करते हैं। आमतौर पर इस्तेमाल किये जाने वाले तंबाकू उत्पादों में बीड़ी, सिगरेट और हुक्का शामिल हैं। भारत में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों में तंबाक के साथ-साथ खैनी, गुटखा और सुपारी शामिल हैं। प्रतिदिन, तंबाकू और निकोटीन उद्योग नई पीढ़ी को आकर्षित करने और मौजूदा सेवनकर्ताओं को बनाए रखने के लिए तैयार किए गए उत्पादों और भ्रामक रणनीतियों का उपयोग बड़े ही शातिर ढंग से करते हैं। हर साल तंबाकू के जहर के प्रति जागरूकता निर्माण करने हेतु 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम है "अपील को उजागर करनाः तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग नीतियों को उजागर करना।" विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट अनुसार, अनुमान है कि विश्व भर में 13-15 वर्ष की आयु के 37 मिलियन बच्चे तंबाकू का सेवन करते हैं। कई देशों में, वयस्कों की तुलना में युवाओं में ई-सिगरेट का प्रयोग अधिक है। ई-सिगरेट, निकोटीन पाउच और गर्म तंबाकू उत्पादों को बढ़ावा देने वाली विपणन सामग्रियों को सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर 3.4 बिलियन से अधिक बार देखा गया है। कई निकोटीन और तंबाकू उत्पादों में फ्लेवर पाए जाते है, इसमें लगभग 16,000 अद्वितीय फ्लेवर है, अक्सर फ्लेवर को निकोटीन और तंबाकू उत्पादों का उपयोग शुरू करने का मुख्य कारण बताया जाता है। यूएस नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन की एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत में 83 ऑनलाइन स्टोर अवैध रूप से ई-सिगरेट बेच रहे है, इनमें से 61.4 फीसदी गूगल सर्च के माध्यम से तथा उसके बाद सोशल मीडिया के माध्यम से खोजे गए। यह ध्यान देने योग्य है कि लगभग आधे भारतीय ऑनलाइन स्टोर 2019 में प्रतिबंध लगाए जाने के बाद दिखाई दिए। अमेरिकन लंग एसोसिएशन के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका में हर साल 4,90,000 से अधिक लोग तंबाकू के उपयोग और धूम्रपान के संपर्क में आने से मरते है। सिगरेट के धुएं में 7,000 से अधिक रसायन होते हैं, जिनमें से कम से कम 69 कैंसर का कारण बनते हैं। धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर से होने वाली लगभग 90 प्रतिशत मौतों और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज से होने वाली लगभग 80 प्रतिशत मौतों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। वर्तमान में धूम्रपान करने वालों में, धूम्रपान से संबंधित 73 प्रतिशत बीमारियाँ दीर्घकालिक फेफड़ों की बीमारियाँ हैं। धूम्रपान शरीर के लगभग हर अंग को नुकसान पहुंचाता है, यह कोरोनरी हृदय रोग, स्ट्रोक और कई अन्य कैंसर और बीमारियों का कारण भी है। तंबाकू एटलस के अनुसार, भारत में धूम्रपान की आर्थिक लागत 1,971,145,052,480 भारतीय रुपए है, इसमें स्वास्थ्य देखभाल से संबंधित प्रत्यक्ष लागतें तथा बीमारी और असामयिक मृत्यु के कारण उत्पादकता की हानि से संबंधित अप्रत्यक्ष लागतें भी शामिल हैं। भारत में वयस्क धूम्रपान करने वालों की संख्या 7,39,26,241 है। भारत में 8.9 प्रतिशत मौतें तंबाकू के उपयोग के कारण होती हैं। अनुमान है कि 2023 में भारत में 107,915,900,000 सिगरेट का उत्पादन हुआ। 2022 में, दुनिया की छह सबसे बड़ी तंबाकू कंपनियों का संयुक्त राजस्व 362 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। 2022 में, भारत ने 425,296 हेक्टेयर गुणवत्ता वाली कृषि भूमि पर 772,152 टन तंबाकू का उत्पादन किया, जिसका उपयोग पोषक अनाज उगाने के लिए किया जा सकता था। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुख्य तथ्यों अनुसार, तंबाकू का सेवन करने वाले आधे से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। तंबाकू से हर साल 8 मिलियन से ज्यादा लोगों की मौत होती है, जिसमें अनुमानित 1.3 मिलियन गैर-धूम्रपान करने वाले लोग शामिल हैं, जो सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आते हैं। दुनिया के 1.3 बिलियन तंबाकू उपयोगकर्ताओं में से लगभग 80 प्रतिशत निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। 2020 में, दुनिया की 22.3 फीसदी आबादी ने तंबाकू का सेवन किया। तंबाकू उत्पादों का अवैध व्यापार दुनिया भर में स्वास्थ्य, आर्थिक और सुरक्षा संबंधी गंभीर चिंताएं उत्पन्न करता है। यह अनुमान लगाया गया है कि विश्व भर में उपभोग की जाने वाली प्रत्येक 10 सिगरेटों और तंबाकू उत्पादों में से 1 अवैध है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

### फेसबुक वॉल से




### एक्स से




### आज का दोहा

बैठे थे जिस नाव पर, छोड़ चली थी घाट।
चकाचौंध थी इसलिए, दिखा न संकरा पाट।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

## युगद्रष्टा शासिका का प्रेरणादायी जीवन-दर्शन

अहिल्याबाई होलकर जयंती विशेष

भारत की सांस्कृतिक, नैतिक और राजनीतिक चेतना की नींव उन महापुरुषों और वीरांगनाओं के संकल्प, साहस और सेवा से रखी गई है, जिन्होंने न केवल सत्ता चलाई बल्कि समाज को दिशा भी दी। ऐसी ही एक युगद्रष्टा, जनसेविका, धर्मनिष्ठ, लोककल्याणकारी और सशक्त महिला शासिका थीं मातोश्री अहिल्याबाई होलकर। उनका जीवन केवल ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि आज भी हमारे समय की सबसे ज़रूरी प्रेरणाओं में से एक है। अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के चौंडी गाँव में एक साधारण मराठा परिवार में हुआ था। उनके पिता मानकोजी शिंदे एक ग्राम पटेल थे। बचपन से ही उनमें धर्मभाव, कर्मनिष्ठा और गहन संवेदनशीलता थी, जिसने उन्हें एक विशिष्ट व्यक्तित्व का निर्माणकर्ता बनाया। अहिल्याबाई ने उस कालखंड में सत्ता संभाली जब महिलाओं के लिए शासन, रणनीति, न्याय या युद्ध जैसे क्षेत्रों में प्रवेश असंभव सा था। उनके पति खांडेराव होलकर और फिर ससुर मल्हारराव की मृत्यु के बाद जब शासन की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आई, तब उन्होंने इसे न केवल बखूबी निभाया, बल्कि 18वीं शताब्दी के भारत को एक प्रबुद्ध, सशक्त और न्यायप्रिय प्रशासन का उदाहरण दिया। 1767 से 1795 तक उन्होंने मालवा राज्य की बागडोर संभाली और लोकसेवा को धर्म मानते हुए प्रशासन की हर इकाई को जनता के हित में मोड़ा। वे प्रतिदिन दरबार में बैठती थीं और स्वयं जनता की शिकायतें सुनती थीं। उन्होंने शासन में पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को अनिवार्य बनाया। कृषकों के लिए कर-छूट, सिंचाई व्यवस्था और भूमि सुधार लागू किए। सैनिकों को नियमित वेतन और व्यापारियों को संरक्षण देकर उन्होंने राज्य को आत्मनिर्भर बनाया। अहिल्याबाई ने भारतीय संस्कृति और धर्म के पुनरुद्धार में अतुलनीय योगदान दिया। उन्होंने न केवल काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, अयोध्या, मथुरा, द्वारका, बद्रीनाथ, रामेश्वरम जैसे प्रमुख मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया, बल्कि मुस्लिम संतों, फकीरों, सूफी दरगाहों का भी सम्मान किया। यह उनके धार्मिक समन्वयवादी दृष्टिकोण को दर्शाता है, जो आज की सांप्रदायिकता के विरुद्ध एक आदर्श समाधान है। "धर्म का कार्य केवल पूजा नहीं, जनसेवा भी है।" उनका यह विचार आज के राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए दिशादर्शक है। नारी सशक्तिकरण का मूर्त रूप, अहिल्याबाई ने न केवल शासन किया, बल्कि महिलाओं के लिए शिक्षा, पुनर्विवाह, संपत्ति अधिकार और सुरक्षा की नींव भी रखी। उन्होंने धर्म, जाति, भाषा से ऊपर उठकर भारत को एक राष्ट्र के रूप में देखा, जो आज के विघटनकारी माहौल में अत्यंत प्रासंगिक है। नीतिवान राजनीति की मिसाल रहीं, जब राजनीति सत्ता के लिए लालायित दिखती है, तब अहिल्याबाई की नीतिपूर्ण, नैतिक और लोककल्याणकारी राजनीति को पुनः स्मरण करना आवश्यक हो जाता है। उनकी जीवनी, शासन शैली और विचारों को विद्यालयों व विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में स्थान मिलना चाहिए। उनके जीवन पर डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म, एनिमेशन, वेब सीरीज़ आदि के माध्यम से युवाओं तक उनकी विरासत पहुंचाई जा सकती है। रचनात्मक अभिव्यक्ति से वाद-विवाद, भाषण, नाटक, नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से युवाओं को उनके आदर्शों से जोड़ना संभव है। महिला नेतृत्व प्रशिक्षण, प्रशासन, सामाजिक कार्य या राजनीति में रुचि रखने वाली महिलाओं को उनके आदर्शों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा सकता है। आज जब समाज नैतिक पतन, राजनीतिक अवसरवाद, सांस्कृतिक खोखलेपन और स्त्री असुरक्षा जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है, तब अहिल्याबाई होलकर का जीवन एक प्रकाशस्तंभ की तरह मार्गदर्शन करता है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि सत्ता सेवा बन सकती है, धर्म समरसता बन सकता है, और नारी केवल शक्ति नहीं, मार्गदर्शक भी बन सकती है। अहिल्याबाई होलकर भारत की मिट्टी की वह गंध हैं जो समय के हर संघर्ष में हमें मूल्य, सेवा और सत्य की ओर खींचती है। वे केवल होलकर राज्य की रानी नहीं, बल्कि भारत की लोकनीति, नारी चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता और सामाजिक न्याय की प्रतिनिधि हैं। आज 31 मई को जब हम उनकी जयंती मना रहे हैं, तो यह केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि एक शपथ होनी चाहिए – उनके विचारों को अपने जीवन में उतारने की, और भारत को फिर से "जननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान" बनाने की। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक एवं सहायक आचार्य

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पीएम ने पहलगाम हमले में मारे गये शुभम के परिजनों से की मुलाकात...

● आतंकवाद के खिलाफ आपरेशन सिंदूर न थमा है और न खत्म हुआ : प्रधानमंत्री

**एजेंसी। कानपुर**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार शुक्रवार को कानपुर पहुंचे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी थमा है, खत्म नहीं हुआ और यह आगे भी जारी रहेगा। शुभम की पत्नी ऐशन्या ने पति को शहीद का दर्जा देने की मांग की है।

पिता संजय ने बताया कि प्रधानमंत्री ने हमारी पूरी बातों को सुना और कहा कि पूरा देश आपके साथ खड़ा है। आपरेशन सिंदूर के तहत आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई है। उन्होंने वादा किया है कि वह आतंकवाद का समूल नाश कर देंगे।उल्लेखानीय है कि प्रधानमंत्री मोदी बिहार कर दौरा कर आज कानपुर पहुंचे हैं। वे यहां कानपुर में करीब 47 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करने आये हैं।



**आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी, बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा**

एयरपोर्ट पर ही पहलगाम की आतंकी हमले में मारे गये शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात भी की। प्रधानमंत्री ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि शुभम का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई प्रमुख जनप्रतिनधियों ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर ही प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले में मारे गये कानपुर निवासी शुभम द्विवेदी के परिजनों से मुलाकात की। परिजनों को नरवल एसडीएम लेकर एयरपोर्ट पहुंचे थे। करीब आठ मिनट की इस मुलाकात में मोदी के सामने शुभम के पिता संजय, मां सीमा और पत्नी ऐशन्या भावुक हो गए। प्रधानमंत्री से शुभम की मां ने कहा कि हमारे बेटे की मौत जाया न होने पाए। परिजनों के आंसू देखकर मोदी भी भावुक हो गए।

# हाथ में स्केच, चेहरे पर मुस्कान... पीएम मोदी की जनसभा में पहुंची शिवन्या

**कानपुर (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश के कानपुर में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी की जनसभा से पहले 11 साल की स्कूली छात्रा शिवन्या तिवारी एक स्केच लेकर जनसभा स्थल पर पहुंची। इस स्केच में प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए लिखा हुआ था, 'वेलकम टू कानपुर'। इस स्केच में मूल रूप से तीन बातों का जिक्र किया गया है। पहला, 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में जानकारी देने वाली सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह का चित्र बनाया गया है। दूसरा, इसमें 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई के बारे में जानकारी दी गई थी, जिसे स्केच के जरिए दिखाया गया है कि किस तरह भारतीय सेना ने आतंकवादियों



के लॉन्च पैड और ट्रेनिंग सेंटर को निशाना बनाया। साथ ही, इस स्केच में प्रधानमंत्री मोदी को भी आक्रामक मुद्रा में दिखाया गया है। इस स्केच के जरिए शिवन्या तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा किया। शिवन्या ने इस बारे में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत भी की।

छात्रा ने कहा कि इस पोस्टर के जरिए मैंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया, क्योंकि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद वह पहली बार कानपुर आ रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए हमने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया है। पाकिस्तान एक ऐसा मुल्क है, जिसे किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। उ

न्होंने बताया कि यह स्केच बताता है कि किस तरह से हमने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए दुश्मनों पर जीत हासिल की है। मैं यह संदेश देना चाहूंगी कि भारत कभी भी पाकिस्तान को लेकर नरम नहीं रहे। वहीं, कानपुर में स्कूली बच्चे मेट्रो स्टेशन पर भी पहुंचे और हाथों में पोस्टर लेकर 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी का शुक्रिया अदा किया। बच्चों के पोस्टर पर "थैंक्यू मोदी जी" लिखा हुआ था।

# सुप्रीम कोर्ट में तीन नए जजों ने ली शपथ, न्यायाधीशों की संख्या हुई 34

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को जस्टिस एन. वी. अंजनिया, जस्टिस विजय बिश्नोई और जस्टिस अतुल एस. चंदुरकर को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। अब सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की कुल संख्या 34 हो चुकी है। 29 मई को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने इन तीनों जजों की नियुक्ति के संबंध में सिफारिश की थी, जिसे बाद में केंद्र सरकार की तरफ से मंजूरी दे दी गई थी। इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचना भी जारी की गई थी। न्यायमूर्ति एन. वी. अंजनिया पूर्व में कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई पूर्व में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति अतुल एस. चंदुरकर पूर्व में बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश थे। जस्टिस अंजनिया का कार्यकाल 23 मार्च, 2030 तक रहेगा, जस्टिस बिश्नोई का कार्यकाल 25 मार्च, 2029 तक और जस्टिस चंदुरकर का कार्यकाल 7 अप्रैल, 2030 तक रहेगा। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इनकी पदोन्नति की सिफारिश 26 मई को की थी।

न्यायमूर्ति अंजनिया का जन्म 23 मार्च, 1965 को अहमदाबाद में हुआ। उन्होंने 1989 में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लॉ, अहमदाबाद से कानून में मास्टर डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने 1988 में गुजरात हाईकोर्ट में अपने वकालत के करियर की शुरुआत की थी। न्यायमूर्ति अंजनिया ने 25 फरवरी, 2024 को कर्नाटक हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी।

## खुली गाड़ी पर सवार होकर मंच तक पहुंचे पीएम मोदी, कहा

# बिक्रमगंज से प्रदेश को दी 48,520 करोड़ की सौगात

**बिक्रमगंज (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय बिहार दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को रोहतास जिले के बिक्रमगंज पहुंचे। यहां उन्होंने 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण किया। इससे पहले पीएम मोदी खुली गाड़ी पर सवार होकर लोगों के बीच से गुजरते हुए मंच तक पहुंचे। गाड़ी पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी उपस्थित रहे। इस दौरान पीएम मोदी पर पुष्प की वर्षा होती रही और उपस्थित लोग 'मोदी जिंदाबाद' के नारों और 'ऑपरेशन सिंदूर' से जुड़े नारे लगाते रहे। पीएम मोदी भी लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते रहे। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुए औरंगाबाद जिले में 29,930 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, चरण-॥ (3x800 मेगावाट) की आधारशिला रखी। इस योजना का उद्देश्य बिहार और पूर्वी भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना है। बताया जा रहा है कि इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर पैदा होंगे और क्षेत्र में सस्ती बिजली उपलब्ध होगी। इस क्रम में पीएम मोदी ने क्षेत्र में सड़क अवसंरचना और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एनएच-119ए के पटना-आरा-सासाराम खंड को चार लेन का बनाने, वाराणसी-रांची-कोलकाता राजमार्ग (एनएच-319बी) और रामनगर-कच्ची दरगाह खंड (एनएच-119डी) को छह लेन का बनाने और बक्सर और भरौली के बीच एक नए गंगा पुल के निर्माण सहित विभिन्न सड़क परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

इन परियोजनाओं से राज्य में निर्बाध हाई-स्पीड कॉरिडोर का निर्माण होगा और साथ ही व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा मिलेगा।



**कानपुर में बोले प्रधानमंत्री मोदी**

## किसी धोखे में ना रहे पाकिस्तान अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

**कानपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में 47,600 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। अपने संबोधन के शुरूआत में मोदी ने कहा कि यह विकास कार्यक्रम 24 अप्रैल को होना था, लेकिन पहलगाम में हुए आतंकी हमले के कारण मुझे अपना कानपुर दौरा रद्द करना पड़ा। पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले में कानपुर के बेटे शुभम द्विवेदी ने भी अपनी जान गंवा दी। बेटी ऐशान्या का दर्द और गुस्सा हम सबने महसूस किया है। हमारी बेटियों का दर्द और गुस्सा दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में देखा। मोदी ने हुंकार भरते हुए कहा कि हमारी बहनों-बेटियों का वही आक्रोश ऑपरेशन सिंदूर के रूप में पूरी दुनिया ने देखा है। हमने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने, घर में घुसकर, सैंकड़ों मील अंदर जाकर तबाह कर दिए।

## पीएम की जमकर तारीफ, जाति जनगणना पर नीतीश ने जताई खुशी

**बिक्रमगंज(आईएएनएस)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी यहां कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। इन सबकी कुल लागत 48,500 करोड़ से अधिक है। उन्होंने कहा कि बिहार लगातार विकास कर रहा है। उन्होंने इस क्रम में विपक्ष पर निशाना साधा। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोहतास के बिक्रमगंज में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने पीएम मोदी के यहां पहुंचने पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह बहुत खुशी की बात है।

# प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाला भागलपुर से गिरफ्तार

**भागलपुर (आईएएनएस)**

बिहार दौरे के बीच प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी देने



वाले आरोपी समीर रंजन को पुलिस ने शुक्रवार को भागलपुर से गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उसने 29 मई को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) के एक अधिकारी को वाट्सएप पर मैसेज किया था, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मैसेज को गंभीरता से लेते हुए एनआईए, आईबी और गृह मंत्रालय ने तफ्तीश की। तफ्तीश के क्रम में भागलपुर पुलिस से भी संपर्क किया गया। इसके बाद आरोपी समीर रंजन को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस ने मंटू चौधरी को भी गिरफ्तार किया। मंटू को गिरफ्तार करना पुलिस के लिए इसलिए जरूरी था, क्योंकि समीर रंजन ने जिस मोबाइल फोन से प्रधानमंत्री मोदी को जान से मारने की धमकी दी थी, वह नंबर मंटू चौधरी का ही था। इसके बाद पुलिस मंटू चौधरी तक पहुंची, तो उसने भी पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे किए।मंटू चौधरी ने बताया कि वह तो पढ़ा-लिखा भी नहीं है। बमुश्किल 10वीं पास है। ऐसी स्थिति में वह भला ऐसा कृत्य कैसे कर सकता है। उसने आरोप लगाया कि समीर रंजन ने फर्जी तरीके से उसके नाम पर सिम कार्ड लिया और ऐसा काम किया, ताकि उसे फंसाया जा सके।

# ऑनलाइन आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़, चार युवक गिरफ्तार

**सीकर (आईएएनएस**

राजस्थान के सीकर जिले के खाटूश्यामजी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएल क्रिकेट मैचों पर चल रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार युवकों को गिरफ्तार किया गया और उनके कब्जे से सट्टेबाजी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण जब्त किए गए हैं। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से सट्टेबाजी के अवैध नेटवर्क पर बड़ा प्रहार हुआ है।

खाटूश्यामजी थानाधिकारी पवन कुमार चौबे ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि दांतारामगढ़ रोड पर श्रीधाम धर्मशाला के पास रुक्मणी पैलेस होटल में कुछ लोग ऑनलाइन सट्टेबाजी कर रहे हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत एक टीम गठित की और होटल पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान चार युवक- अनिस कुमार सैनी (सिंघाना), मनोज जाट (कंवरपुरा, खंडेला), देवीलाल जाट (गोविंदपुरा), और विवेक शर्मा (लोहा गढ़, भरतपुर)- को आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

पुलिस ने मौके से सट्टेबाजी में इस्तेमाल होने वाले दो लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, एक विद्युत बोर्ड, दो लैपटॉप चार्जर और एक मोबाइल चार्जर बरामद किए। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये युवक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए देशभर में फैले सट्टेबाजी नेटवर्क से जुड़े थे। इस रैकेट के तहत लाखों-करोड़ों रुपये का सट्टा लगाया जा रहा था। आरोपियों ने ऑनलाइन सट्टेबाजी के लिए विशेष उपकरणों और इंटरनेट का इस्तेमाल किया था, जिससे वे देश के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय सट्टेबाजों के साथ जुड़े हुए थे। पुलिस ने चारों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

**चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने खेला बड़ा दांव**

# समान विकास की ओर कदम बनेगा उच्च जाति आयोग

**पटना** ।बिहार चुनाव से पहले नीतीश सरकार ने बड़ा दांव खेला है। नीतीश सरकार ने अगड़ी जातियों के विकास के लिए बिहार राज्य उच्च जाति विकास आयोग बनाने की घोषणा की है। इसे चुनाव में अगड़ी जातियों के वोट को साधने की कोशिश के रूप में भी देखा जा सकता है। भाजपा नेता महाचंद्र प्रसाद सिंह को बिहार राज्य उच्च जाति विकास आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। हालांकि, आपको हम यह भी बता दें कि बिहार में पहले भी सवर्ण आयोग हुआ करता था। ऐसे में नीतीश सरकार ने इसके पुनर्गठन का निर्णय लिया है। इससे पहले नीतीश सरकार ने बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग का गठन किया गया है।

# आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन :** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा।

**कर्क :** लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। यात्रा शुभ रहेगी।

**सिंह :** दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा।

**कन्या :** विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**तुला :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी।

**धनु :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**मकर :** समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**कुंभ :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मीन :** जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे।

# कश्मीर में बड़ी समस्या थी, अनुच्छेद 370 के हटने से खत्म हो गई : खुर्शीद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।**

ऑपरेशन सिंदूर' आउटरीच मिशन पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य कांग्रेस



नेता सलमान खुर्शीद ने इंडोनेशिया में कहा कि अनुच्छेद 370 के हटने से जम्मू-कश्मीर में लंबे समय से चली आ रही अलगाववाद की समस्या खत्म हो गई है। सलमान खुर्शीद ने यह बात इंडोनेशियाई थिंक टैंक और शिक्षाविदों के सदस्यों के साथ बातचीत में कही।

सलमान खुर्शीद ने कहा, "कश्मीर में लंबे समय से बड़ी समस्या थी। इसका एक बड़ा हिस्सा संविधान के अनुच्छेद 370 में सरकार की सोच में झलकता था, जिससे किसी तरह यह आभास होता था कि यह देश के बाकी हिस्सों से अलग है। लेकिन, अनुच्छेद 370 को आखिरकार हटा दिया गया। संविधान के अनुच्छेद 370 ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा दिया था, जिसे 5 अगस्त, 2019 को भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ने निरस्त कर दिया। निरस्तीकरण के बाद, राज्य को जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित कर दिया गया। अब ये केंद्र शासित प्रदेश हैं।

जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में एक बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ आए खुर्शीद ने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद के माहौल में प्रगति हुई है।

## ये जो पाकिस्तान के बब्बर हैं, वो हिंदुस्तान के गब्बर हैं, कांग्रेस पर जमकर बरसे संबित पात्रा

**नई दिल्ली** । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा



हमला किया और उसके नेताओं पर सशस्त्र बलों का मनोबल गिराने और पाकिस्तान के साथ हालिया संघर्ष के बाद भारत की स्थिति को कमजोर करने का आरोप लगाया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने राहुल गांधी, जयराम रमेश और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी सहित कांग्रेस नेताओं की तीखी आलोचना करते हुए दावा किया कि उन्होंने सैन्य संघर्ष में भारत के नुकसान पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जबकि पाकिस्तान को हुए नुकसान पर चुप रहे हैं।

# अंकिता भंडारी हत्याकांड : सभी आरोपियों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा

**उत्तराखंड (आईएएनएस)**

उत्तराखंड के अंकिता भंडारी हत्याकांड प्रकरण में संलिप्त तीन आरोपियों को



शुक्रवार को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सजा का ऐलान कोटद्वार स्थित अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने दिया है। इस हत्याकांड में संलिप्त पुलकित आर्य, उसके कर्मचारी सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को 302, 201, 354 के तहत दोषी करार दिया गया है। कोर्ट ने हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी पुलकित आर्य पर 302, 201, 354ए और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत आरोप तय किए। वहीं, सौरभ भास्कर और अंकित गुप्ता को आईपीसी की धारा 302, 201 और अनैतिक देह व्यापार अधिनियम के तहत दोषी करार दिया गया। दो साल आठ महीने तक इस पूरे मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट में कुल 47 गवाह पेश किए गए। 19 मई को ही इस पूरे मामले की सुनवाई पूरी हुई थी, जिसके बाद कोर्ट ने सजा सुनाने के लिए 30 मई की तारीख निर्धारित की थी।

घर की आर्थिक हालत ठीक नहीं होने की वजह से अंकिता भंडारी ने रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करना शुरू कर दिया था। लेकिन, उन्हें नौकरी ज्वाइन किए 20 दिन भी पूरे नहीं हुए थे कि वह गायब हो गईं।

**एनडीए से लड़कियों का पहला बैच पास**

# 148वीं पासिंग आउट परेड में 17 लड़कियां, हरसिमरन के पिता हवलदार, इशिता परिवार की पहली मिलिट्रीपर्सन

**नई दिल्ली ।एजेंसी**

एनडीए से महिला कैडेट्स का पहला बैच पास हुआ। इतिहास में ये पहली बार है जब 17 महिला कैडेट्स 300 से ज्यादा पुरुषों के साथ NDA से ग्रेजुएट हुई हैं। ये सभी इंडियन आर्मी, नेवी और एयर फोर्स जॉइन करेंगी। साल 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को एनडीए में शामिल होने के लिए अनुमति दी थी। दरअसल, बीते 75 सालों से महिलाओं को टेरिटोरियल आर्मी में ऑफसिर पदों पर भर्ती का प्रावधान नहीं था। इसके खिलाफ कुश कालरा ने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। ये मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां 18 अगस्त 2021 को कोर्ट ने पहली बार लड़कियों के लिए एनडीए में शामिल होने के दरवाजे खोल दिए। इस फैसले के बाद, 2022 में पहली बार 17 महिला कैंडिडेट्स का बैच एनडीए में शामिल हुआ, जो आज ग्रेजुएट हुए हैं।


**महिला कैडेट्स में हवलदार की बेटी भी, नेवी अफसर बनेंगी :** एनडीए से पास होने वाली हरियाणा की हरसिमरन कौर अब इंडियन नेवल एकेडमी जाएंगी। कौर ने बताया, 'एनडीए जॉइन करने के पीछे मेरा यही उद्देश्य था कि मैं मिलिट्री में जल्दी करियर शुरू कर पाऊं। मेरे पिता आर्मी से हवलदार के पद से रिटायर हुए हैं। मेरे दादा भी आर्मी में ही थे। यही वजह है कि



आर्म्ड फोर्सेज से मैं गहरा जुड़ाव महसूस करती हूं।

**श्रीती के पिता विंग कमांडर रह चुके :** एनडीए पास करने वाली पहली महिला कैडेट्स में श्रीती दक्ष भी शामिल हैं। श्रीती के पिता एयरफोर्स में विंग कमांडर रह चुके हैं। श्रीती कहती हैं कि जैसा उन्होंने सोचा था, एनडीए का एक्सपीरियंस उससे भी बेहतर है। एकेडमी में आकर उन्हें समझ आया कि मिलिट्री ट्रेनिंग का असली एक्सपीरियंस कैसा होता है। परेड से पहले श्रीती ने कहा था- कुछ ही देर है, जब वो पल महसूस कर पाऊंगी जो मेरे पिता ने भी एक समय पर महसूस किया होगा।

**जनरल वीके सिंह बोले- नारी शक्ति को सलाम**



पासिंग आउट परेड पुणे के खडकवासला स्थित एनडीए परिसर में हुई। रिटायर्ड सेना प्रमुख जनरल वी के सिंह ने परेड की सलामी ली। उन्होंने कैडेट्स को प्रेसिडेंट्स अवॉर्ड दिए। जनरल सिंह ने कहा कि इतिहास में पहली बार इस ग्राउंड से लड़कियों का बैच भी पास हो रहा है। ये नारी शक्ति को सलाम है। उन्होंने कहा कि ये लड़कियों के लिए ट्रेनिंग का अंत नहीं है, बल्कि नई संभावनाओं की शुरुआत है।

## हवलदार की बेटी हरसिमरन बनेगी नेवी में अधिकारी

हरियाणा की हरसिमरन कौर जी मेन्स की तैयारी कर रही थीं। उसी दौरान इनके एक दोस्त ने बताया कि एनडीए में अब फीमेल्स भी अप्लाई कर सकती हैं। तभी इन्होंने इंडियन आर्मी में शामिल होने का मन बना लिया।

# पीएम मोदी ने वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से की मुलाकात

## युवा सितारे वैभव सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री के पैर छूकर लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**


इंडियन प्रीमियर लीग इतिहास के सबसे युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2025 में अपनी धाक जमाई है। इस 14 वर्षीय बल्लेबाज ने राजस्थान रॉयल्स की ओर से 7 आईपीएल मुकाबलों में 36 की औसत के साथ 252 रन बनाए हैं। इस दौरान सूर्यवंशी ने एक शतक और एक अर्धशतक जड़ा। राजस्थान रॉयल्स खिताबी रेस से बाहर है। टीम का अभियान 20 मई को ही समाप्त हो चुका है। इसलिए वैभव फिलहाल एक ब्रेक पर हैं। वैभव सूर्यवंशी हाल ही में पटना एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। खुद पीएम के 'एक्स' हैंडल पर मुलाकात की जानकारी दी गई है। पीएम मोदी बिहार के दो दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने इस युवा खिलाड़ी के क्रिकेट कौशल की जमकर तारीफ की। पीएम मोदी के आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर वैभव सूर्यवंशी के साथ कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए पोस्ट में लिखा गया, "पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है! उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। वैभव जब अपने माता-पिता के साथ पीएम मोदी से मिले तो उनके पैर भी छुए। इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने वैभव को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं, जो आने वाले दिनों में उनके खेल जीवन के लिए संबल का कार्य करेंगी। यह क्षण न केवल वैभव के लिए व्यक्तिगत उपलब्धि रहा, बल्कि यह भी प्रमाणित करता है कि बिहार क्रिकेट में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है – आवश्यकता है केवल मंच, अवसर और सकारात्मक मार्गदर्शन की।




### अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर वैभव शामिल

यह बिहार क्रिकेट के लिए यह एक और ऐतिहासिक क्षण रहा। वैभव की इस विशेष उपलब्धि के पीछे बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष की अहम भूमिका रही जिन्होंने जिन्होंने नेशनल क्रिकेट अकादमी, बीसीसीआई से विशेष अनुमति दिलवाकर वैभव को पटना बुलवाया और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी से भेंट करने का अवसर मिला। वैभव का अब तक का प्रदर्शन राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार सराहनीय रहा है। उनकी मेहनत, तकनीक और समर्पण ने उन्हें न केवल अपने साथियों के बीच अलग पहचान दिलाई है, बल्कि चयनकर्ताओं और प्रशासकों का विश्वास भी अर्जित किया है। बता दें कि राजस्थान रॉयल्स इस सीजन 14 में से 4 मैच ही जीत सकी। टीम इस खराब प्रदर्शन के साथ प्वाइंट्स टेबल में नौवें पायदान पर रही। भले ही राजस्थान ने अपने फैंस को निराश किया, लेकिन सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने फैंस का दिल जीत लिया है।

### न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का 77 वर्ष की आयु में निधन



**क्राइस्टचर्च (आईएएनएस)**। न्यूजीलैंड के पूर्व कोच डेविड ट्रिस्ट का गुरुवार को क्राइस्टचर्च में 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ट्रिस्ट के निधन की पुष्टि न्यूजीलैंड क्रिकेट ने की है। ट्रिस्ट का न्यूजीलैंड को साल 2000 की चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम रोल रहा है। ये आईसीसी ट्रॉफी कीवी टीम ने ट्रिस्ट की कोचिंग में ही जीती थी। ट्रिस्ट कैंटरबरी के पूर्व तेज गेंदबाज थे, जिन्होंने 1968 से 1982 तक 14 साल के खेल करियर के दौरान 24 प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले। ट्रिस्ट ने 1999 से 2001 तक दो साल न्यूजीलैंड की पुरुष टीम को कोचिंग दी और 15 अक्टूबर 2000 को नैरोबी में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जिताई, जो टीम का एकमात्र वैश्विक व्हाइट बॉल खिताब है।

### नॉर्वे शतरंज: गुकेश ने कारुआना को दी मात



**स्टावेंजर (आईएएनएस)**। विश्व के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने भारतीय नंबर 2 अर्जुन एरिगैसी के खिलाफ अंतिम गेम में शानदार जीत के साथ अपनी क्लास दिखाई। पिछले दो राउंड में दो आर्मागेडन गेम हारने वाले नॉर्वेजियन सुपरस्टार ने घरेलू मैदान पर इस जीत के साथ एकल बढ़त बना ली। विश्व चैंपियन डोमाराजू गुकेश और विश्व नंबर 3 फैबियानो कारुआना के बीच बाजी में, अमेरिकी लगभग पूरे गेम में आगे चल रहे थे, उनके पास जीतने के काफी मौके थे। हालांकि, गुकेश के शानदार रक्षात्मक कौशल के कारण वे अपने लाभ को भुना नहीं सके। इसके बाद गुकेश ने आर्मागेडन गेम को आसानी से जीत लिया। इससे पहले, विश्व चैंपियन गुकेश ने तीसरे राउंड में विश्व नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को हराया, और शानदार प्रदर्शन के साथ अपने खिताब की दावेदारी को मजबूत किया।

### सिनर ने रौलां गैरो में गास्के का करियर खत्म किया, पेरिस क्ले पर जीत का सिलसिला बढ़ाया



**पेरिस (आईएएनएस)**। विश्व के नंबर 1 खिलाड़ी जानिक सिनर ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के तीसरे दौर में पहुंचने के लिए फ्रांसीसी खिलाड़ी रिचर्ड गास्के को 6-3, 6-0, 6-4 से हराकर रौलां गैरो में उनके शानदार करियर का अंत कर दिया। पेरिस में क्ले-कोर्ट मेजर में अपना 22वां प्रदर्शन करते हुए, 38 वर्षीय गास्के एक घंटे, 58 मिनट के संघर्ष के दौरान सिनर की भारी बॉल-स्ट्राइकिंग और सटीक सटीकता का जवाब देने में असमर्थ रहे। अपनी जीत के साथ, एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 खिलाड़ी ने अपने ग्रैंड स्लैम मुकाबले जीतने के सिलसिले को 16 मैचों तक बढ़ा दिया, ऐसा करने वाले 1990 या उसके बाद पैदा हुए पहले व्यक्ति बन गए। सिनर ने गास्के , जिन्होंने 2005 में मोंटे-कार्लो में रोजर फेडरर को हराकर विश्व नंबर 1 पर अपनी एकमात्र जीत दर्ज की थी, से कहा, "कोर्ट के बाहर हमारे बीच अच्छे संबंध हैं। हम अलग-अलग पीढ़ी के हैं, लेकिन यह आपका पल है। इतालवी स्टार को एटीपी टूर ने अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में यह कहते हुए उद्धृत किया।

## रोहित शर्मा की यादगार पारी, बेयरस्टो-सूर्या भी चमके

# मुंबई ने गुजरात को दिया 229 रनों का टारगेट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में आज गुजरात टाइटन्स का सामना मुंबई इंडियंस से हो रहा है. दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में है. इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 229 रनों का टारगेट दिया है. मुंबई की ओर से रोहित शर्मा ने शानदार 81 रन बनाए। बता दें कि एलिमिनेटर मुकाबले में हारने वाली टीम प्रतियोगिता से बाहर हो जाएगी, जबकि विजेता टीम क्वालिफायर-2 मुकाबले में पंजाब किंग्स (PBKS) का सामना करेगी. क्वालिफायर-2 मुकाबला 1 जून को अहमदाबाद में खेला जाना है। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाए. मुंबई की शुरुआत काफी जबरदस्त रही. जॉनी बेयरस्टो और रोहित शर्मा ने मिलकर पहले विकेट के लिए 84 रनों की पार्टनरशिप की. हालांकि इस पार्टनरशिप के दौरान रोहित शर्मा को दो जीवनदान भी मिले. पहले गेराल्ड कोएट्जी और फिर कुसल मेंडिस ने उनका कैच टपकाया. आर. साई किशोर ने जॉनी बेयरस्टो को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा. बेयरस्टो ने 4 चौके और तीन छक्के की मदद से 22 बॉल पर 47 रन बनाए. जॉनी बेयरस्टो के आउट होने के कुछ देर बाद रोहित शर्मा ने 28 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।



**विकेट पतन: 84-1 (जॉनी बेयरस्टो, 7.2 ओवर), 143-2 (सूर्यकुमार यादव, 12.6 ओवर), 186-3 (रोहित शर्मा, 16.4 ओवर), 194-4 (तिलक वर्मा, 17.2 ओवर), 206-5 (नमन धीर, 18.4 ओवर).**

### रोहित की तूफानी पारी, मुंबई की गुजरात के खिलाफ तीसरी भिड़ंत

रोहित शर्मा ने 50 गेंदों पर 81 रन बनाए, जिसमें 9 चौके और चार छक्के शामिल रहे. रोहित को प्रसिद्ध कृष्णा ने राशिद खान के हाथों कैच आउट कराया. रोहित के बाद तिलक वर्मा (25 रन) भी चलते बने, जिनका शिकार मोहम्मद सिराज ने किया. नमन धीर (9) कुछ खास नहीं कर पाए, लेकिन कप्तान हार्दिक पंड्या (22*) ने आखिरी ओवर में तीन छक्के जड़कर मुंबई को 225 रनों के पार पहुंचा दिया. गुजरात की ओर से आर. साई किशोर और प्रसिद्ध कृष्णा ने दो-दो विकेट लिए. मोहम्मद सिराज को भी एक सफलता हाथ लगी। गुजरात टाइटन्स और मुंबई इंडियंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग में अबतक 7 मुकाबले खेले गए हैं. इस दौरान गुजरात टाइटन्स को 5 मैचों में जीत मिली. जबकि दो मुकाबलों में मुंबई इंडियंस विजेता बनी. मौजूदा सीजन में दोनों टीमें तीसरी बार आमने-सामने हुई हैं. इससे पहले इस सीजन में दोनों टीमों के बीच जो दो मुकाबले खेले गए, उसमें गुजरात गुजरात टाइटन्स ने जीत हासिल की थी।

### सान्वी-कशिका ने हासिल किया 8वां स्थान




**हांगकांग (आईएएनएस)**। भारतीय गोल्फरों रणवीर मित्रो और कृष चावला ने एशिया-पैसिफिक गोल्फ कन्फेडरेशन (एपीजीसी) जूनियर चैंपियनशिप के दौरान यहां हांगकांग गोल्फ क्लब में लड़कों की टीम स्पर्धा में कुल चार ओवर 430 के स्कोर के साथ पांचवां स्थान प्राप्त किया। चीनी जोड़ी जिन हेंग यान और जिन हान ने चार-अंडर 422 के कुल स्कोर के साथ लड़कों की टीम स्पर्धा का खिताब जीता। बारिश के मौसम ने कम स्कोर बनाना मुश्किल बना दिया, लेकिन रणवीर ने टूर्नामेंट में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए तीसरे और अंतिम राउंड में दो ओवर 73 का स्कोर जमा किया और व्यक्तिगत स्पर्धा में छठा स्थान हासिल किया।

## रायजा- अनंतजीत की वापसी, लोनाटो वर्ल्ड कप के लिए 12 सदस्यीय शॉटगन टीम घोषित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके स्कीट शूटर रायजा ढिल्लों और अनंतजीत सिंह नरूका एक बार फिर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होंगे। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की चयन समिति ने उन्हें उस 12 सदस्यीय शॉटगन टीम में शामिल किया है, जो 4 से 14 जुलाई 2025 के बीच इटली के लोनाटो डेल गर्डा में होने वाले इस साल के चौथे और अंतिम इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप स्टेज में हिस्सा लेगी।

पिछले सप्ताह सुहल में जूनियर वर्ल्ड कप में रजत पदक जीतने के बाद रायजा ने कहा था, "इस समय मेरी नजरें जुलाई में होने वाले लोनाटो वर्ल्ड कप पर हैं और मुझे उम्मीद है कि इस साल के मेरे अच्छे प्रदर्शन से मुझे इटली में आत्मविश्वास मिलेगा। इस महीने की शुरुआत में निकोसिया में हुए तीसरे शॉटगन वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों में से, जहां भारत ने नए ओलंपिक इवेंट-ट्रैप मिक्स्ड टीम-में अपना पहला आईएसएसएफ पदक (कांस्य) जीता, केवल अनुभवी मैराज अहमद खान (पुरुष स्कीट) और महेश्वरी चौहान (महिला स्कीट) ही अपनी जगह बनाए रखने में सफल रहे हैं।



### आईएसएसएफ वर्ल्ड कप शॉटगन, लोनाटो इटली के लिए भारतीय टीम

- **स्कीट पुरुष: अनंतजीत सिंह नरूका, मैराज अहमद खान, भवतेग सिंह गिल**
- **स्कीट महिला: रायजा ढिल्लों, गनेमत सेखों, महेश्वरी चौहान**
- **ट्रैप पुरुष: लक्ष्य श्योरण, जोरावर सिंह संधू, जसविंदर सिंह**
- **ट्रैप महिला: नीरू धांडा, प्रगति दुबे, प्रीति रजक**

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# 2030 तक पर्यटन क्षेत्र देश की जीडीपी में 10 प्रतिशत का योगदान देगा : केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ग्लोबल इकोनॉमी में 10 प्रतिशत योगदान टूरिज्म सेक्टर का होता है और मुझे यकीन है कि ग्लोबल पैरामीटर के तहत 2030 तक हमारा पर्यटन क्षेत्र भी देश की जीडीपी में 10 प्रतिशत का योगदान देगा। हम इस विजन पर तेजी से काम कर रहे हैं। राष्ट्रीय राजधानी में सीआईआई 'एनुअल बिजनेस समिट 2025' में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में कोरोना संकट के बाद से घरेलू पर्यटन को लेकर जबरदस्त तेजी देखी गई है। उन्होंने कहा, "भारत के टूरिज्म सेक्टर को प्रमोट करने और वैश्विक स्तर पर देश की क्षमता को बढ़ाने के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर क्रिएशन पहली जरूरत थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में सड़कें, एक्सप्रेसवे और डेढ़ लाख किलोमीटर के हाइवे बने, नया मॉडर्न रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हुआ। नए एयरपोर्ट्स बने। उन्होंने आगे कहा, "हालांकि, अभी भी बहुत से काम किए जाने बाकी हैं। फ्लाइट्स की संख्या बढ़ाए जाने की जरूरत है। भविष्य में 3,000 एयरक्राफ्ट्स आने वाले हैं। एयरक्राफ्ट्स की बढ़ती संख्या इस बात का संकेत है कि दुनिया का भारत को देखने का नजरिया बदल रहा है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, "जिस तेजी से हमारी अर्थव्यवस्था का विकास हो रहा है, उतनी ही तेजी से देश का पर्यटन क्षेत्र आगे बढ़ रहा है।



### गरीबी से मध्यम वर्ग की ओर बदलाव

- 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आकर मध्यम वर्ग में शामिल हुए।
- इस सामाजिक-आर्थिक बदलाव ने लोगों की जीवनशैली में बड़ा परिवर्तन लाया।

### मध्यम वर्ग और पर्यटन का संबंध

- मध्यम वर्ग के लोग घर से बाहर निकलते समय धार्मिक पर्यटन पर खर्च करना पसंद करते हैं।
- इससे देश में स्प्रिचुअल टूरिज्म (धार्मिक पर्यटन) तेजी से बढ़ा।

### ई-कॉमर्स साइट्स को लेकर सरकार ने जारी किए दिशा-निर्देश

**नई दिल्ली**। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने शुक्रवार को ई-कॉमर्स साइटों पर रेडियो उपकरणों की अवैध लिस्टिंग और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए नए मानदंड जारी किए हैं। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर वॉकी-टॉकी सहित रेडियो उपकरणों की अवैध लिस्टिंग और बिक्री की रोकथाम और विनियमन के लिए दिशानिर्देश, 2025 का उद्देश्य वायरलेस उपकरणों की अनधिकृत बिक्री रोकना है, जिनसे उपभोक्ता सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा हो सकता है। मंत्रालय ने कहा कि ये उपकरण उपभोक्ताओं को उनकी कानूनी स्थिति के बारे में गुमराह कर सकते हैं। साथ ही कानून प्रवर्तन और आपातकालीन सेवाओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले महत्वपूर्ण संचार नेटवर्क में हस्तक्षेप कर सकते हैं।

एलआईसी ने अदाणी पोर्ट्स को ₹5,000 करोड़ का लोन दिया!

# एलआईसी ने 15 साल के लिए खरीदाअदाणी पोर्ट्स का ₹5,000 करोड़ का नॉन-कंवर्टिबल डिबेंचर इश्यू

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। भारत की भीमकाय बीमा कंपनी एलआईसी ने सत्ता के सर्वोच्च चहेते गुजराती सेठ गौतम अदाणी की कंपनी अदाणी पोर्ट्स का 5,000 करोड़ का पूरा नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर इश्यू 15 साल के लिए खरीद लिया है। इसका मतलब है कि एलआईसी ने अदाणी पोर्ट्स को 5,000 करोड़ का लोन दिया है। वह भी 15 साल के लिए । मालूम हो कि सत्ता की कृपा से अदाणी पोर्ट्स देश का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट ऑपरेटर हो गया है। कंपनी का कहना है कि वह एलआईसी से मिले पैसे का इस्तेमाल अपने पुराने लोन चुकाने और कारोबार को बढ़ाने में करेगी। कंपनी अपने पुराने लोन को कम ब्याज दर वाले लोन से बदलना चाहती है। इससे कंपनी को फायदा होगा क्योंकि उसे कम ब्याज देना होगा। यह 15 साल का बॉन्ड है, जिस पर 7.75% का ब्याज मिलेगा। यह अदाणी ग्रुप द्वारा हाल के महीनों में जारी किए गए सबसे लंबे समय के बॉन्ड में से एक है। इसका मतलब है कि अदाणी पोर्ट्स को 15 साल बाद एलआईसी को यह पैसा वापस करना होगा और एलआईसी को इस पर 7.75% ब्याज मिलेगा। एलआईसी के पास अभी अदाणी पोर्ट्स की 8.06% हिस्सेदारी है। गौतम अदाणी के नेतृत्व वाला अदाणी ग्रुप इन दिनों अपने लोन को चुकाने की अवधि को बढ़ाने और कम ब्याज दरों पर लोन लेने की कोशिश कर रहा है। कंपनी ने बताया कि रणनीतिक तरीके से लोन लेने के कारण उनका औसत ब्याज दर वित्त वर्ष 25 में 7.92% हो गया है, जो बीते वर्ष 9.02% था। वित्त वर्ष 25 के अंत तक एलआईसी ने कॉर्पोरेट बॉन्ड में 80,000 करोड़ का निवेश किया था। 31 मार्च तक अदाणी पोर्ट्स पर 36,422 करोड़ का कर्ज था, जबकि "ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय" 20,471 करोड़ था। नेट डेट-टू-एबिटा अनुपात 1.78 गुना था, जो वित्त वर्ष 24 में 2.3 गुना था। कंपनी की कार्गो हैंडलिंग क्षमता 633 मिलियन मीट्रिक टन है और पिछले वित्तीय वर्ष में इसने 450 एचएमटी कार्गो संभाला। अदाणी पोर्ट्स के पास भारत में 15 बंदरगाह व टर्मिनल हैं। इसके अलावा, इजराइल, तंजानिया, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका में भी इसके एसेट्स हैं।

- **एलआईसी के पास अभी है अदाणी पोर्ट्स की 8.06% हिस्सेदारी**

नेत्रहीन व्यक्तियों को रोजमर्रा की जिंदगी में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिनमें सबसे बड़ी समस्या करेंसी नोट की पहचान की होती है। लेन-देन के दौरान अंधे और दृष्टिहीन लोग कई बार ठगे भी जाते हैं क्योंकि वे यह नहीं पहचान पाते कि उनके हाथ में कौन-सा नोट दिया गया है। इसी गंभीर समस्या का समाधान निकाला है भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने मोबाइल एडेड नोट आइडेंटिफायर यानी मणि (MANI) ऐप के रूप में।

# मणि ऐप : नेत्रहीनों के लिए नोट पहचानने का डिजिटल सहारा

### क्या है मणि ऐप?

मणि ऐप एक विशेष मोबाइल एप्लिकेशन है जिसे खासतौर पर नेत्रहीनों की सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह ऐप स्मार्टफोन के कैमरे की मदद से भारतीय करेंसी नोट की पहचान करता है और फिर यूज़र को बताता है कि वह नोट कितने रुपये का है। इसकी खास बात यह है कि यह जानकारी लाउड स्पीकर, टेक्स्ट और वाइब्रेशन तीनों तरीकों से देता है, जिससे नेत्रहीन व्यक्ति आसानी से जानकारी प्राप्त कर सके।




### कैसे करता है काम?

मणि ऐप को उपयोग करना बेहद आसान है। सबसे पहले उपयोगकर्ता को यह ऐप अपने स्मार्टफोन में डाउनलोड और इंस्टॉल करना होता है। इसके बाद ऐप को खोलने पर उसमें नोट स्कैन करने का विकल्प आता है। जैसे ही यूज़र नोट को मोबाइल कैमरे के सामने रखता है, ऐप तुरंत उस नोट को स्कैन कर लेता है और उसकी पहचान कर ध्वनि के माध्यम से नोट का मूल्य बता देता है। सिर्फ यही नहीं, अगर यूज़र स्पीकर से नहीं सुन सकता, तो ऐप नोट की वैल्यू वाइब्रेशन और स्क्रीन टेक्स्ट के जरिए भी बताता है। यानी तकनीक का यह बेहतरीन उदाहरण नेत्रहीनों के लिए न सिर्फ स्वतंत्रता की ओर कदम है, बल्कि सुरक्षा और आत्मनिर्भरता भी प्रदान करता है।

### किन नोटों की करता है पहचान?

मणि ऐप भारतीय मुद्रा के लगभग सभी प्रचलित नोटों की पहचान कर सकता है। इसमें 10, 20, 50, 100, 200, 500 और 2000 तक के नोट शामिल हैं। यह ऐप पुराने और नए दोनों सीरीज के नोटों को पहचानने में सक्षम है, जिससे यूज़र को किसी भी नोट को लेकर असमंजस नहीं रहता। मणि ऐप वाकई में नेत्रहीनों के लिए एक तकनीकी वरदान है। यह न सिर्फ उन्हें आत्मनिर्भर बनाता है बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है।

## न्यूज़ बॉक्स

### पुलिस ने 30 किलो गांजा के साथ तीन तस्करों को किया गिरफ्तार




**लातेहार।** लातेहार पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है रांची की दिशा से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार छुपा कर नशे के कारोबारी अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहे थे पुलिस ने 30 किलो गांजा के साथ तीन गांजा के तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है । लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी की अवैध रूप से गंजा एक बड़ी खेप लातेहार के रास्ते बिहार ले जाया जा रहा है । सूचना के लातेहार एसडीपीओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में चंदवा थाना पुलिस के साथ एक टीम गठित की गई और वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया वाहन जांच के दौरान दो स्विफ्ट डिजायर कार की चेकिंग में कार में छुपाकर रखे 30 किलो गांजा बरामद किया है वही गांजा कारोबारी हिमांशु कुमार औरंगाबाद , प्रशांत कुमार गया और शुभम कुमार गया का रहने वाला है । वहीं पूरे मामले में सीडीपीओ अरविंद कुमार ने बताया कि लातेहार एसपी को गुप्त सूचना मिली थी की बड़े पैमाने पर गांजा के तस्कर गांजा की एक बड़ी खेप ले जाया जा रहा है । पुलिस ने वाहन चेकिंग चलकर गांजा की एक बड़ी खेत को बरामद किया है वहीं पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कर को जप्त कर लिया है वही लातेहार पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है । इस जांच अभियान में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार चंदवा थाना के एस आई सरोज सिंह, राजू कुमार दास सैट 206 के जवान शामिल थे।

### लाधुप में वज्रपात की चपेट में आने से बैल की मौत

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाधुप पंचायत के दुधीमाटी गांव में शुक्रवार दोपहर हुई वज्रपात की घटना में एक बैल की मौत हो गई। घटना के संबंध में इतवरिया देवी पति लेदा गंझु ने बताया कि घर के सामने मचान के समीप सभी जानवर बंधे हुए थे इतने में बारिश शुरू हो गई इसी दौरान वज्रपात की घटना घटित हुई। वज्रपात की चपेट में आने से एक बैल की मृत्यु हो गई है। भुक्तभोगी महिला ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। इधर घटना की सूचना मिलते ही लाधुप पंसस बुधन गंझु ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग के अधिकारियों से मिलकर पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने का कार्य किया जायेगा।

### चंदवा फाईटर ने खलारी को छह विकेट से हराया

**चंदवा।** स्थानीय खेल स्टेडियम में चल रहे स्व. प्रभाकर मिश्रा दिवा रात्रि कैनवस क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार की रात्रि तीन मुकाबले खेले गये। पहला मैच चंदवा फाइटर और खलारी के बीच खेला गया। बेहद रोमांचक मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए खलारी ने निर्धारित ओवरों में 6 विकेट खो कर 46 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी चंदवा ने सारिक, अद्दू व खेताब की बेहतरीन पारी की बदौलत यह मैच छह विकेट से जीत लिया। सारिक मैन ऑफ द मैच चुने गये। दूसरे मुकाबले में ब्राइट फ्यूचर महुआ मिलान ने युवा भारत हो हराया वहीं तीसरे मैच में अनुप की ताबड़तोड़ 39 रनो की बदौलत आरआरसी टोरी ने मैकलुस्कीगंज को 23 रनो से पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। अमपायर की भूमिका दीपक व अजय ने निभाई। मैच के दौरान बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

### पीएम ने सोन नगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन राष्ट्र को समर्पित की

**मोहम्मदगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार दौरा क्रम में विक्रमगंज में आयोजित समारोह में अन्य रेल परियोजनाओं के साथ ही सोननगर-मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। इसकी जानकारी रेलवे सूत्रों ने शेयर की है। इसमें बताया गया है कि सोन नगर और मोहम्मदगंज के बीच तीसरी रेल लाईन से ट्रेन संचालन क्षमता में वृद्धि होगी। इससे अंकोरहा और नबीनगर में बिजली संयंत्रों तक कोयले की तेज और अधिक कुशल आवाजाही संभव हो सकेगी। इससे यात्रा समय में कमी आएगी। यह डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) लाइन के लिए फीडर रूट के रूप में कार्य करता है। बगहा बिशुनपुर स्टेशन यार्ड में रेलवे के साथ कनेक्टिविटी प्रदान करता है। जिससे लौह अयस्क, कोयला, उर्वरक, सीमेंट और चीनी आदि के परिवहन को बढ़ावा मिल रहा है। तीसरी लाइन भारी मालगाड़ियों की आवाजाही को सक्षम बनाएगी। अतिरिक्त यात्री ट्रेनों एवं मालगाड़ियों का सुचारू रूप से संचालन होगा। बढ़ी हुई रेलवे कनेक्टिविटी और दक्षता से आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा।

### क्विज प्रतियोगिता में रिंकी रही प्रथम

**हुसैनाबाद।** एके. सिंह कॉलेज, जपला में "महाविद्रोही राहुल सांकृत्यायन (1893-1963) का जीवन एवं दर्शन" पर अप्रैल माह में क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई थी, जिसका पुरस्कार वितरण शुक्रवार को विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र - सह - एकेडमिक इंचार्ज डॉ0 राम सुभग सिंह द्वारा किया गया। सभा का संचालन जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष - सह - खेल एवं संस्कृति कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. राहुल कुमार सिंह द्वारा किया गया। क्विज प्रतियोगिता में रिंकी कुमारी ने प्रथम, प्राजक्ता कुमारी ने द्वितीय और अनंत प्रकाश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । पुरस्कार में प्रमाणपत्र के साथ तीनों विजेताओं को निर्धारित नगद राशि भी प्रदान की गई। प्रथम विजेता रिंकी कुमारी को डॉ. राम सुभग सिंह ने अपनी पुस्तक 'महापंडित राहुल सांकृत्यायन की विचारयात्राः सनातनी से साम्यवादी' उपहार स्वरूप प्रदान की । इस मौके पर सैकड़ो विद्यार्थियों के अलावा महाविद्यालय के निम्नांकित शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित थे । मौके पर प्रो. रेखा कुमारी सिंह, प्रो. शशि भूषण सिंह, प्रो. मुकेश कुमार सिंह, अखिलेश कुमार सिंह,ओम प्रकाश सिंह (लेखापाल), विवेक कुमार, मनीष कुमार, निखिल कुमार एवं राजेंद्र राम आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. रेखा सिंह ने किया।

### हुसैनाबाद अनुमंडल मैदान स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**हुसैनाबाद।** शुक्रवार को अनुमंडलीय मैदान हुसैनाबाद स्थित मां तारा शक्ति दुर्गा मंदिर कमेटिबकी बैठक मंदिर के प्रांगण में हुई। बैठक में पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह उपस्थित थे। उन्होंने बैठक में मंदिर के रख रखाव व पुजारी को एक निश्चित राशि प्रति माह देने का प्रस्ताव रखा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मंदिर कमेटी के सभी सदस्य मिल कर पुजारी को एक निश्चित राशि देने व मंदिर में होने वाले सभी खर्च का वहन करेगी। इसके लिए एक एक सदस्य ने प्रतिमाह मंदिर को एक निश्चित राशि उपलब्ध करने की सहमति दी। कमेटी को पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि जब उनकी जरूरत होगी, मंदिर के लिए वह हमेशा तैयार हैं। इस मौके पर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाल अग्रवाल, सचिव चंदन सिंह , कार्यकारणी समिति सदस्य राम प्रवेश सिंह, अखिलेश्वरी सिंह, रामप्रवेश सिंह, सतेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, संतोष सिंह, मंदिर के पुजारी रजनीश मिश्रा, राजेंद्र यादव, प्रिंस सिंह आदि उपस्थित थे।

## लूट की योजना बना रहे पांच अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार ।** छिपादोहर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लूटपाट की बड़ी योजना को अंजाम देने की फिराक में जुटे पाँच अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मौके से नकदी, वाहन, मोबाइल और भारी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक्स व पानी जब्त किया है। यह कार्रवाई लातेहार पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गठित विशेष टीम द्वारा की गई। जानकारी के अनुसार, छिपादोहर थाना क्षेत्र के हुटार मोड़ के पास कुछ अपराधियों के जुटने और किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना की गुप्त सूचना लातेहार पुलिस अधीक्षक को मिली थी। सूचना के आधार पर 28 मई की रात पुलिस ने छापेमारी कर पांच अभियुक्तों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 16 मई को राजीव स्टोर में 4,05,000 रुपए की लूट की थी। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बिरेन्द्र कुमार उर्फ़ गोलू (22 वर्ष), थाना गारू, लातेहार, शुभम कुमार महतो (20 वर्ष), थाना बेनजुए, पलामू, विनोद कुमार सिंह (21 वर्ष), थाना गारू,ऑल्टो (जेएच10आर-7055), टाटा टेंपू (जेएच03एएल-1455), टाटा मैजिक एस गोल्ड (नं. 9102749717), यामाहा R15, कोल्ड ड्रिंक्स एवं पानी की जब्ती पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से कुल 187 पेटी जब्त की हैं।

# हुसैनाबाद अस्पताल के एक्सरे कक्ष में ताला, मरीज हो रहे परेशान

### तीन महीने से बंद है डिजिटल एक्सरे सेवा, टेक्नीशियन को नहीं मिला भुगतान

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में डिजिटल एक्सरे सेवा बीते तीन महीने से ठप पड़ी है। अस्पताल में एक्सरे कक्ष में ताला लटका है, जिससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. विनेश कुमार के अनुसार, जनवरी 2025 में अस्पताल को आधुनिक डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई थी। प्रारंभ में स्थानीय दबाव के बाद मोहम्मद हसन नामक टेक्नीशियन को अस्थायी रूप से काम पर लगाया गया, लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद उन्हें कहीं से कोई भुगतान नहीं मिला। मोहम्मद हसन ने बताया कि वह बिना वेतन के अब और काम नहीं कर सकते। उन्हें आउटसोर्सिंग से नियुक्त करने का आश्वासन मिला था, लेकिन अब तक कोई आधिकारिक पत्र नहीं मिला है। पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद ने अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चिकित्सक निजी क्लिनिक चलाने में व्यस्त हैं, जबकि अस्पताल भगवान भरोसे चल रहा है। स्थानीय लोगों ने उपायुक्त से हस्तक्षेप कर एक्सरे सेवा तत्काल बहाल कराने और अस्पताल की अन्य व्यवस्थाओं में सुधार की मांग की है।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर देवी मंडप सड़क को चलने योग्य बनाया

**चंदवा।** शहर से सटे देवी मंडप मोहल्ले वासियों ने श्रमदान कर अपने मोहल्ले की सड़क की मरम्मत शुरू कर दी। इस संबंध में स्थानीय निवासी फौदार राम,रमेश राम व सूरज कुमार यादव ने बताया कि उक्त सड़क को अंतिम बार वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव के दौरान जब चुनाव प्रचार हेतु देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चंदवा आगमन हुआ था। उसी वक्त कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के द्वारा उक्त मार्ग की मरम्मत कराई गई थी। शुक्रवार को मोहल्लेवासियों ने समस्या पर समाधान न होता देख खुद ही सड़क मरम्मत करने की बीड़ा उठाई व अर्थदान कर मिट्टी मोरम का प्रबंध किया व मार्ग पर बने गड्ढों को भरकर आवागमन योग्य बनाया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग की स्थिति काफी दयनीय है, जिस कारण ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन कई भारी वाहनों का प्रवेश भी होता है, जिस कारण यह पथ जर्जर हो गया है। हल्की बारिश के बाद सड़क पर बने गड्ढों में भारी जल जमाव हो जाता है। जिस वजह से पैदल चलने में भी काफी परेशानी होती है।

## कांग्रेस प्रारंभ से ही सेना का सम्मान करती आयी है : सुबोधकांत



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय व प्रदेश कांग्रेस महासचिव विनय सिन्हा दीपू का लातेहार परिषदन में प्रदेश प्रतिनिधि पकज तिवारी व युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमीत यादव नेतृत्व में कांग्रेसियों ने स्वागत किया। श्री सहाय रांची से मेदिनीनगर एक कार्यक्रम में भाग लेने जा रहे थे।

श्री तिवारी व श्री यादव ने उन्हें लातेहार जिले में कांग्रेस की गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होने बताया कि लातेहार में कांग्रेस और अधिक सशक्त हो कर उभरी है। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सहाय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही देश के सेना का सम्मान करते आई है। इसीलिए कांग्रेस जय हिन्द सभा कार्यक्रम पूरे देश में कर रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सेना के शौर्य और पराक्रम तथा बलिदान को लोगों के सामने रख रही है। लेकिन भाजपा सेना और आपरेशन सिंदुर को ले कर राजनीति कर रही है। श्री सहाय ने आगे कहा कि देश के जवानों के वजह से ही देश का गौरव है। पाकिस्तान से लुका छिपी लड़ाई लड़ रहा है। उस पाकिस्तान को इंदिरा गांधी ने दो भागों में बांट दिया है तीसरा टुकड़ा करने को तैयार है। मौके पर कामगार कर्मचारी कांग्रेस जिलाध्यक्ष कामिल अंसारी, इमरान अंसारी आदि मौजूद थे।

## मैट्रिक परीक्षा में जिला टॉपर को अध्यापक संघ ने किया सम्मानित



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** बस्ती स्थित अशोक कुमार राम रिटायर्ड पारा शिक्षक की पुत्री नेहा रानी को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा मे जिला टॉप होने की खबर मिलते ही टेट अध्यापक संघ के कमिटी ने उनके घर पहुँच कर बधाई दिया। वहीं नेहा को उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संघ के प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव, सचिव भीम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष जय काली नाथ शाहदेव, विनोद मिश्रा ,शिवनारायण राणा, शेखर यादव, शंभू प्रसाद ,राजेश यादव, रमेश प्रसार माझी,पंकज सिंह सहित संघ के शिक्षिको ने कहा की बेटा से बेटी कम नहीं होते हैं। नेहा रानी ने मैट्रिक बोर्ड परीक्षा में कड़ी मेहनत और अपने लगन से कर्तव्य निष्ठ होकर एक सहायक अध्यापक मानदेय प्राप्त शिक्षक की पुत्री जिला टॉपर बनी है। हौसले को बढ़ाने के लिए डिक्सनरी, पेन, कॉपी देकर अवसर पर सम्मनित किया गया साथ ही मिठाई खिलाये। वहीं माता पिता को भी सराहना किया।

### वीरधवर में सड़क का किया गया शिलान्यास

## हर गांव सड़क मार्ग से जुड़ेगा : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत अंतर्गत बीरधवर के नौका टोला नहर पुल से गाजीबिहरा गांव तक सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि गांव और गरीबों की अपेक्षा को पूरा करने की दिशा में सकारात्मक पहल तेज कर दिया गया है। इस प्रकार से अन्य सभी गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ा जाएगा। सभी का डीपीआर तैयार कर शिलान्यास की प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें जिस प्रकार रिकॉर्ड मतों से विधायक बनाया है। उसी तरह हर क्षेत्र में विकास और निर्माण कार्य के मामले में पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़ने की दिशा उन्होंने कदम उठा दिए हैं। मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता कलामुद्दीन खान के अलावा प्रखंड अध्यक्ष पंचू रजवार, युवा प्रखंड अध्यक्ष सिद्धार्थ कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रामबचन बैठा सहित गणेश मेहता, अर्जुन यादव, अरविंद मेहता, मंजय मेहता, विभागीय सहायक अभियंता विजय राम और कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार व अन्य कई ग्रामीण शामिल थे।

### एनकेपी हाईस्कूल का विवेक मैट्रिक परीक्षा में बना टॉपर



**मोहम्मदगंज।** जैक संचालित मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा में स्थानीय उत्तर कोयल परियोजना उच्च विद्यालय का परीक्षार्थी विवेक कुमार ने 92.4 प्रतिशत अंक हासिल कर अव्वल स्थान प्राप्त किए हैं। इस संबंध में जानकरी देते हुए स्कूल प्रभारी चंद्रशेखर मेहता ने बताया कि विवेक कुमार ने कुल 462 अंक प्राप्त किए हैं। इससे स्कूल के साथ परिवार का नाम ऊंचा हुआ है। इसके अलावा सुमंत कुमार ने 92.2,वंदना कुमारी 91.4,रिशु कुमार 89.2,करण कुमार हासिल कर गौरवान्वित किए हैं।

## प्रखंड प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** मनरेगा सहित अन्य सरकारी योजना के नाम पर ग्रामीणो से पैसो की ठगी करने भ्रष्टचार मे संलिप्त रहने के कई गंभीर आरोप को लेकर लगातार प्रखंड मे लोगो के बीच चर्चा का केंद्र बिन्दू बनी मनिका प्रखंड प्रमुख प्रतिमा देवी के विरूद्ध प्रखंड के पंचायत समिती सदस्यो ने बिगुल फूंक दिया।गुरूवार की सायं मनिका प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यो ने बीडीओ संदीप कुमार को प्रखंड प्रमुख को दिये समर्थन को वापस लेते हुए प्रमुख के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन सौंपा।सौंपे गये ज्ञापन मे प्रखंड प्रमुख के विरूद्ध पंचायत समिति सदस्यो ने कई गंभीर आरोप लगाते हुए अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात कही है।ज्ञापन मे पंचायत समिति सदस्यो ने कहा है की मनिका प्रखंड प्रमुख मनरेगा सहित सरकारी योजना के नाम पर आम ग्रामीणो से पैसो की उगाही करती है ।आम लोगो से अपने पद का दुरूपयोग करते हुए पैसो की ठगी करती है।इसको लेकर पिछले कई दिनो से समाचारपत्रो मे कई मामला सामने आ रहा है।

## पेज एक के शेष

### झारखंड ने मांगे...

उद्योग और पर्यटन आदि से संबंधित जरूरतों को रेखांकित किया गया है। सामाजिक क्षेत्र में विकास के लिए 44 हजार 447 करोड़, कृषि, वन एवं जल संसाधन के क्षेत्र के लिए 41 हजार 388 करोड़ और गृह, पंचायती राज, भूमि सुधार, राजस्व आदि क्षेत्र के लिए 17 हजार 918 करोड़ की मांगें आयोग के समक्ष रखी गई हैं। ज्ञात हो कि 15वें वित्त आयोग को झारखंड सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया था, जिसके विरुद्ध राज्य को ग्रामीण सड़क, पुलिया, आपदा प्रबंधन, नगर विकास तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में 12,398 करोड़ रुपए ही उपलब्ध कराए गए। लिहाजा, राज्य सरकार ने 16वें वित्त आयोग से बकाया राशि की भी मांग की है। इसके अलावा, जीएसटी कंपनसेशन, जो पांच वर्ष (जुलाई 2017 से जुलाई 2022) तक प्राप्त होता रहा था, वह जुलाई 2022 के बाद बंद हो गया। इससे राज्य को करीब 61,670 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। राज्य सरकार ने वित्त आयोग की टीम से अतिरिक्त अनुदान देने की भी मांग की, ताकि उक्त नुकसान की भरपाई हो सके। रांची के एक होटल में हुई बैठक के बाद नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से वित्त आयोग को 3,03,527.44 करोड़ की मांग से संबंधित प्रतिवेदन सौंपा गया है। स्वास्थ्य से लेकर शिक्षा एवं आधारभूत संरचना, जो राज्य सरकार की प्राथमिकता में है, उसे लेकर अनुदान की मांग वित्त आयोग से की गई है। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि भारत सरकार की यह संवैधानिक संस्था केंद्र सरकार के समक्ष सकारात्मक सोच के साथ हमारी मांगों को पहुंचाने में मदद करेगी। मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि उत्पादक राज्य होने के कारण झारखंड को होने वाले घाटे को भी वित्त आयोग के समक्ष प्रमुखता से रखा गया है। जो मांगें रखी गई हैं, उसे आप विशेष पैकेज मानें या अनुदान की राशि, राज्य सरकार ने बड़े ही तर्कपूर्ण ढंग के साथ इसे रखा है। वित्त आयोग ने भी हमें भरोसा दिया है कि मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार किया जाएगा। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि आयोग के समक्ष हमारी सरकार ने राज्य की विशिष्ट परिस्थितियों और जरूरतों के बारे में विस्तृत प्रतिवेदन रखा है। हम आयोग की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। हमें विश्वास है कि झारखंड के प्रति पूरा न्याय होगा और हर क्षेत्र के विकास के लिए हमें हमारी मांग के अनुसार अनुदान प्राप्त होगा। बैठक में राज्य सरकार के मंत्री रामदास सोरेन, योगेंद्र प्रसाद, सुदिव्य कुमार के अलावा मुख्य सचिव अलका तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

### 40 प्रतिशत खनिज...

देश का प्रथम इस्पात संयंत्र झारखंड के जमशेदपुर में स्थापित किया गया था। उन्होंने आयोग का ध्यान इस ओर आकर्षित कराया कि जीएसटी उपभोक्ता राज्यों के लिए फायदेमंद है एवं उत्पादक राज्य के रूप में झारखंड को वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक कुल 61,677 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में 39 प्रतिशत आबादी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति/ आदिम जनजाति की है। इतनी बड़ी आबादी महत्वपूर्ण सामाजिक सूचकांकों विशेषकर स्वास्थ्य, शिक्षा आदि के मामले में काफी पीछे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार समतामूलक विकास के लिए कई स्तरों पर कार्य रही है। महिला सशक्तिकरण एवं उपभोक्ता आधारित विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'मंईयां सम्मान योजना' एवं अन्य योजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जिसके कारण राज्य के कोष से भारी अतिरिक्त राशि व्यय करना पड़ रहा है। मुख्य सचिव ने आयोग को अवगत कराया कि झारखंड का गठन वर्ष 2000 में वित्तीय प्रतिबद्धताओं और दायित्वों के साथ हुआ था। झारखंड को विशेष श्रेणी के राज्य या राज्य के लिए विशेष पैकेज की मांग को भारत सरकार द्वारा विचार नहीं किया गया, जो अक्सर नव सृजित राज्यों को मिलता था। राज्य वामपंथी उग्रवाद से भी जूझ रहा है, जो राज्य के विकास पर घातक प्रभाव डालता है। 16वें वित्त आयोग की टीम को बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा राजस्व की प्राप्ति को बढ़ाने के लिए ठोस सार्थक प्रयास किया जा रहा है। साथ ही, वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2025-26 के दौरान टैक्स रेवेन्यू/नॉन टैक्स रेवेन्यू में 16.5 प्रतिशत की वृद्धि की ओर आयोग का ध्यान आकृष्ट कराया गया। राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए मुख्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि नीति आयोग की राजकोषीय स्वास्थ्य सूचकांक 2025 के प्रतिवेदन में झारखंड 18 सामान्य श्रेणी के राज्यों में चौथे स्थान पर है। कहा गया कि राज्य सरकार पंचायती राज संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों को लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। स्थानीय निकायों को भारत सरकार से मिलने वाले अनुदान में वृद्धि की ओर ध्यान भी आकृष्ट कराया गया। मुख्य सचिव अलका तिवारी ने 50 प्रतिशत वर्टिकल डिवोल्यूशन (ऊर्ध्वाधर हस्तांतरण) का सुझाव दिया। साथ ही, होरिजोंटल डिवोल्यूशन (क्षैतिज हस्तांतरण) के फॉर्मूला में जनसंख्या, विकसित राज्य से इनकम का अंतर, वन एवं खुले वन तथा जीएसटी के कारण हो रही क्षति को सम्मिलित करने पर बल दिया।

### इस वर्ष निकाय...

राज्य सरकार का कहना है कि करों के 17.5 प्रतिशत हिस्से को जनसंख्या के आधार पर, 15 प्रतिशत हिस्से को क्षेत्र के आधार पर, 50 प्रतिशत हिस्से को प्रति व्यक्ति आय के आधार पर, यानी जितनी कम आय हो उतना ज्यादा टैक्स, 12.5 प्रतिशत हिस्से को जंगल के आधार पर, 2.5 प्रतिशत को जीएसटी नुकसान के आधार पर और बाकी 2.5 प्रतिशत इस आधार पर दिया जाना चाहिए कि कौन राज्य कितना प्रयास कर रहा है। ज्ञात हो कि वित्त आयोग का गठन केंद्र और राज्यों में करों के बटवारे को तय करने के लिए हर पांच वर्ष में किया जाता है। 16वें वित्त आयोग का गठन वित्त वर्ष 2026-27 से लेकर वित्त वर्ष 2030-31 तक केंद्र और राज्यों में करों के बटवारे को तय करने के लिए किया गया है।

### जैक 12वीं बोर्ड...

बताया गया कि वेबसाइट्स पर रोल नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि का विवरण डालते ही रिजल्ट का पेज खुल जाएगा। इसे डाउनलोड भी किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम के मूल अंकपत्र जारी किए जाने तक इसके आधार पर छात्र आगे की कक्षाओं में दाखिले या किसी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

### आतंकवाद हो या...

उन्होंने कहा, विकसित भारत के लिए विकसित बिहार जरूरी है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब एनडीए सरकार केंद्र की सत्ता में आई थी, तब भारत में 125 नक्सल प्रभावित जिले थे, अब इनकी संख्या घटकर केवल 18 रह गई है। पीएम मोदी ने कहा कि पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का लोकार्पण किया जा चुका है, जो अब सालाना एक करोड़ यात्रियों को संभाल सकेगा। बिहटा एयरपोर्ट पर भी 1,400 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। उन्होंने बिहार के मखाना उत्पादन करने वाले किसानों के लिए मखाना बोर्ड की स्थापना और जीआई टैग की सुविधा को भी सरकार की बड़ी उपलब्धियों में गिनाया।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' अभियान...

संपूर्ण खुशियों, सपनों और आशाओं का केंद्र बिंदु भी मात्र यही 'सिंदूर' है। आतंकवादियों के आकाओं ने भारत के मान, सम्मान और धर्म निरपेक्षता पर जब कुठाराघात और प्रहार किया था, 'सिंदूर' की आग ने दुश्मन की इस शतरंज को बर्बाद किया है। भारत ने मात्र 22 मिनट के मिसाइल प्रहार से उसके आकाओं को धूल चटा दी। 'सिंदूर' की रक्षा के लिए किए गए प्रयासों ने यह सिद्ध कर दिया है कि यह नया भारत है, जो गोली का जवाब गोले से और कूटनीति के अकाट्य प्रहारों से वह अपने गौरव की रक्षा करना जानता है। विश्व से आतंकवाद के वंश को समाप्त करने और विश्व शांति स्थापित करके विश्व गुरु के सिंहासन पर स्थापित होने के अश्वमेध यज्ञ का नाम ही 'ऑपरेशन सिंदूर' है। इस महाअभियान में धर्मनिरपेक्षता और प्रजातंत्र की सुरक्षा में संपूर्ण देश राष्ट्र ध्वज तिरंगे के नीचे एक साथ खड़ा है। जय हिंद, जय हिंद की सेना।

# नौसेना फॉर्म में होती तो पाकिस्तान टूट जाता : राजनाथ

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि 1971 इसका गवाह है, कि जब भारतीय नौसेना हरकत में आई थी, तो पाकिस्तान एक से दो हो गया था। अगर ऑपरेशन सिंदूर में, भारतीय नौसेना अपने फॉर्म में आई होती, तो पाकिस्तान के दो टुकड़े ही न होते बल्कि मैं समझता हूँ शायद चार टुकड़े हो जाते। रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को गोवा के तट से कुछ ही दूरी पर आईएनएस विक्रांत पर यह बात कही। इसके साथ ही उन्होंने कहा, “मैं यह बात फिर से, बेहद दृढ़ता से कहना चाहता हूँ, कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यह सिर्फ एक विराम है, एक चेतावनी। अगर पाकिस्तान ने फिर वही गलती की, तो भारत का उत्तर और भी कठोर होगा, और इस बार, उसे संभलने का मौका नहीं मिलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक मिलिट्री एक्शन नहीं है बल्कि आतंकवाद के खिलाफ भारत का फ्रंटल असॉल्ट है। हम आतंकवाद के खिलाफ हर उस तरीके का इस्तेमाल करेंगे, जो पाकिस्तान सोच सकता है, मगर हम उन तरीकों का इस्तेमाल करने में भी संकोच नहीं करेंगे, जो पाकिस्तान सोच भी नहीं सकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी फोर्स की फॉरवर्ड तैनाती के साथ-साथ विक्रांत कैरियर बैटल ग्रुप की फोर्स प्रोजेक्शन ने भी हमारे इरादे और क्षमता का प्रभावी संकेत दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आपकी इस मजबूत तैयारी ने दुश्मन के हौसले को पहले ही पस्त कर दिया। पाकिस्तान के लिए आपकी तैयारी मात्र ही बहुत थी। आपको तो एक्शन की जरूरत ही नहीं पड़ी, आपकी तैयारी से ही दुश्मन सकते में आ गया। पाकिस्तान ने भारतीय नौसेना की प्रचंड शक्ति, उसकी सैन्य सूझबूझ और विध्वंसक क्षमताओं को न सिर्फ महसूस किया, बल्कि वह उससे भयभीत भी हुआ। रक्षा मंत्री ने कहा कि हाफिज सईद ‘मुंबई हमलों’ का गुनहगार है। समुंदर के रास्ते मुंबई में मौत बरसाने का जो गुनाह उसके संगठन ने किया है, उसका इंसाफ होना चाहिए। यह काम पाकिस्तान में नहीं हो सकता है। मुंबई हमलों के एक आरोपी तहव्वुर राणा को पिछले दिनों भारत लाया गया है।

## तीनों सेनाओं का तालमेल बना भारत की ताकत
### ऑपरेशन सिंदूर से बदली रणनीतिक तस्वीर

आईएनएस विक्रांत भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत है। इस भारतीय एयरक्राफ्ट कैरियर में फाइटर जेट और हेलीकॉप्टर दोनों ही हैं। एयरक्राफ्ट कैरियर में 30 से ज्यादा एयरक्राफ्ट आ सकते हैं। यहां मौजूद रक्षा मंत्री ने कहा, “हमने पाकिस्तान के आतंकी अड्डे और उसके इरादों को ध्वस्त कर दिया। हमारा प्रहार इतना तगड़ा था, कि पाकिस्तान पूरी दुनिया से भारत को रोकने की गुहार लगाने लग गया। अंत में हमने अपनी शर्तों पर, मैं फिर दोहरा रहा हूँ, हमने अपनी शर्तों पर अपने सैन्य एक्शन को रोका है। अभी तो हमारी सेनाओं ने अपनी आस्तीनें पूरी मोड़ी भी नहीं थी, अभी तो हमने अपना पराक्रम दिखाना शुरू भी नहीं किया था। आज आईएनएस विक्रांत पर, अपने नौसैनिक योद्धाओं के बीच आकर मुझे बड़ी ख़ुशी हो रही है। जब मैं भारत की समुद्री शक्ति के गौरव, आईएनएस विक्रांत पर खड़ा हूं, तो मेरे अंदर खुशी के साथ-साथ एक गर्व और विश्वास का भाव भी है, कि जब तक राष्ट्र की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा आपके मजबूत हाथों में है, तब तक भारत को कोई तिरछी निगाहों से देख नहीं सकता।

# भारत-अमेरिका आर्मी वार्ता में रक्षा सहयोग को लेकर बनी सहमति

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। यह भारत–अमेरिका आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता है, जिसका आयोजन 28 से 30 मई तक नई दिल्ली में किया गया। भारतीय सेना के मुताबिक, इन विचार-विमर्शों का उद्देश्य मौजूदा समय में चल रहे द्विपक्षीय रक्षा सहयोग की समीक्षा करना है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का मूल्यांकन, सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की पहचान, अंतर-संचालन क्षमता को सशक्त बनाना और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान करना भी इस वार्ता का उद्देश्य था। भारतीय सेना के मुताबिक, दोनों पक्षों ने वैश्विक शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने में एक मजबूत भारत–अमेरिका रणनीतिक साझेदारी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की है। गौरतलब है कि इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल जे.बी. वॉवेल, डिप्टी कमांडिंग जनरल, यूएस आर्मी पैसिफिक ने 28वीं एग्जीक्यूटिव स्टीयरिंग ग्रुप (ईएसजी) बैठक के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल एन.एस. राजा सुब्रमणि, उपसेनाध्यक्ष (वीसीओएएस) से मुलाकात की थी। यह संवाद भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और आर्मी-टू-आर्मी सहयोग को बढ़ावा देने के प्रति भारतीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सेना का कहना है कि हम मिलकर विश्वास, आपसी सहयोग और साझा रणनीतिक हितों की एक मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं।

गौरतलब है कि भारत विश्व के विभिन्न देशों के साथ अच्छे सामरिक, आर्थिक और सामाजिक संबंध रखता है। जहां एक ओर शुक्रवार को अमेरिकी सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से वार्ता का यह दौर पूरा हुआ है, वहीं शनिवार से भारत और मंगोलिया की सेना एक संयुक्त सैन्य अभ्यास करने जा रही हैं। यह अभ्यास मंगोलिया में होगा।

## प्राइवेट कंपनियों को भी बोली लगाने की दी गई अनुमति

# सरकार ने एडवांस मीडियम कांबैट एयरक्राफ्ट योजना को दी मंजूरी

- **तेजस मार्क - 1ए फाइटर जेट इंजन आपूर्ति में 2 साल हो चुकी है देरी**
- **अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक को करनी थी इंजन की आपूर्ति**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत व पाकिस्तान के बीच लड़ाई के लगभग तीन सप्ताह बाद, भारत ने अपने सबसे आधुनिक लड़ाकू विमान (फाइटर जेट) बनाने की योजना को अंतिम रूप दे दिया है। जिसका नाम एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है।मोदी सरकार ने अब प्राइवेट कंपनियों को भी इस प्रोजेक्ट के लिए बोली लगाने की अनुमति दे दी है। पहले, सिर्फ सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ही फाइटर जेट बनाती थी। यह एक बड़ा बदलाव है।भारतीय वायुसेना के पास अभी एक भी ऐसा फाइटर जेट नहीं है जो रडार को धोखा दे सके।इस तरह के जेट को स्टील्थ फाइटर जेट कहते हैं। चीन ने पहले ही अपने जे -20 जेट तैनात कर दिए हैं और वह जे -36 नाम का एक और जेट बना रहा है। पाकिस्तान भी चीन से 40 जे -35 से स्टील्थ जेट खरीदने की बातचीत कर रहा है। तैयारी में है।इधर भारत ने एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट मॉडल को जल्दी फाइनल करने का फैसला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद लिया गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका भारत को एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट देने की योजना बना रहा है। एफ-35 दुनिया के सबसे आधुनिक लड़ाकू विमानों में से एक है।लेकिन एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तो एफ -35 से सस्ता हो सकता है।पर सवाल है कि यह बनेगा कब तक। एफ -35 की कीमत 80-100 मिलियन डॉलर प्रति जेट है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि भारत अपने स्टील्थ जेट कब तक बना पाएगा। क्योंकि भारत का तेजस फाइटर जेट बनाने का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है।भारतीय वायुसेना के पास अभी सिर्फ 31 स्क्वाड्रन (18 विमानों का समूह) हैं। जबकि उसे 42 स्क्वाड्रन की ज़रूरत है। भारतीय वायु सेना अपने पुराने सोवियत युग के विमानों को तेजस फाइटर जेट से बदलने में नाकाम रहा है। तेजस जेट बनाने में बहुत देरी हो रही है। खासकर मिग-21 विमान बहुत दुर्घटनाग्रस्त होते हैं।कुछ साल पहले तक भारतीय वायु सेना अपने सुखोई सु-30एमकेआई विमानों पर निर्भर था। अपनी क्षमता को बढ़ाने के लिए, उसने फ्रांस से 36 राफेल जेट भी खरीदे हैं। लेकिन पाकिस्तान भी अपनी हवाई ताकत बढ़ा रहा है। वह चीन से 40 जे-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने की योजना बना रहा है। उधर चीन ने दिसंबर 2024 में अपने जे-36 फाइटर जेट को दुनिया के सामने पेश किया। माना जा रहा है कि यह छठी पीढ़ी का जेट है। इससे पावरफुल देशों को चिंता हो गई है। क्योंकि अमेरिका और रूस जैसे बड़े देशों ने अभी तक ऐसा कोई प्रोजेक्ट नहीं दिखाया है। चीन ने अपने जे-20 ‘माइटी ड्रैगन’ स्टील्थ जेट को भारत के सामने वाले हवाई क्षेत्रों में तैनात कर दिया है। इस बारे में रक्षा विशेषज्ञों ने लगातार कहा है कि भारत को एक साथ दो मोर्चों पर युद्ध का खतरा है। इसलिए उसे जल्दी से जल्दी आधुनिक विमान खरीदने चाहिए। उनका कहना है कि अगर भारत को दुश्मन के इलाके में फाइटर जेट भेजने, हमला करने और बिना पता चले वापस आने की ज़रूरत है, तो स्टील्थ क्षमता बहुत ज़रूरी है। एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट से भारत की स्टील्थ विमान की ज़रूरत पूरी हो सकती है। लेकिन यह इस बात पर निर्भर करेगा कि एचएएल प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर जेट को समय पर बना पाता है या नहीं। रक्षा मंत्रालय चाहता है कि एचएएल, तेजस मार्क-1ए जेट बनाने में हो रही देरी के कारण आलोचना झेल रहा है। वह एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट के लिए प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर बोली लगाए। एचएएल पहले से ही 1.2 लाख करोड़ रुपये के 180 तेजस मार्क -1ए जेट बनाने में लगा हुआ है। इसके बाद, वह 108 तेजस मार्क-2 जेट बनाएगा।



यह 4.5 पीढ़ी का विमान है। इसके अलावा, एचएएल कई अन्य विमान और हेलीकॉप्टर प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है।प्राइवेट कंपनियां भी अकेले, समूह बनाकर या विदेशी कंपनियों के साथ मिलकर बोली लगा सकती हैं। लेकिन उन्हें भारतीय नियमों का पालन करना होगा। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी एएमसीए को डिजाइन व विकसित करने का काम कर रही है। वह जल्द ही प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर इसे बनाने के लिए रुचि पत्र जारी करेगी। सरकार का यह कदम ऐसे समय में आया है जब टाटा ग्रुप ने यूरोपीय एयरोस्पेस कंपनी एयरबस के साथ मिलकर गुजरात के वडोदरा में सी-295 (सामरिक परिवहन विमान) असेंबली लाइन स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया है। दोनों कंपनियां कर्नाटक के कोलार में एच125 हेलीकॉप्टरों के लिए एक फाइनल असेंबली लाइन स्थापित करने की भी योजना बना रही हैं। यह भारत की पहली प्राइवेट सेक्टर की हेलीकॉप्टर असेंबली सुविधा होगी।

वायु सेना प्रमुख ए.पी. सिंह ने बार-बार ‘मेक इन इंडिया’ प्रोजेक्ट में हो रही देरी और डिलीवरी शेड्यूल का पालन न करने पर चिंता जताई है। 29 मई को सीआईआई बिजनेस समिट में बोलते हुए, सिंह ने कहा कि “एक भी प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं हुआ है” और सशस्त्र बलों ने “काली भेड़ को काली भेड़ कहने से परहेज किया है”। सिंह अपनी स्पष्ट बात कहने के लिए जाने जाते हैं।प्राइवेट सेक्टर की रक्षा उत्पादन में बढ़ती भागीदारी और पांचवीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट के विकास में भी उनके लिए दरवाजे खुलने के साथ, भारतीय वायु सेना चीफ ने विंस्टन चर्चिल के शब्दों को दोहराते हुए उद्योगपतियों से इस अवसर पर आगे आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, “’एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट जब बने तो वह आधुनिक होना चाहिए।” जनवरी में, सिंह ने एचएएल द्वारा तेजस विमान के विकास की धीमी गति पर कटाक्ष किया था और भारत की खतरे का सामना करने की क्षमता पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा था, “तेजस, हमने इसे 2016 में शामिल करना शुरू किया। वास्तव में, हमें 1984 में वापस जाना चाहिए जब यह प्रोजेक्ट शुरू हुआ था। पहला विमान 2001 में उड़ा, [17 साल बाद]। फिर, 2016 में एक और 15 साल बाद शामिल करना शुरू किया।

आज हम [2025] में हैं और मेरे पास पहले 40 विमान नहीं हैं... यह उत्पादन क्षमता है।” यह बात एयर चीफ मार्शल ने 8 जनवरी को राष्ट्रीय राजधानी में ‘एयरोस्पेस सेक्टर में आत्मनिर्भरता’ पर एक सेमिनार में कही थी।भारतीय वायु सेना के पास वर्तमान में तेजस मार्क-1 के दो स्क्वाड्रन हैं। लेकिन तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट को शामिल करने में काफी देरी हुई है। इसका मुख्य कारण अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से इंजन की आपूर्ति में देरी है। एचएएल ने फरवरी 2021 में 46,898 करोड़ रुपये के एक समझौते के तहत 2024-25 वित्तीय वर्ष में 16 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट देने का वादा किया था। हालांकि, अब इस समय सीमा में केवल दो से तीन जेट ही दिए जाएंगे। जीई ने इस साल 99 जीई-एफ404 टर्बोफैन जेट इंजन की आपूर्ति शुरू करने का वादा किया है, जो दो साल से अधिक की देरी है। देखिए वह इस साल भी आपूर्ति कर पाता है या नहीं।

## शरीर में पोषक तत्वों की कमी, अनुवांशिक कारण, मधुमेह से कम होती है आंखों की रोशनी

# आंखों को स्वस्थ रखने के लिए काजू बादाम, अखरोट, पिस्ता, खजूर खाएं

- **आंखें कमजोर होने के लिए जिम्मेदार हैं मोबाइल, लैपटॉप, टीवी, टैबलेट का ज्यादा इस्तेमाल**

**ब्यूरो**

**स्वास्थ्य**

**नई दिल्ली।** आंखों की रोशनी कम होना इन दिनों एक आम समस्या बनती जा रही है, जो बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के , हर उम्र के लोगों को प्रभावित कर रही है। आंखों की कमजोरी सिर्फ एक शारीरिक समस्या नहीं, बल्कि ये जीवन की गुणवत्ता पर भी गहरा असर डालती है। हर वर्ग के लोगों की आंखों के कमजोर होने के लिए कुछ कारण जिम्मेदार हैं जैसे मोबाइल, लैपटॉप, टीवी और टैबलेट जैसे डिजिटल स्क्रीन का ज्यादा इस्तेमाल करना, बॉडी में पोषक तत्वों की कमी होना, अनुवांशिक कारण, बढ़ती उम्र व कुछ बीमारियां जैसे मधुमेह की वजह से आंखों की रोशनी दिनों दिन कम होने लगती है।आजकल बच्चे से लेकर युवा व बुजुर्ग सभी ज्यादा से ज्यादा वक्त मोबाइल के साथ गुजारते हैं। लम्बे समय तक स्क्रीन के साथ रहने से आंखें थक जाती हैं और रोशनी धीरे-धीरे कम होने लगती है। बच्चों में व युवाओं में आंखों की रोशनी कम होने के लिए डाइट में पोषक तत्वों की कमी होना भी जिम्मेदार है। डाइट में जरूरी विटामिन जैसे विटामिन ए, सी, ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, व जिंक की कमी होने से आंखों की रोशनी कम होने लगती है और आंखों से धुंधला दिखाई देता है।यदि आप भी आंखों की घटती रोशनी से परेशान है,अखबार,किताब और मैसेज पढ़ने में दिक्कत होती है तो आप अपनी खुराक में कुछ ख़ास ड्राई फ्रूट का सेवन करें। कुछ ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने से बॉडी में जरूरी विटामिन की कमी पूरी होती है और आंखों को पोषण मिलता है। कुछ ड्राई फ्रूट का सेवन करने से आंखों को पोषण मिलता है और आंखों की रोशनी बढ़ती है।

### इन ड्राई फ्रूट का सेवन असरदार साबित होता है



- **बादाम :** बादाम विटामिन ई का एक अच्छा स्रोत है, जो आंखों को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से बचाने में मदद करता है। एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर ये मेवा आंखों की रोशनी बढ़ाता है बल्कि आंखों को स्वस्थ भी रखता है। बादाम खाने से उम्र से जुड़ी मैक्यूलर डिजनरेशन के खतरे को कम किया जा सकता है।
- **अखरोट :** अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है जो याददाश्त को तेज करता है और दिमाग को हेल्दी रखता है। ये आंखों को सही ढंग से काम करने में मदद करता है।
- **खुबानी :** स्वाद में खट्टी-मीठी सूखी खुबानी का सेवन करने से आंखों की रोशनी तेजी से बढ़ती है। ये बीटा-कैरोटीन का खजाना जो हमारी आंखों की रोशनी बढ़ाने में असरदार है। जिन लोगों की आंखें कमजोर है और आंखों से धुंधला दिखता है वो रोज खुबानी खाएं। इसका सेवन करने से आंखों की ड्राईनेस दूर होती है और आंखों में नमी बनी रहती है।
- **खजूर :** खजूर का स्वाद व गुण दोनों आपकी आंखों के लिए वरदान साबित होंगे। खजूर न केवल एनर्जी का नेचुरल स्रोत है बल्कि इसमें विटामिन ए व ल्यूटिन जैसे आवश्यक पोषक तत्व भी होते हैं जो आंखों की ओवर ऑल स्वास्थ्य को दुरुस्त करते हैं। खजूर में पाए जाने वाला फाइबर आंखों को स्वस्थ रखता है और दिल के लिए भी फायदेमंद है।
- **काजू :** एक मुट्ठी काजू का सेवन आँखों व अन्य अंगों के लिए लाभदायक है।

*लेकिन यदि आप गरीब हैं, और इन महँगे सूखे मेवों को खरीदने की स्थिति में नहीं हैं तब ऐसे अन्न व सीड्स का सेवन करें जिनमें इनके जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं।*

## भारत शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है : संयुक्त राष्ट्र अधिकारी

**यूनाइटेड नेशंस(आईएएनएस)**

पीस ऑपरेशन के अंडर-सेक्रेटरी जनरल जीन-पियरे लैक्रोइक्स के मुताबिक, शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध करने वालों को न्याय के कटघरे में लाने के अभियान का नेतृत्व करके भारत शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने गुरुवार को कहा, “शांति रक्षकों के खिलाफ अपराध के लिए जवाबदेही पर भारत की ओर से नेतृत्व” सैनिकों और पुलिस के योगदान से परे शांति स्थापना में एक महत्वपूर्ण योगदान है। भारत शांति रक्षकों के खिलाफ अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने हेतु 39 सदस्यीय मित्र समूह का नेता है, जिसकी स्थापना उसने 2022 में की थी। उसी वर्ष इसने सुरक्षा परिषद के माध्यम से एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें शांति अभियानों की मेजबानी करने वाले देशों से शांति रक्षकों पर हमलों की जांच करने और उन पर मुकदमा चलाने, उन देशों को दंड से निपटने के लिए मदद प्रदान करने और हमलों का संयुक्त राष्ट्र डेटाबेस बनाने का आह्वान किया गया।


इस साल अब तक हमलों में पांच शांति रक्षक मारे गए हैं।इस वर्ष नई दिल्ली में भारत द्वारा आयोजित महिला शांति रक्षकों के पहले सम्मेलन में मौजूद लैक्रोइक्स ने कहा कि महिला शांति रक्षकों की संख्या बढ़ाने के अलावा संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि नेतृत्व के पदों पर उनमें से अधिक संख्या में हों। उन्होंने कहा, “हम चाहते हैं कि फोर्स कमांडर्स के पदों के लिए अधिक वरिष्ठ महिला जनरल आवेदन करें।

### ट्रंप को टैरिफ मामले में मिली अस्थायी राहत

# इमर्जेंसी पावर कानून के तहत वसूली जारी रखने की दी मंजूरी

**एजेंसी। अमेरिका**

अमेरिका में टैरिफ मुद्दे के बीच, संघीय अपील अदालत ने गुरुवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत टैरिफ एकत्र करना जारी रखने की अनुमति दी, क्योंकि उनका प्रशासन उनकी आर्थिक नीतियों के बड़े हिस्से को रद्द करने के आदेश के खिलाफ अपील कर रहा है। संघीय सर्किट के लिए अपील न्यायालय ने ट्रंप प्रशासन की आपातकालीन याचिका को स्वीकार कर लिया, जिसमें तर्क दिया गया कि रोक लगाना देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अपील न्यायालय ने एक दिन पहले जारी संघीय व्यापार न्यायालय के आदेश को अस्थायी रूप से रोक दिया। ट्रंप कई मुकदमों का सामना कर रहे हैं, जिसमें तर्क दिया गया है कि उनके “मुक्ति दिवस” टैरिफ उनके अधिकार से परे थे और देश की व्यापार नीति को उनकी सनक पर निर्भर कर दिया। अमेरि की अंतर्राष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के तीन न्यायाधीशों के पैनल ने बुधवार को फैसला सुनाया कि ट्रंप ने 1977 के अंतर्राष्ट्री य आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम को लागू करके राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करके और दुनिया के लगभग हर देश से आयात पर कर - टैरिफ - लगाकर अपने अधिकार का अतिक्रमण किया।




## गाजा में इजराइली हमले से मची तबाही छुपते फिर रहे फिल्सतीनी

**इजराइल।** इजराइल ने उत्तरी गाजा के पांच और इलाकों में जबरन विस्थापन के आदेश जारी किए हैं। वह पट्टी की आबादी को एन्क्लेव के छोटे-छोटे इलाकों में दबाना जारी रखे हुए है। हमास वर्तमान में एक नए युद्धविराम प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है, जिसके बारे में अमेरिका का कहना है कि इस पर इजराइल ने हस्ताक्षर कर दिए हैं, लेकिन इसके मौजूदा स्वरूप में गाजा में और अधिक हत्याएं ही होंगी। मध्य गाजा में एक घर पर इजराइली हवाई हमले में 22 लोग मारे गए हैं, जिनमें नौ महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दीर अल-बलाह शहर में अल-अक्सा शहीद अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार यह हमला मध्य गाजा के शहरी शरणार्थी शिविर बुरेज में एक घर पर हुआ।

# अमेरिकी युद्धविराम प्रस्ताव फिलिस्तीनी मांगों पर खरा नहीं : हमास

**गाजा (आईएएनएस)**



हमास के एक वरिष्ठ नेता ने कहा है कि गाजा पट्टी में युद्ध रोकने के लिए अमेरिका का जो प्रस्ताव आया है, उस पर विचार किया जा रहा है। हालांकि, यह प्रस्ताव हमास और फिलिस्तीनी लोगों की मुख्य मांगों को पूरा नहीं करता। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, हमास के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य बासम नईम ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उन्हें अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ द्वारा पिछले हफ्ते दिए गए युद्धविराम प्रस्ताव पर इजरायल की प्रतिक्रिया मिल गई है। नईम के मुताबिक, इजरायल ने फिलिस्तीन की मुख्य मांगों को नहीं माना। इनमें लड़ाई को पूरी तरह खत्म करना और गाजा पर लगी पुरानी नाकेबंदी हटाना शामिल है। उन्होंने कहा कि यह प्रस्ताव युद्धविराम के दौरान भी इजरायल के कब्जे और लोगों की तकलीफों को जारी रहने देगा। नईम ने कहा, “इसके बावजूद हमास का नेतृत्व फिलिस्तीनी जनता के खिलाफ जारी हिंसा और मानवीय संकट को ध्यान में रखते हुए ज़िम्मेदारी के साथ इस प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।” हमास ने पहले कहा था कि उसे मध्यस्थों के जरिए नया युद्धविराम प्रस्ताव मिला है। वह इसका मूल्यांकन इस तरह कर रहा है कि यह फिलिस्तीनी लोगों के हितों की रक्षा करे और गाजा के लोगों के लिए स्थायी शांति और राहत लाने में मदद करे। हमास ने पहले कहा था कि वह विटकॉफ के साथ एक समझौते के “सामान्य ढांचे” पर सहमत हो गया है। इस समझौते का मकसद स्थायी युद्धविराम करना, इजरायल की गाजा से पूरी तरह वापसी सुनिश्चित करना, राहत सामग्री की आपूर्ति शुरू करना और हमास से एक स्वतंत्र फिलिस्तीनी समिति को सत्ता सौंपना है।